डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार | 25 जून 2026 | वर्ष-32, अंक-249, पृष्ठ-16
शुद्ध ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 11, संवत 2083 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: 61316/94

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 16

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

www.rastriyanaveenmail.com





डालटनगंज का तापमान

| मेदिनीनगर | गढ़वा |
|---|---|
| अधिक. 41.0° | अधिक. 41.2° |
| न्यून. 28.0° | न्यून. 31.5° |

## दृष्टिपात

### सिमडेगा में आठ हजार घूस लेते बीपीओ गिरफ्तार



**सिमडेगा।** केरसई थाना क्षेत्र में भ्रष्टाचार के विरुद्ध एसीबी की टीम ने बुधवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए शिक्षा विभाग के बीपीओ अनिल खलखो को 8000 घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर रांची ले गई। बताया गया कि केरसई की एक शिक्षिक रंजीत खाखा ने एसीबी को आवेदन देकर बीपीओ अनिल खलखो के विरुद्ध शिकायत दर्ज करवाए थे। जिसमें वादी शिक्षक ने एसीबी को बताया था कि विद्यालय में मध्याह्न भोजन के मद में अंडा एवं फलाहार खिलाने के लिए लगभग 1,25394 की राशि आवंटित की गई थी।

शेष पेज 15 पर...

### करीमनडीह में 10 शत्रु संपत्तियों की ई-नीलामी 3 जुलाई को

**हैदरनगर (पलामू)।** हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत मोकहर कला पंचायत के करीमनडीह में स्थित 10 शत्रु संपत्तियों की ई-नीलामी 3 जुलाई को की जाएगी। इस संबंध में अंचल अधिकारी संतोष कुमार ने जानकारी दी कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन शत्रु संपत्ति अभिरक्षक द्वारा देशभर की 27 अचल शत्रु संपत्तियों की ई-नीलामी एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि झारखंड के पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत मोकहर कला एवं करीमनडीह की 10 संपत्तियां भी इस प्रक्रिया में शामिल हैं। यह नीलामी शत्रु संपत्ति अधिनियम 1968 की धारा 8ए (संशोधित) के तहत की जा रही है, जिसके लिए केंद्र सरकार की पूर्व स्वीकृति प्राप्त है।

शेष पेज 15 पर...

## आज कल




स्वास्थ्य क्षेत्र में मानव संसाधन बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम

# 262 नव-चयनित अभ्यर्थियों को सीएम ने दिए नियुक्ति पत्र

- मुख्यमंत्री ने कहा-राज्य के समग्र विकास के लिए पर्याप्त मानवबल जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नव-चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुल 262 अभ्यर्थियों को औपचारिक रूप से नियुक्ति प्रदान की। इनमें झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा नव-चयनित 56 खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अंतर्गत संविदा आधारित 151 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, 29 वरिष्ठ अस्पताल प्रबंधक तथा 26 वित्त प्रबंधक शामिल हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी नव-नियुक्त अभ्यर्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक नागरिक को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर कार्यरत है। उन्होंने कहा कि राज्य के समग्र विकास के लिए सभी क्षेत्रों में पर्याप्त मानवबल आवश्यक है, और इसी दिशा में सरकार बड़े पैमाने पर नियुक्तियां कर रही है। मुख्यमंत्री ने नव-नियुक्त अभ्यर्थियों से अपेक्षा की कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन निष्ठा और ईमानदारी के साथ करते हुए आम जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करें।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है, जहां सदैव विभिन्न प्रकार की चुनौतियां बनी रहती हैं, चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र। उन्होंने कहा कि संसाधनों की उपलब्धता, विशेषज्ञ मानवबल, समय पर उपचार और आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ रखना जैसी अनेक चुनौतियां निरंतर सामने आती रहती हैं।

शेष पेज 15 पर...



### नव नियुक्त पदाधिकारियों को ईमानदारी से काम करने की सलाह

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विशेष रूप से स्वास्थ्य क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में स्वास्थ्य क्षेत्र में मानवबल को और मजबूत करने की आवश्यकता है, जिसे ध्यान में रखते हुए आने वाले समय में भी बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की जाएंगी। उनका कहना था कि सुदृढ़ स्वास्थ्य व्यवस्था किसी भी विकसित राज्य की आधारशिला होती है और सरकार इस दिशा में ठोस एवं प्रभावी कदम उठा रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आम नागरिकों को समय पर, सुलभ और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है, और इसे सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर कार्य किया जा रहा है। नव-नियुक्त पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपेक्षा की कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ करें, ताकि आम जनता को बेहतर और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें तथा राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सके।

## बंदियों से रूबरू हुए अधिकारी
# महिला वार्ड में बच्चों को बिस्किट-टॉफी वितरित



- बोर्ड ऑफ विजिटर व डालसा की संयुक्त टीम ने किया केंद्रीय कारा मेदिनीनगर का औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर बुधवार को बोर्ड ऑफ विजिटर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) की संयुक्त टीम ने केंद्रीय कारा मेदिनीनगर का औचक निरीक्षण किया। पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा के नेतृत्व में उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी, डालसा सचिव राकेश रंजन, व्यवहार न्यायालय के निबंधक कमल प्रकाश, सिविल सर्जन डॉ. अनिल श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चंद सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने जेल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने बैरक, महिला वार्ड, मुलाकाती सहायता केंद्र, मेडिकल वार्ड, रसोईघर, स्टोर रूम, पुस्तकालय, प्रिंटिंग प्रेस

शेष पेज 15 पर...

### महिला वार्ड में बच्चों ने जीता अधिकारियों का दिल

निरीक्षण के दौरान टीम ने महिला वार्ड में बंद महिला बंदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान पीडीजे श्रीराम शर्मा, उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, एसपी कपिल चौधरी एवं डालसा सचिव ने बच्चों को बिस्किट और टॉफी वितरित की। वहीं एक चार वर्षीय बच्चे ने कविता और अंग्रेजी वर्णमाला सुनाकर अधिकारियों का दिल जीत लिया। अधिकारियों को बताया गया कि बच्चों की पढ़ाई के लिए शिक्षक नियमित रूप से आते हैं तथा उन्हें दूध, अंडा, फल सहित पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाता है। इस अवसर पर प्रभारी कारापाल, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट पुष्कर राज, डालसा असिस्टेंट संजीव कुमार सिंह, पीएलवी आलोक केरकेटा, नीरज सिंह सहित बड़ी संख्या में बंदी उपस्थित थे।

मेडिकल सीट अलॉटमेंट और नामांकन में अनियमितता के आरोपों की जांच तेज

# रिम्स में मेडिकल दाखिले की जांच में जुटी सीआईडी, नामांकन प्रक्रिया के रिकॉर्ड खंगाले

**नवीन मेल संवाददाता**

- डीन कार्यालय समेत कई विभागों के दस्तावेज खंगाले गए



**रांची।** राजधानी रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में मेडिकल सीट अलॉटमेंट और नामांकन प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की जांच अब तेज हो गई है। मामले की जांच कर रही अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) की टीम बुधवार को रिम्स पहुंची और डीन कार्यालय समेत विभिन्न विभागों में उपलब्ध दस्तावेजों और अभिलेखों की जांच शुरू की। जांच एजेंसी नामांकन प्रक्रिया और टेंडर से जुड़े मामलों में हुई संभावित गड़बड़ियों की पड़ताल कर रही है।सीआईडी अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई पिछले शैक्षणिक सत्र में हुए दाखिलों से संबंधित शिकायतों के आधार पर की जा रही है। जांच के दौरान प्रवेश प्रक्रिया से जुड़े रिकॉर्ड, काउंसलिंग दस्तावेज, आवंटित सीटों का ब्यौरा तथा संबंधित प्रशासनिक फाइलों का अवलोकन किया जा रहा है। टीम यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि प्रवेश प्रक्रिया के दौरान निर्धारित नियमों और दिशा-निर्देशों का पालन किया गया था या नहीं।

शेष पेज 15 पर...

# चिनिया के जंगल में मिला जंगली हाथी का शव

- मौत के कारणों की जांच शुरू, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा राज
- डोली पत्थर जंगल के तालाब में कई दिन से पड़ा था शव

**नवीन मेल संवाददाता**



**चिनिया (गढ़वा)।** चिनिया थाना क्षेत्र के चिनिया-बेता मुख्य सड़क स्थित डोली पत्थर जंगल के एक तालाब से बुधवार सुबह जंगली हाथी का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना फैलते ही आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों के अनुसार हाथी की मौत चार से पांच दिन पहले हुई प्रतीत होती है। शव से दुर्गंध आने के कारण आशंका जताई जा रही है कि घटना कई दिन पुरानी है। हालांकि हाथी की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा अभी नहीं हो सका है।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। अधिकारियों ने बताया कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा हाथी का पोस्टमार्टम कराया जाएगा तथा आवश्यक नमूनों को जांच के लिए भेजा जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। जंगल में हाथी का शव मिलने की घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। वन विभाग पूरे मामले की गंभीरता से जांच में जुटा हुआ है।

# एसआईआर में प्रवासी न लें भाग : के रवि कुमार

- एसआईआर प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची शुद्धिकरण
- बीएलओ और बीएलए-2 सहयोग से पारदर्शिता सुनिश्चित

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने स्पष्ट किया है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पात्र भारतीय नागरिकों का सत्यापन और पंजीकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि भारत में रह रहे विदेशी नागरिक अथवा दूसरे देशों की नागरिकता प्राप्त कर चुके प्रवासी इस प्रक्रिया में भाग न लें। एसआईआर की पूरी प्रक्रिया त्रुटिरहित, पारदर्शी और समावेशी मतदाता सूची तैयार करने के लिए संचालित की जा रही है।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बुधवार को संथाल परगना दौरे के दूसरे दिन साहेबगंज जिले के सीमावर्ती प्रखंड बरहरवा स्थित प्लस-2 बरहरवा उच्च विद्यालय एवं सुदूरवर्ती आदिवासी बहुल प्रखंड सुंदर पहाड़ी में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट-2 (बीएलए-2) के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया में राजनीतिक दलों की सहभागिता और मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया की समीक्षा की।रवि कुमार ने कहा कि मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के समय पांच श्रेणियों एब्सेंट (अनुपस्थित), शिफ्टेड (स्थानांतरित), डेथ (मृत), डुप्लीकेट (दोहरे पंजीकरण) और रिफ्यूज टू साइन (हस्ताक्षर से इनकार) के मतदाताओं को शामिल नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 'रिफ्यूज टू साइन' श्रेणी के अंतर्गत दो प्रकार के मामले आते हैं।

पहली श्रेणी में वे मतदाता शामिल हैं जो भारत की मतदाता सूची में नाम दर्ज होने के बावजूद किसी अन्य देश में जाकर वहां की नागरिकता प्राप्त कर चुके हैं।

शेष पेज 15 पर...

# अब कलाकारों को भी मिलेगी चार हजार की मासिक पेंशन

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की संवेदनशील पहल

**नवीन मेल संवाददाता**

- झारखंड के वृद्ध, बीमार और दिव्यांग कलाकारों को होगा लाभ

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की संवेदनशील पहल एवं मार्गदर्शन में झारखंड सरकार ने राज्य के वृद्ध, गंभीर रूप से बीमार और स्थायी रूप से दिव्यांग कलाकारों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। राज्य सरकार ने "मासिक निवृत्तिका (कलाकार पेंशन) योजना" को स्वीकृति प्रदान की है।इस योजना के तहत चयनित पात्र कलाकारों को प्रतिमाह 4,000 की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। यह राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से लाभार्थियों के आधार से जुड़े बैंक खातों में सीधे भेजी जाएगी।कला-संस्कृति विभाग के निदेशक श्री आसिफ एकराम ने बताया कि यह योजना उन कलाकारों के लिए महत्वपूर्ण सहारा साबित होगी, जो उम्र, गंभीर बीमारी अथवा स्थायी दिव्यांगता के कारण आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल कलाकारों के जीवनभर के योगदान के प्रति राज्य सरकार के सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है।

शेष पेज 15 पर...

# सेल ने की नौसेना जहाजों के लिए रक्षा-ग्रेड स्टील की आपूर्ति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/नई दिल्ली।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने भारतीय नौसेना की सामरिक क्षमता को मजबूत करने में एक बार फिर महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस्पात मंत्रालय के अधीन महारत्न कंपनी SAIL ने भारतीय नौसेना में हाल ही में शामिल किए गए तीन अत्याधुनिक युद्धपोतों- उन्नत स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस, दूनागिरी, एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट आईएनएस अग्रय और सर्वेक्षण पोत (लार्ज) आईएनएस संशोधक के निर्माण के लिए 5,700 टन विशेष रक्षा-ग्रेड स्टील की आपूर्ति की है। इन तीनों अत्याधुनिक जहाजों को 21 जून को कोलकाता स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट पर आयोजित ऐतिहासिक समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारतीय नौसेना में शामिल किया गया।

सेल ने इन युद्धपोतों के निर्माण के लिए विशेष गुणवत्ता वाली डीएमआर 249 ए ग्रेड हॉट-रोल्ड शीट और प्लेट उपलब्ध कराई। कंपनी ने इस रक्षा-ग्रेड स्टील का उत्पादन और आपूर्ति अपने बोकारो, भिलाई और राउरकेला इस्पात संयंत्रों के माध्यम से की। यह SAIL की अत्याधुनिक तकनीकी क्षमता और देश की समुद्री सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



शेष पेज 15 पर...

**मानसून सुस्त** राज्य में अब तक सबसे बेहतर स्थिति रांची जिले की

# अब तक सामान्य से 58 प्रतिशत कम हुई बारिश

- डालटनगंज रहा सबसे गर्म, तापमान 41.2 डिग्री
- खरीफ फसलों की बुआई पर मौसम की मार
- आज 20 जिलों में बारिश और वज्रपात की संभावना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में इस वर्ष मानसून की रफ्तार बेहद धीमी बनी हुई है। राज्य में एक जून से 24 जून तक सामान्य के मुकाबले 58 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है, जिससे कई जिलों में सूखे जैसी स्थिति बनने लगी है। मौसम विभाग की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार राजधानी रांची को छोड़ अधिकांश जिलों में वर्षा का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। राज्य में अब तक सबसे बेहतर स्थिति रांची जिले की रही है। यहां सामान्य वर्षा की तुलना में केवल 13 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। रांची में इस अवधि के दौरान सामान्यतः 137.4 मिलीमीटर वर्षा होनी चाहिए थी, जबकि अब तक 119.6 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। इसके विपरीत राज्य के कई जिलों में वर्षा का भारी अभाव बना हुआ है।



सबसे चिंताजनक स्थिति गढ़वा और चतरा जिलों की बताई जा रही है, जहां सामान्य से काफी कम वर्षा हुई है। वर्षा की कमी का असर कृषि गतिविधियों पर भी पड़ने लगा है। किसान खरीफ फसलों की बुआई के लिए पर्याप्त बारिश का इंतजार कर रहे हैं, जबकि जलाशयों और छोटे जलस्त्रोतों में भी अपेक्षित जलभराव नहीं हो पाया है।

हालांकि, मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम में बदलाव की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार, गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार जिलों को छोड़कर राज्य के शेष 20 जिलों में गरज-चमक के साथ वर्षा होने तथा कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक वर्षा गुमला जिले के रायडीह क्षेत्र में 71.4 मिलीमीटर दर्ज की गई। यह राज्य में इस अवधि की सर्वाधिक वर्षा रही।

शेष पेज 15 पर...

### जमशेदपुर में गर्मी और उमस का असर

अन्य प्रमुख शहरों में जमशेदपुर का अधिकतम तापमान **38 डिग्री** और न्यूनतम **25.4 डिग्री** सेल्सियस दर्ज किया गया। डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान **41.2 डिग्री** और न्यूनतम **27.6 डिग्री** सेल्सियस रहा। बोकारो में अधिकतम तापमान **34.5 डिग्री** तथा न्यूनतम **26.2 डिग्री** सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं चाईबासा में अधिकतम तापमान **36.8 डिग्री** और न्यूनतम तापमान **24.6 डिग्री** सेल्सियस दर्ज किया गया।

## हुसैनाबाद में पूर्व सैनिकों ने शुरू की कारगिल विजय दिवस की तैयारी

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद (पलामू)।** आगामी 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस को भव्य रूप से मनाने को लेकर पूर्व सैनिक सेवा परिषद की हुसैनाबाद इकाई ने तैयारी शुरू कर दी है। इसको लेकर परिषद के कार्यालय परिसर में बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों ने कार्यालय भवन की जर्जर स्थिति पर चिंता जताई। छत में दरारें होने से पानी का रिसाव हो रहा है, जबकि बाउंड्री वॉल टूटी होने के कारण असामाजिक तत्व परिसर में प्रवेश कर रहे हैं। इस वर्ष कार्यक्रम में स्कूली बच्चे, एनसीसी कैडेट्स, वीर नारियां, पेंशनर्स और गणमान्य लोगों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने परिसर का निरीक्षण कर मरम्मत और सहयोग का आश्वासन दिया। पूर्व सैनिकों ने उनके सहयोग के लिए आभार जताया।

# ग्रामीणों की सतर्कता से चोरी की बड़ी वारदात नाकाम, एक आरोपी गिरफ्तार

- बोलेरो से दो मोटर लेकर फरार हुए साथी

नवीन मेल संवाददाता




**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के बराही गांव में बीती मध्य रात्रि ग्रामीणों की सतर्कता से मोटर चोरी की बड़ी वारदात विफल हो गई। चोरी की नीयत से पहुंचे एक युवक को ग्रामीणों ने रंगेहाथ पकड़ लिया और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि उसके दो साथी दो मोटर लेकर बोलेरो वाहन से फरार होने में सफल रहे। जानकारी के अनुसार, गांव में लगे पानी के मोटरों की चोरी की कोशिश की जा रही थी। इसी दौरान ग्रामीणों ने संदिग्ध गतिविधियां देखीं और शोर मचाते हुए मौके पर पहुंच गए। इस दौरान भाग रहे एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। पकड़े गए युवक ने पूछताछ में अपना नाम सुधीर कुमार यादव (22 वर्ष), पिता अवधेश यादव, निवासी कचनपुर, छतरपुर बताया। उसने स्वीकार किया कि वह अपने अन्य साथियों के साथ चोरी की घटना में शामिल था, जो दो मोटर लेकर बोलेरो वाहन से फरार हो गए। ग्रामीणों ने लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस से सख्त कार्रवाई और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है।

**आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी**

सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए युवक को थाना ले जाया गया। पुलिस उससे गहन पूछताछ कर रही है तथा उसके बयान के आधार पर फरार आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है।

## खादी भंडार के पास जला ट्रांसफार्मर ठीक हुआ, बिजली आपूर्ति बहाल

**हुसैनाबाद।** शहर के खादी भंडार के समीप दो दिन पूर्व जला 200 केवीए का ट्रांसफार्मर बिजली विभाग ने बदल दिया है। विभाग की ओर से मंगलवार को नया 200 केवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया, जिसके बाद बुधवार सुबह से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। बिजली आपूर्ति शुरू होते ही आसपास के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। ज्ञात हो कि ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण आसपास के उपभोक्ताओं को पिछले दो दिनों से बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा था।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण में तेजी लाने का निर्देश, बीएलओ को दिया प्रशिक्षण

- लोकतंत्र को मजबूत बनाने पर जोर, बीडीओ ने दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता




**सतबरवा।** प्रखंड सभागार में पांकी विधानसभा क्षेत्र के बीएलए-2 के तहत 21 बूथों के जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा के साथ दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने बूथ क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने और नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, त्रुटियों का सुधार कराने तथा मृत या स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटाने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल होना चाहिए, इसके लिए घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सुझाव भी लिए गए और पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समयबद्ध कार्य पर जोर दिया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष संदीप कुमार, चंचल यादव, अनुज चंद्रवंशी सहित विभिन्न बूथों के जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मोहर्रम की सातवीं का जुलूस शांतिपूर्ण संपन्न

**हैदरनगर।** मंगलवार देर शाम मोहर्रम की सातवीं का जुलूस पूरी अकीदत और शांतिपूर्ण माहौल में निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने अलम के साथ भाग लिया और "या हुसैन" के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। जुलूस मुख्य मस्जिद, बाजार चौक, मेन रोड और बस स्टैंड होते हुए विभिन्न इलाकों से गुजरा, जिसके बाद श्रद्धालु अपने-अपने चौकों की ओर लौट गए। जुलूस में समाजसेवी सज्जू खान, अशरफ हसन, फुजैल अहमद, इरशाद अहमद, ताबिश फुजैल, दानिश हुसैन, रॉबिन हुसैन, डॉ. अमीनुल हक अंसारी, शमीम राईन सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी तंजीलुल मन्नान के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा।

## पशु एंबुलेंस बनी पशुपालकों का सहारा एक घंटे में घायल गाय का सफल उपचार

- समय पर उपचार मिलने से पशु की स्थिति में सुधार

नवीन मेल संवाददाता



**हैदरनगर (पलामू)।** झारखंड सरकार की टोल-फ्री नंबर 1962 पशु चिकित्सा एंबुलेंस सेवा ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों के लिए वरदान साबित हो रही है। यह सेवा आपात स्थिति में पशुओं को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। हैदरनगर प्रखंड के गोल्हना गांव निवासी पशुपालक दीपक सिंह की गाय घायल हो जाने पर उन्होंने 1962 टोल-फ्री नंबर पर सहायता मांगी। जानकारी के अनुसार, गाय चरने के दौरान खेत में बनी दरार में पैर फंस जाने से गंभीर रूप से घायल हो गई थी। सूचना मिलते ही लगभग एक घंटे के भीतर पशु चिकित्सा एंबुलेंस गांव पहुंच गई। एंबुलेंस में मौजूद पशु चिकित्सक डॉ. संतन यादव ने मौके पर ही घायल गाय की जांच कर उपचार शुरू किया। उन्होंने दर्द निवारक दवाएं देने के बाद घायल पैर में प्लास्टर कर प्राथमिक उपचार पूरा किया। समय पर उपचार मिलने से पशु की स्थिति में सुधार हुआ। पशुपालक दीपक सिंह ने सेवा के लिए पशुपालन विभाग और 1962 एंबुलेंस सेवा के प्रति आभार जताया। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे पशुपालकों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

## वीकेएस एग्रीफार्म किसानों के लिए बना वरदान




नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** खरीफ सीजन में किसानों की लागत कम करने और उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से वीकेएस एग्रीफार्म प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ने महत्वपूर्ण पहल की है। कंपनी अपने सदस्य किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर धान और अरहर के उच्च गुणवत्ता वाले बीज तथा खाद उपलब्ध करा रही है। कंपनी के निदेशक प्रिय रंजन सिंह ने बताया कि सब्बौर कृषि विश्वविद्यालय, भागलपुर के तकनीकी सहयोग से राजेन्द्र श्वेता आधार धान बीज का उत्पादन कराया गया है, जो अधिक उपज देने वाली उन्नत किस्म है। कंपनी वर्तमान में लगभग 200 एकड़ क्षेत्र में धान, अरहर और अन्य बीजों का उत्पादन कर रही है और 'थ्री-टर्न फार्मिंग' मॉडल को बढ़ावा दे रही है। 25 किलोग्राम धान बीज का पैकेट 511 रुपये में उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसकी दर 20.45 रुपये प्रति किलोग्राम है। डीएपी और यूरिया खाद भी किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर दी जा रही है। किसानों ने इस पहल को खेती की लागत कम करने और आय बढ़ाने में सहायक बताया है।

## 501 दीपों की रोशनी में अमर शहीद युगम्बर दीक्षित को नमन, कारगिल चौक पर उमड़ा जनसैलाब

**शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा, दीप यज्ञ और माल्यार्पण के साथ वीर सपूत को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि**

नवीन मेल संवाददाता



**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** कारगिल युद्ध के अमर शहीद युगम्बर दीक्षित के 27वें शहादत दिवस पर लेस्लीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत जगतपुरवा स्थित कारगिल चौक श्रद्धा, राष्ट्रभक्ति और सम्मान के भाव से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा, माल्यार्पण तथा 501 दीपों के भव्य दीप यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर शहीद को नमन किया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिकों, पूर्व सैनिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवाओं ने शहीद युगम्बर दीक्षित की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि शहीद का जीवन राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यनिष्ठा और वीरता का अनुपम उदाहरण है, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। गौरतलब है कि पलामू जिले के भदुमा गांव निवासी युगम्बर दीक्षित ने 23 जून 1999 को कारगिल युद्ध के दौरान टाइगर हिल पर दुश्मनों से लोहा लेते हुए मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। मात्र 21 वर्ष की आयु में उनका बलिदान पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पूर्व प्रमंडलीय अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के महासचिव बृजेश शुक्ला ने कहा कि शहीद युगम्बर दीक्षित केवल पलामू ही नहीं, बल्कि पूरे देश के गौरव हैं, जिनका त्याग और बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। संध्या बेला में हरिद्वार से आए गायत्री शक्तिपीठ परिवार के आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भव्य दीप यज्ञ संपन्न कराया गया। 501 दीप प्रज्वलित कर शहीद को श्रद्धांजलि दी गई, जिससे पूरा कारगिल चौक राष्ट्रभक्ति के प्रकाश से आलोकित हो उठा। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर हम पार्टी के जिला अध्यक्ष आशुतोष तिवारी, चतरा सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश दुबे, संजू शुक्ला, राकेश शर्मा, ओम श्रीवास्तव, सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, पूर्व सैनिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने शहीद युगम्बर दीक्षित के आदर्शों पर चलने और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया।

## मुख्य नहर में आज से पानी छोड़े जाने की संभावना नहीं, किसान चिंतित



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज (पलामू)।** आर्द्रा नक्षत्र के बावजूद इस वर्ष भीमबराज से मुख्य नहर में निर्धारित समय पर पानी छोड़े जाने की संभावना नहीं दिख रही है। सामान्यतः 25 जून से नहर में पानी छोड़ा जाता है, लेकिन इस बार स्थिति अनिश्चित बनी हुई है। कोयल नदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण भीमबराज में जल संग्रहण अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच सका है। इसी कारण नहर संचालन प्रभावित हुआ है। इससे सबसे अधिक परेशानी उन किसानों को हो रही है, जिन्होंने आर्द्रा नक्षत्र के साथब धान की बुआई और बिचड़ा तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। अब पानी उपलब्ध न होने से खेती कार्य प्रभावित होने की आशंका है। सूत्रों के अनुसार, नहर रिमॉडलिंग का कार्य कर रही एजेंसी द्वारा अभी तक इसे जल संसाधन विभाग को हस्तांतरित नहीं किया गया है। वहीं 15 जून के बाद भी कार्य जारी रहने से पानी छोड़े जाने की प्रक्रिया बाधित हुई है। हुसैनाबाद और औरंगाबाद क्षेत्र के किसान, जिनके पास सिंचाई के वैकल्पिक साधन नहीं हैं, बारिश पर निर्भर होकर चिंतित नजर आ रहे हैं।

## नगर पंचायत बैठक का बहिष्कार, उपाध्यक्ष व पार्षदों ने लगाए जनविरोधी एजेंडे के आरोप

नवीन मेल संवाददाता




**हुसैनाबाद (पलामू)।** नगर पंचायत हुसैनाबाद की मासिक बोर्ड बैठक बुधवार को हंगामे की भेंट चढ़ गई। उपाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी और 15 वार्ड पार्षदों ने बैठक का बहिष्कार करते हुए एजेंडे को जनविरोधी बताया। पार्षदों का आरोप है कि बैठक में जिन प्रस्तावों को रखा गया, उनमें जनता की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं को समाप्त करने की बात शामिल थी। पार्षदों ने कहा कि ये सभी योजनाएं जनता की बुनियादी जरूरतें हैं और इन्हें समाप्त करने का प्रस्ताव पूरी तरह गलत है। इसके अलावा पार्षदों ने आरोप लगाया कि पूर्व में पारित निर्णयों को भी लागू नहीं किया गया है। 18 अप्रैल 2026 की बैठक में हर वार्ड में दो सफाई कर्मी देने का निर्णय लिया गया था, लेकिन अब तक उस पर अमल नहीं हुआ। बहिष्कार के बाद सभी पार्षद उपाध्यक्ष कार्यालय में एकत्र हुए और आगे की रणनीति पर चर्चा की।

## आदिम जनजाति इलाकों की बदहाली पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, बीडीओ को सौंपा मांगपत्र

नवीन मेल संवाददाता



**सतबरवा।** आदिम जनजाति बहुल गांवों में मूलभूत सुविधाओं की बदहाल स्थिति को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीण प्रखंड कार्यालय पहुंचे और प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी विजय कुमार को ज्ञापन सौंपकर लंबे समय से लंबित समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जिला परिषद सदस्य पति अजय उरांव एवं सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने किया। ग्रामीणों ने कहा कि सतबरवा प्रखंड की लगभग 10 पंचायतों में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग की बड़ी आबादी निवास करती है, लेकिन सरकारी योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर अपेक्षित रूप से नहीं पहुंच पा रहा है। ज्ञापन में रबदा पंचायत के ठेमी और सलैया गांव का विशेष उल्लेख किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि ये दोनों गांव आदर्श ग्राम योजना में शामिल होने के बावजूद आज भी सड़क, स्वच्छ पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। परहिया समुदाय के लोगों को आज भी पगडंडी के सहारे आवागमन करना पड़ रहा है और पीने के पानी के लिए नदी-चुआंड़ी पर निर्भर रहना पड़ता है। उनका आरोप है कि प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोगों को बार-बार प्रखंड कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिससे आम जनता को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। मांगपत्र में मलय डैम की मरम्मत का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग छह माह से डैम क्षतिग्रस्त है, जिससे करीब 105 गांवों के किसान सिंचाई संकट का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों ने पूरे प्रखंड में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने और नल-जल योजना की खामियों को दूर करने की भी मांग की। बीडीओ सह सीओ विजय कुमार ने ज्ञापन प्राप्त करते हुए कहा कि सभी बिंदुओं की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि जनसमस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी। ग्रामीणों की उपस्थिति मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक करमचंद साहू, सुधीर साहू, बैजू भुइयां, धर्मेंद्र भुइयां, खरीदन भुइयां, सीमा देवी, गौरी देवी, मालती देवी सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष ग्रामीण मौजूद थे।

### नशा मुक्ति अभियान के तहत छात्र-छात्राओं की निकली जागरूकता रैली

## 'नशा छोड़ो, भविष्य संवारो' नारों से गूंजा पोषक क्षेत्र

- विद्यार्थियों ने किया गांवों का भ्रमण

नवीन मेल संवाददाता




**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएमश्री राजकीयकृत स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने स्टेशन रोड, किशुनडीह, एतवार बाजार, शिलापर, बीचलाडीह और राजनडीह सहित आसपास के गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने "नशा छोड़ो, भविष्य संवारो" और "नशे की राह अंधेरी है, इससे दूर रहना ही समझदारी है" जैसे नारों से पूरे क्षेत्र को गूंजायमान कर दिया। भीषण गर्मी के बावजूद विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। इसमें शिक्षक रिजवान शाहिद, इश्तियाक अहमद निहाल, प्रियहित कुमार सोनी, सुषमा कुमारी, विजय राम, दशरथ राम और हेमंत कुमार उपस्थित रहे।

**इस अभियान का उद्देश्य समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना है : प्रधानाध्यापक**

प्रधानाध्यापक ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार 15 से 27 जून तक नशा मुक्ति अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें प्रभात फेरी, रैली, निबंध, स्लोगन लेखन, पेंटिंग और नाटक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना है, ताकि युवा बेहतर और स्वस्थ भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें।

## न फुट ओवरब्रिज और न ही शेड निर्माण कार्य पूर्ण, यात्रियों की परेशानी बरकरार

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की कमी को लेकर यात्रियों में नाराजगी देखी जा रही है। रांची-नई दिल्ली गरीब रथ एक्सप्रेस के ठहराव के बाद यात्रियों की संख्या में वृद्धि हुई है, लेकिन बुनियादी सुविधाएं अब भी अधूरी हैं। स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत आधुनिक भवन, बेहतर प्रकाश व्यवस्था और थर्ड लाइन विस्तारीकरण का कार्य पूरा कर दिया गया है। इसके बाद स्टेशन की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो अब सालाना दो करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। इसके बावजूद पिछले दो वर्षों से फुट ओवरब्रिज और प्लेटफॉर्म शेड का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। फुट ओवरब्रिज नहीं होने के कारण यात्रियों को एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने में कठिनाई होती है, खासकर जब मालगाड़ी खड़ी रहती है। वहीं प्लेटफॉर्म शेड का काम अधूरा रहने से यात्रियों को गर्मी, धूप और बारिश में भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। सीमित शेड क्षेत्र के कारण कई यात्रियों को खुले में ही खड़ा रहना पड़ता है। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से जल्द से जल्द फुट ओवरब्रिज और शेड निर्माण कार्य पूरा करने की मांग की है, ताकि स्टेशन पर बुनियादी सुविधाओं की कमी दूर हो सके और यात्रा सुरक्षित व सुविधाजनक बन सके।

# जमीन विवाद में चाचा पर गोली चलाने वाला भतीजा गिरफ्तार

- पुलिस ने मुख्य आरोपी प्रीतम तिवारी को दबोचा, घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बारालोटा निवासी ठेकेदार संजय तिवारी उर्फ गुड्डु तिवारी पर गोली चलाने के मामले में पलामू पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी एवं घायल ठेकेदार के भतीजे प्रीतम तिवारी को बुधवार सुबह हवाई अड्डा क्षेत्र के समीप से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया गया है।

बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने बताया कि 20 जून को जीएलए कॉलेज गेट के समीप अष्टभुजी मंदिर के सामने 50 वर्षीय संजय तिवारी पर जानलेवा हमला किया गया था। मामले में उनके भतीजे प्रीतम तिवारी पर गोली चलाकर हत्या का प्रयास करने का आरोप है। एसपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में दोनों पक्षों के बीच करीब 22.5 डिसमिल जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चलने की बात सामने आई है। इसी रंजिश के कारण आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था।

एसआईटी ने तकनीकी साक्ष्यों और सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान प्रीतम तिवारी ने पुलिस को बताया कि घटना में इस्तेमाल किया गया हथियार उसने रांची से खरीदा था। पुलिस अब हथियार उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति और इससे जुड़े संभावित नेटवर्क की भी जांच कर रही है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है तथा अन्य पहलुओं की भी गहन पड़ताल की जा रही है। प्रेस वार्ता में एसडीपीओ राजेश यादव, शहर थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कारगिल के अमर शहीद युगम्बर दीक्षित को 501 दीपों से दी गई श्रद्धांजलि

- शहादत दिवस पर माल्यार्पण, दीप यज्ञ और राष्ट्रभक्ति से सराबोर हुआ कारगिल चौक

**नवीन मेल संवाददाता**



**लेस्लीगंज (पलामू)।** कारगिल युद्ध के अमर शहीद युगम्बर दीक्षित के 27वें शहादत दिवस पर मंगलवार को लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के जगतपुरवा स्थित कारगिल चौक में श्रद्धांजलि सभा, माल्यार्पण और दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं और गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

पलामू जिले के भदुमा गांव निवासी युगम्बर दीक्षित ने 23 जून 1999 को कारगिल युद्ध के दौरान टाइगर हिल पर दुश्मनों से मुकाबला करते हुए मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। महज 21 वर्ष की आयु में देश के लिए प्राण न्योछावर करने वाले इस वीर सपूत की शौर्यगाथा आज भी युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करती है। शहादत दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पूर्व प्रमंडलीय महासचिव बृजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि शहीद युगम्बर दीक्षित केवल पलामू ही नहीं, बल्कि पूरे देश के गौरव हैं। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले वीर जवानों के त्याग और बलिदान के कारण ही देश सुरक्षित है और ऐसे वीर सपूतों की शहादत सदैव स्मरणीय रहेगी।

संध्या में हरिद्वार से आए गायत्री शक्तिपीठ परिवार के तत्वावधान में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भव्य दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान 501 दीप प्रज्ज्वलित कर शहीद युगम्बर दीक्षित को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दीपों की जगमगाहट से पूरा कारगिल चौक राष्ट्रभक्ति और श्रद्धा के वातावरण से आलोकित हो उठा। कार्यक्रम में अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया।

# जेएसएलपीएस के रक्तदान शिविर में कर्मियों ने दिखाई मानव सेवा की मिसाल




- दो दिवसीय अभियान के तहत 100 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य, पहले दिन उत्साह के साथ हुआ रक्तदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार 24 एवं 25 जून को आयोजित दो दिवसीय रक्तदान अभियान के तहत बुधवार को जिला कार्यालय, पलामू में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य सभी जिलों में न्यूनतम 100 यूनिट रक्त संग्रह के लक्ष्य को प्राप्त करने के साथ-साथ समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। शिविर के पहले दिन जिला कार्यालय, विभिन्न प्रखंडों तथा प्रदान संस्था के कर्मियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीता सी. केरकेट्टा ने स्वयं रक्तदान कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंद लोगों को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने सभी स्वस्थ लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। रक्तदान करने वालों में जिला कार्यालय के नवल किशोर राजू एवं शेखर लाल, प्रदान संस्था के प्रिंस सिंह, रुचिका सिंह, सुनील कुमार (बीपीओ), लॉरेंस लकड़ा (बीपीएम, सतबरवा), कुमारी नम्रता (बीपीएम, मनातू), सुमित कुमार (बीपीएम, रामगढ़) तथा यतीन्द्र ज्योति (बीपीएम, पाटन) सहित अन्य कर्मी शामिल रहे। जेएसएलपीएस की ओर से बताया गया कि रक्तदान शिविर 25 जून को भी जारी रहेगा। दूसरे दिन विभिन्न प्रखंडों के कर्मियों के साथ-साथ सामुदायिक कैडर भी रक्तदान में भाग लेंगे। संस्था का उद्देश्य रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ लोगों में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

# सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने को शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर चला अभियान

**मेदिनीनगर।** सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को पलामू जिले के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान छहमुहान चौक, शाहपुर बस एवं टेंपो स्टैंड, बैरिया चौक तथा रेडमा चौक पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले तथा ट्रिपल राइडिंग करने वाले दोपहिया चालकों को फूलों की माला पहनाकर प्रतीकात्मक ढंग से जागरूक किया गया। उन्हें संदेश दिया गया कि यदि वे अपनी सुरक्षा के प्रति लापरवाह रहेंगे और हेलमेट का उपयोग नहीं करेंगे, तो भविष्य में उनकी तस्वीर पर ही माला चढ़ाने की नौबत आ सकती है। इस अनोखी पहल के माध्यम से सुरक्षित वाहन संचालन और हेलमेट के महत्व को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा सेल के सदस्यों एवं पुलिस पदाधिकारियों ने हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग, ड्रिंक एंड ड्राइव सहित अन्य यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही नियमों की अनदेखी से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं और उनके दुष्परिणामों से भी लोगों को अवगत कराया गया।

# चैनपुर में तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर का शुभारंभ

- पात्र लाभुक योजनाओं से वंचित न रहें, अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर कराएं पंजीकरण : सांसद वीडी राम



**मेदिनीनगर/चैनपुर।** पलामू के चैनपुर प्रखंड परिसर में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर का शुभारंभ पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने किया। शिविर के माध्यम से केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभुकों का पंजीकरण किया जा रहा है। इस अवसर पर सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि यह शिविर उन पात्र लाभार्थियों के लिए आयोजित किया गया है, जो किसी कारणवश अब तक सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले सके हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्य घर, पीएम स्वनिधि, लखपति दीदी तथा वीबी-जी-राम जी समेत विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपना पंजीकरण कराएं।

सांसद ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए देशभर में 58 करोड़ से अधिक जनधन खाते खोले गए हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब परिवारों को पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर जल मिशन, स्वच्छ भारत अभियान और उज्ज्वला योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी शहरी क्षेत्रों जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। जनसमस्याओं के समाधान और जनकल्याण के मुद्दों को लेकर वे लगातार संसद में आवाज उठाते रहे हैं और आगे भी प्रयास जारी रहेगा। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल सिंह, जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, अंचलाधिकारी सत्यम कुमार, शशिभूषण पांडेय, निजी सचिव अलख दुबे, लोजपा नगर अध्यक्ष शशांक सुमन, मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह, ईश्वरी प्रसाद, श्रवण गुप्ता, शंभू पासवान, भोला पांडेय, अविनाश कुमार सिन्हा, मनीष पांडेय, पंकज तिवारी, विजय शर्मा, किशन माखड़िया, सुदेश्वर चौधरी, शंकर साव, श्रवण चौधरी सहित बड़ी संख्या में लाभुक एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डॉ. रामेश्वर उरांव से मिले बिट्टू पाठक, संगठन विस्तार और जनसमस्याओं पर हुई चर्चा

- कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाने पर दिया गया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के राज्य सचिव एवं पूर्व जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष, पूर्व वित्त मंत्री एवं लोहरदगा विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।

मुलाकात के दौरान बिट्टू पाठक ने पलामू सहित जिले में कांग्रेस संगठन की गतिविधियों, सदस्यता अभियान, संगठन विस्तार और जनसरोकार से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं की सक्रियता, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और आम लोगों की समस्याओं को मजबूती से उठाने के लिए कार्यकर्ता लगातार सक्रिय हैं। युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ-साथ बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। साथ ही डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं से भी डॉ. उरांव को अवगत कराया गया।

इस अवसर पर डॉ. रामेश्वर उरांव ने संगठन को मजबूत बनाने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने अनुशासन और जनहित के मुद्दों पर निरंतर संघर्ष करने पर बल देते हुए कार्यकर्ताओं से जनता के बीच सक्रिय रहने और उनकी समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का आह्वान किया।

# सिक्की कर्बला में मुहर्रम की सातवीं पर अकीदतमंदों ने की चादरपोशी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुहर्रम-उल-हराम की सातवीं तारीख पर सदर थाना और पाटन थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित सिक्की कर्बला में अकीदत और एहतराम के साथ चादरपोशी एवं फातेहा ख्वानी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिक्की, खनवा और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में अकीदतमंद कर्बला पहुंचे और हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए मुल्क, समाज और क्षेत्र में अमन-चैन, भाईचारे तथा खुशहाली की दुआ मांगी। चादरपोशी के बाद श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों के समीप स्थित कदमी चौक पर फातेहा और नियाज का आयोजन किया। इस मौके पर हाजी अनवर अहमद के कदमी चौक पर विशेष फातेहा ख्वानी का कार्यक्रम संपन्न हुआ। बताया गया कि यह क्षेत्र का सबसे पुराना कदमी चौक है, जहां हर वर्ष मुहर्रम के अवसर पर अकीदतमंद जुटकर इबादत और दुआ करते हैं। पूरे गांव में मुहर्रम की रस्मों के दौरान धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। लोगों ने हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानी को याद करते हुए इंसानियत, सब्र और इंसाफ के उनके पैगाम को नमन किया। खनवा मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदस्यों ने कहा कि मुहर्रम केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि सत्य, न्याय, धैर्य और मानवता के मूल्यों का संदेश देने वाला अवसर है। उन्होंने कहा कि खनवा गांव में मुहर्रम की सभी रस्में कदमी चौक पर पारंपरिक तरीके से संपन्न की जाती हैं और यहां किसी प्रकार का जुलूस नहीं निकाला जाता। कमेटी की ओर से जिलेवासियों से मुहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। साथ ही डीजे और तेज ध्वनि वाले साउंड सिस्टम से परहेज करते हुए पारंपरिक तरीके से पर्व मनाने का आग्रह किया गया।

# जीएलए कॉलेज में नुक्कड़ नाटक के जरिए दिया गया नशामुक्ति का संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गणेश लाल अग्रवाल (जीएलए) कॉलेज, मेदिनीनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई-1 एवं 2 के तत्वावधान में चल रहे "नशा मुक्त भारत सप्ताह" (17 से 26 जून) के अंतर्गत बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जसबीर बग्गा के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सृष्टि एंड ग्रुप्स द्वारा "नशा मुक्त भारत" विषय पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों को यह समझाने का प्रयास किया कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. जसबीर बग्गा ने कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। महाविद्यालय की बर्सर डॉ. विभा शंकर ने विद्यार्थियों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज में जन-जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. बीरेंद्र कुमार ने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे की लत से बचाना और समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना है। उन्होंने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले स्वयंसेवकों की सराहना की। कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं सृष्टि, प्रियांशु, सृष्टि कुमारी, स्नेहलता, रोशनी कुमारी, रुक्सार खातून, तनु कुमारी, अदिति गुप्ता, संजना पांडेय, नीतू कुमारी, निशा कुमारी, पीयूष पाठक, प्रियांशु तिवारी एवं आर्यन पांडेय ने सक्रिय भूमिका निभाई। बीएड विभाग के संगीत शिक्षक संतोष मिश्र का भी कार्यक्रम में विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवकों एवं शिक्षकों ने नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# अंतर्राष्ट्रीय जीत-कुने डो चैम्पियनशिप में संत मरियम के छह खिलाड़ी दिखाएंगे दम

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** मुंबई के अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, आजाद नगर में 27 और 28 जून को आयोजित होने वाली 24वीं अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स जीत-कुने डो चैम्पियनशिप में संत मरियम विद्यालय के छह खिलाड़ी पलामू का प्रतिनिधित्व करेंगे। ग्लोबल वर्ल्ड स्पोर्ट्स जीत-कुन्डो डू फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत समेत 15 देशों के मार्शल आर्ट्स खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता के लिए संत मरियम विद्यालय से सचिन कुमार गुप्ता, दुर्गेश चौधरी, अक्ष राज, विवेक सिंह और राजा कुमार का चयन किया गया है। वहीं, संत मरियम किड्स विद्यालय के आदित्य सोम्या गुप्ता भी इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। चयनित सभी खिलाड़ी पिछले कई दिनों से विशेष प्रशिक्षण और नियमित अभ्यास में जुटे हुए हैं। मुख्य मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षक क्योशी डॉ. संतोष कुमार के नेतृत्व में खिलाड़ियों का दल बुधवार को मुंबई के लिए रवाना हुआ। हरियाणा के प्रशिक्षक शिहान अनिस्टर यादव टीम मैनेजर के रूप में खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे।

विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संत मरियम विद्यालय के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का चयन विद्यालय, पलामू और झारखंड के लिए गौरव का विषय है। उन्हें विश्वास है कि सभी खिलाड़ी अपनी प्रतिभा, अनुशासन और मेहनत के बल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले और राज्य का नाम रोशन करेंगे।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष विकास और जनकल्याण के स्वर्णिम अध्याय : देवेश तिवारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** राज्य स्तरीय दिशा समिति (झारखंड) के सदस्य देवेश तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, सामाजिक न्याय और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि जनधन योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, डिजिटल इंडिया और स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाओं से करोड़ों लोगों को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि झारखंड को भी केंद्र सरकार की योजनाओं का विशेष लाभ मिला है। देवघर एम्स, देवघर हवाई अड्डा, राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा ऊर्जा, स्वास्थ्य और डिजिटल अवसंरचना से जुड़ी कई परियोजनाओं ने राज्य के विकास को नई गति दी है। देवेश तिवारी ने कहा कि जनजातीय समाज के उत्थान के लिए पीएम-जनमन, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के विस्तार तथा भगवान बिरसा मुंडा जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने जैसे कदम ऐतिहासिक हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास, सामाजिक समरसता और गरीब कल्याण के नए आयाम स्थापित करते हुए निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

# प्राकृतिक खेती को अपनाने से बढ़ेगी आय और सुधरेगा स्वास्थ्य : सांसद

- पाटन के सोनपुरवा में कृषक गोष्ठी में किसानों से संवाद, जैविक खेती की संभावनाओं पर दिया जोर



**मेदिनीनगर/पाटन।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने बुधवार को पाटन प्रखंड की नावाखास पंचायत अंतर्गत पोखरिया गांव के सोनपुरवा टोला में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित "प्राकृतिक/जैविक खेती : अवसर एवं संभावनाएं" विषयक कृषक गोष्ठी में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों से संवाद करते हुए परंपरागत एवं जैविक खेती को समय की आवश्यकता बताया।

सांसद ने कहा कि भूमि की घटती उर्वरता, जल प्रदूषण और बढ़ते स्वास्थ्य जोखिमों से निपटने के लिए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना आवश्यक है। यह खेती रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने के साथ मिट्टी की गुणवत्ता को पुनर्जीवित करती है और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखते हुए शुद्ध एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराती है।

उन्होंने कहा कि पलामू जैसे क्षेत्रों में, जहां छोटे और सीमांत किसानों की संख्या अधिक है, प्राकृतिक खेती आर्थिक दृष्टि से भी लाभकारी है। इसमें महंगे रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों की आवश्यकता नहीं पड़ती। किसान गोबर, केंचुआ खाद और स्थानीय संसाधनों के उपयोग से कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। सांसद ने बताया कि जैविक खाद और फसल चक्र अपनाने से मिट्टी की नमी और सूक्ष्म पोषक तत्वों का प्राकृतिक संरक्षण होता है। साथ ही परंपरागत कृषि पद्धति सूखा और मौसम में बदलाव जैसी परिस्थितियों का भी बेहतर ढंग से सामना कर सकती है। उन्होंने कहा कि रासायनिक अवशेषों से मुक्त फसलें स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होती हैं तथा बाजार में इनकी मांग और कीमत भी अधिक मिलती है। उन्होंने परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई) का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार किसानों को जैविक प्रमाणीकरण और आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करा रही है। इस अवसर पर सांसद ने उन्नत वैज्ञानिक पद्धति एवं प्राकृतिक तरीके से तैयार की गई सब्जियों की फसलों का अवलोकन किया और कृषि विभाग के अधिकारियों तथा किसानों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान नावाखास के मुखिया मनोज कुमार ने क्षेत्र की खराब विद्युत आपूर्ति एवं मोबाइल नेटवर्क की समस्या से सांसद को अवगत कराया। इस पर सांसद ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल कुमार सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, ईश्वरी पांडेय, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विजय कुशवाहा, जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार वर्मा, निजी सचिव अलख दुबे, कृषि वैज्ञानिक कौशल झा एवं विनोद कुमार पांडेय, कृषक रवि प्रसाद, मुखिया मनोज कुमार, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।


**संवाददाता के रूप में बनाइए शानदार करियर**

1994 से डाल्टनगंज और 1999 से रांची से लगातार प्रकाशित दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल को दोनों संस्करणों के लिए मुख्यालय जिला और प्रखंड स्तर पर समाचारों की समझ रखने वाले जुझारू पत्रकारों और ट्रेनी युवा पत्रकारों की आवश्यकता है। पूर्ण विवरण,आधार कार्ड,अनुभव और फोटो के साथ इमेल करें। संपूर्ण पत्राचार पूर्णत: गोपनीय रहेगा। समय पर उचित सम्मानजनक पारिश्रमिक और विज्ञापनों के लिए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

**प्रधान संपादक**
hr.rnmail@gmail.com

### 28 जून को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान

# जिले के 3.05 लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

## उपायुक्त ने शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

● 29 और 30 जून को चलेगा घर-घर अभियान

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान-2026 को सफल बनाने के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की तैयारियों, लक्ष्य और कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शत-प्रतिशत सफलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को 28 जून को स्वयं क्षेत्र भ्रमण कर पोलियो बूथों का निरीक्षण करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि जिले का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। उन्होंने सिविल सर्जन को विशेष मॉनिटरिंग टीम गठित कर अभियान की नियमित निगरानी करने का भी निर्देश दिया। सिविल सर्जन डॉ. जॉन एफ. कैनेडी ने बताया कि जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 3,05,630 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 1,369 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। साथ ही 49 ट्रांजिट टीमें, 31 मोबाइल टीमें और 267 पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। अभियान के तहत बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अन्य आवागमन वाले स्थानों पर भी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी, जबकि मोबाइल टीमें दूरदराज के क्षेत्रों में पहुंचकर छूटे हुए बच्चों को कवर करेंगी। उन्होंने बताया कि 28 जून को पोलियो दिवस के रूप में बूथों पर बच्चों को खुराक दी जाएगी, जबकि 29 और 30 जून को घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई जाएगी। बैठक में सदर अस्पताल के उपाधीक्षक, डीपीएम स्वास्थ्य गौरव कुमार समेत स्वास्थ्य विभाग के सभी संबंधित अधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

> **0-5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को हर बार पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं : उपायुक्त**
>
> उपायुक्त पशुपति नाथ मिश्रा ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि भारत पोलियो मुक्त देश है, लेकिन दुनिया के कुछ हिस्सों में यह बीमारी अब भी मौजूद है। ऐसे में प्रत्येक अभिभावक अपने 0-5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को हर बार पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं और इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं।

## बतों कला में भीषण अगलगी बाइक समेत हजारों की संपत्ति राख



नवीन मेल संवाददाता

**केतार (गढ़वा)।** केतार थाना क्षेत्र के बतों कला गांव में मंगलवार देर रात अचानक लगी आग से एक खपरैल मकान पूरी तरह जलकर खाक हो गया। घटना में घर में खड़ी अपाची मोटरसाइकिल, राशन, कपड़े, बर्तन और अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गए। जानकारी के अनुसार, ओमप्रकाश यादव के घर में रात करीब 12 बजे आग लग गई। परिवार के सदस्य उस समय सो रहे थे। आग की लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सामूहिक प्रयास से पानी और बालू डालकर आग पर काबू पाया। ग्रामीणों की तत्परता से आग को अन्य घरों तक फैलने से रोक लिया गया। हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक क्षति हुई है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पीड़ित परिवार ने अंचलाधिकारी प्रशांत कुमार को आवेदन देकर मुआवजा और सरकारी सहायता की मांग की है।

## एसडीपीओ के नेतृत्व में चंदवा में सद्भावना समिति का गठन

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द, आपसी भाईचारा एवं सामाजिक समरसता को मजबूत करने के उद्देश्य से इंदिरा गांधी चौक स्थित पथ निर्माण विश्रामागार में प्रबुद्धजनों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व लातेहार एसडीपीओ संदीप कुमार गुप्ता ने किया। बैठक में विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोग, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बुद्धिजीवी शामिल हुए। इस दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने, अफवाहों से बचने और आपसी सहयोग बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीपीओ संदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि चंदवा की पहचान आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता के लिए रही है, जिसे बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सद्भावना समिति समाज के विभिन्न वर्गों के बीच समन्वय स्थापित करेगी और किसी भी स्थिति में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करेगी।

## दृष्टिपात

### आजादी के 78 साल बाद भी अंधेरे में दातुखाड़




**महुआडांड़।** प्रखंड की परहाटोली पंचायत अंतर्गत दातुखाड गांव में 23 आदिम जनजाति परिवार आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। जिला परिषद सदस्य एस्टेला नागेसिया और प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर के दौरे के बाद गांव की बदहाली सामने आई है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में आज तक उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन नहीं पहुंचा है। महिलाएं आज भी लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाने को मजबूर हैं, जिससे स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। पेयजल की स्थिति भी बेहद खराब है। गांव में न चापाकल है, न जलमीनार, जिसके कारण ग्रामीण 2 किलोमीटर दूर झरना-चुआं से पानी लाने को मजबूर हैं। गर्मी में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। सबसे बड़ी समस्या बिजली की है। गांव में एक भी बिजली का खंभा नहीं पहुंचा है। बच्चे लालटेन की रोशनी में पढ़ाई करते हैं और मोबाइल चार्ज करने के लिए ग्रामीणों को 5 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। इसके अलावा मोबाइल नेटवर्क की अनुपलब्धता के कारण आपात स्थिति में संपर्क करना भी मुश्किल हो जाता है। सड़क का आधा हिस्सा बना है, लेकिन 500 मीटर हिस्सा आज भी कच्चा है, जिससे एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाती। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सभी योजनाओं उज्जवला गैस, हर घर नल जल, बिजली, सड़क और मोबाइल नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

### एसआईआर को लेकर कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक



**लातेहार।** परिसदन भवन में कांग्रेस पार्टी की ओर से एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, जिला प्रभारी निरंजन पासवान तथा रामचंद्र सिंह शामिल हुए। बैठक में एसआईआर से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझने और जरूरतमंद लोगों की सहायता करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में बना रहना जरूरी है। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर एसआईआर प्रक्रिया की पूरी जानकारी के साथ काम करना होगा, ताकि किसी भी योग्य मतदाता को परेशानी न हो। उन्होंने घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने और सहयोग प्रदान करने की अपील की। जिला प्रभारी निरंजन पासवान ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से न कटे, इसके लिए सभी सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में जिला अध्यक्ष कामेश्वर यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अग्निकांड पीड़ित परिवार से मिले पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही

**केतार (गढ़वा)।** भवनाथपुर के पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही ने बुधवार को केतार प्रखंड के बत्तो गांव पहुंचकर अग्निकांड से प्रभावित ओमप्रकाश यादव के परिवार से मुलाकात की। मंगलवार की देर रात घर में लगी आग से परिवार को भारी आर्थिक क्षति हुई है। हालांकि, राहत की बात यह रही कि घटना के समय घर में मौजूद सभी सदस्य सुरक्षित बाहर निकल आए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। पूर्व विधायक ने पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली और आग से हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।

## शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण मिलना झारखंड के लिए गौरव : विजयालक्ष्मी देवी

नवीन मेल संवाददाता




**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी संगम भारत राष्ट्रीय कला सेवा संस्थान की प्रदेश अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी ने कहा कि झारखंड के निर्माता, झामुमो के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन को भारत सरकार द्वारा मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया जाना पूरे झारखंड के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए बाबा द्वारा किए गए आजीवन संघर्ष को राष्ट्र की सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे झारखंडवासियों के सम्मान का प्रतीक है।

## राशन कार्ड में कथित गड़बड़ी का आरोप, पीडीएस डीलर के खिलाफ उपायुक्त से शिकायत

### बिना जानकारी आधार संख्या बदलकर राशन उठाव करने का आरोप, जांच शुरू

नवीन मेल संवाददाता



**खरौंधी (गढ़वा)।** खरौंधी प्रखंड के चौरिया गांव निवासी नंदू चौधरी ने स्थानीय जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) विक्रेता के खिलाफ राशन कार्ड में कथित अनियमितता और फर्जीवाड़े का आरोप लगाते हुए गढ़वा उपायुक्त को आवेदन सौंपकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उनकी दिवंगत पत्नी कौशल्या देवी के नाम से जारी अंत्योदय राशन कार्ड संख्या 202000017309 में बिना परिवार की जानकारी के आधार संख्या बदल दी गई और लंबे समय से किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से सरकारी राशन का उठाव किया जा रहा है। इससे उनका परिवार खाद्य सुरक्षा योजना के लाभ से वंचित रहा। नंदू चौधरी ने संबंधित पीडीएस विक्रेता मुनी देवी एवं उनके पति मनदीप साह के खिलाफ निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और सरकारी नुकसान की भरपाई की मांग की है। आवेदन की प्रतिलिपि अनुमंडल पदाधिकारी श्रीबंशीधर नगर तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी खरौंधी को भी भेजी गई है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद जांच शुरू कर दी गई है तथा संबंधित डीलर से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आर्केस्ट्रा विवाद के बाद टूटी शादी मुखिया समेत 14 लोगों पर प्राथमिकी

### मारपीट के बाद बिना दुल्हन लिए लौट गई थी बारात, पुलिस जांच में जुटी

नवीन मेल संवाददाता




**केतार।** थाना क्षेत्र के बांसडीह गांव के बीघा टोला में शादी समारोह के दौरान आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में हुए विवाद और मारपीट के मामले में पुलिस ने परसोडीह पंचायत की मुखिया और उनके पति समेत 14 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। दूल्हे के पिता दशरथ राम की शिकायत पर दर्ज मामले में मुखिया बसंती देवी, उनके पति कलेंदर पासवान, भानू पासवान और विष्णु पासवान को नामजद आरोपी बनाया गया है, जबकि 10 अन्य लोगों को अज्ञात अभियुक्त बनाया गया है। बताया गया कि जयमाल के बाद आयोजित आर्केस्ट्रा कार्यक्रम के दौरान विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट में कई लोग घायल हो गए और शादी की रस्में पूरी नहीं हो सकीं। इसके बाद बारात बिना दुल्हन लिए लौट गई। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## छात्राओं को नशामुक्ति, साइबर अपराध और बाल विवाह के प्रति किया गया जागरूक

**भंडारिया (गढ़वा)।** भंडारिया प्रखंड के प्रोजेक्ट कन्या विद्यालय में बुधवार को डीएसपी रोहित रंजन के नेतृत्व में नशामुक्ति, बाल विवाह निषेध और साइबर अपराध से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव, साइबर ठगी से बचाव और बाल विवाह के कानूनी एवं सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। इस दौरान भंडारिया थाना प्रभारी सुभाष कुमार पासवान, ग्राम स्वराज संस्थान की सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता पूर्णिमा कच्छप, रेखा कुजूर, शिक्षक बीरेंद्र तिवारी तथा शिक्षिका सिलमणी वेंगरा समेत विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## राजीव कुमार ने संभाला बड़गढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी का पदभार



नवीन मेल संवाददाता

**बड़गढ़।** बड़गढ़ प्रखंड के नए प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में बुधवार को राजीव कुमार ने पदभार ग्रहण किया। वर्तमान अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश भूषण सिंह ने उन्हें बुके भेंट कर स्वागत किया और विधिवत प्रभार सौंपा। इस अवसर पर राकेश भूषण सिंह ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों और कर्मियों के सहयोग से कार्यकाल के दौरान उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं, नए बीडीओ राजीव कुमार ने कहा कि सभी के सहयोग से सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने लोगों के विश्वास पर खरा उतरने का भरोसा दिलाया। मौके पर प्रमुख शांति देवी, उप प्रमुख दीपिका खलखो, मुखिया जंगलीपति लकड़ा, बिनको टोप्पो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नशा मुक्ति अभियान में महिलाओं ने संभाली कमान

नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** झारखंड सरकार के नशा मुक्ति अभियान के तहत बुधवार को केतार प्रखंड कार्यालय सभागार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जेएसएलपीएस से जुड़ी महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्याओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ प्रशांत कुमार ने कहा कि नशा समाज के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। इसके खिलाफ जनजागरण में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे परिवार और समाज को सकारात्मक दिशा देने की क्षमता रखती हैं। बीपीएम अरविंद कुमार पासवान ने कहा कि नशा आर्थिक, सामाजिक और मानसिक रूप से परिवारों को कमजोर करता है। इससे मुक्ति के लिए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। इस दौरान महिलाओं ने "नशा छोड़ो, परिवार बचाओ" और "स्वस्थ जीवन अपनाओ" जैसे नारों के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सुरेश कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम, संजय वर्मा, उदय प्रसाद समेत बड़ी संख्या में महिला समूह की सदस्याएं और प्रखंडकर्मी मौजूद थे।

## नशामुक्ति के संदेश के साथ निकली प्रभात फेरी, छात्रों ने किया जागरूकता का आह्वान

नवीन मेल संवाददाता




**भवनाथपुर (गढ़वा)।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद और जिला शिक्षा पदाधिकारी गढ़वा के निर्देश पर बुधवार को राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय भवनाथपुर द्वारा निषिद्ध मादक पदार्थों के खिलाफ जागरूकता प्रभात फेरी निकाली गई। व्याख्याता सह नोडल अधिकारी सुशील कुमार के नेतृत्व में आयोजित रैली में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय मैदान से शुरू हुई प्रभात फेरी खरौंधी मोड़ तक पहुंची और पुनः विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने "नशे को ना, जिंदगी को हां" सहित कई जागरूकता नारे लगाए। रैली का नेतृत्व छात्रा मदीना प्रवीण ने किया। रैली के बाद आयोजित कार्यक्रम में नोडल अधिकारी सुशील कुमार ने कहा कि नशे की शुरुआत अक्सर जिज्ञासा से होती है, जो आगे चलकर गंभीर लत का रूप ले सकती है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के साथ संवाद बनाए रखने और उनकी गतिविधियों पर नजर रखने की अपील की। उन्होंने बताया कि 25 जून को विद्यालय में नशामुक्ति विषयक विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में व्याख्याता मोहम्मद मोकारिम, अनय कुमार गुप्ता, कुसुम कुमारी कुजूर, प्रशांत कुमार तिवारी, विकास कुमार, मोहम्मद फैज, मनोज कुमार, सुमन कुमार निराला सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सघन वाहन जांच अभियान में 42 वाहनों पर कार्रवाई, 4.47 लाख रुपये जुर्माना

● डीटीओ के नेतृत्व में चतरा-सिमरिया-टंडवा मार्ग पर चली जांच, यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्ती

नवीन मेल संवाददाता

**सिमरिया (चतरा)।** सड़क सुरक्षा नियमों के प्रभावी अनुपालन को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी महेश्वरी प्रसाद यादव के नेतृत्व में मंगलवार देर शाम चतरा-सिमरिया-टंडवा मुख्य मार्ग के विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान ओवरस्पीड, ओवरलोडिंग, ड्राइविंग लाइसेंस, परमिट, टैक्स, रॉन्ग पार्किंग सहित मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के विभिन्न प्रावधानों की जांच की गई। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करते पाए गए 42 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 4 लाख 47 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी महेश्वरी प्रसाद यादव ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। वाहन चालकों से निर्धारित गति सीमा का पालन करने, सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने तथा सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने की अपील की गई, ताकि दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

### मोहर्रम को लेकर नगर ऊंटारी पुलिस का फ्लैग मार्च

## संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ाई गई निगरानी, अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी नजर

नवीन मेल संवाददाता




**श्री बंशीधर नगर।** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार की शाम नगर ऊंटारी पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। आगामी शुक्रवार को निकलने वाले ताजिया, अखाड़ा और मातमी जुलूस को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार आजाद के नेतृत्व में निकला फ्लैग मार्च बिशुनपुर, चचेरिया, जंगीपुर, पाल्हे कलां समेत विभिन्न संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरा। इस दौरान लोगों से भाईचारा बनाए रखने और पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई। फ्लैग मार्च में रमना थाना प्रभारी आकाश कुमार, बिशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में पुलिस जवान शामिल थे।

> **आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई दल (क्यूआरटी) को सक्रिय रखा गया है : थाना प्रभारी**
>
> थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। जुलूस मार्गों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल और दंडाधिकारियों की तैनाती की जाएगी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई दल (क्यूआरटी) को सक्रिय रखा गया है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट और अफवाह फैलाने वालों पर साइबर सेल की विशेष नजर रहेगी।

## ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार



- एनडीपीएस एक्ट के तहत न्यायिक हिरासत में
- गश्ती के दौरान पुलिस की बड़ी कार्रवाई, मोबाइल फोन भी बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को 20 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मंगलवार (23 जून 2026) की शाम बघेरी क्षेत्र में चतरा–हजारीबाग मुख्य सड़क किनारे की गई।

जानकारी के अनुसार, गश्ती दल को एक युवक संदिग्ध अवस्था में सड़क किनारे घूमता दिखा। पुलिस वाहन को देखते ही वह भागने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसका पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रिजवान अंसारी (19 वर्ष), पिता इरफान अंसारी, निवासी दुवारी, थाना गिद्धौर बताया। मौके पर अंचलाधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से सफेद कागज में लिपटा लगभग 20 ग्राम ब्राउन शुगर तथा एक मोटोरोला कंपनी का स्मार्टफोन बरामद हुआ। बरामद मादक पदार्थ को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में गिद्धौर थाना कांड संख्या-75/26 दर्ज कर एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

छापेमारी दल में अंचलाधिकारी अनंत शयनम विश्वकर्मा, थाना प्रभारी पुलकेशम अग्निहोत्री, सअनि विद्यानंद शर्मा तथा थाना रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

# कार ने हाईवा वाहन को मारी टक्कर, चाचा की मौत, भतीजा रेफर

- बालूमाथ में दर्दनाक सड़क हादसा, 15 मिनट एनएच जाम

**नवीन मेल संवाददाता**



**बालूमाथ।** बुधवार को लातेहार जिले के बालूमाथ पांकी मोड़ स्थित सौरभ ढाबा के पास सड़क हादसे में चतरा सहादत चौक निवासी मो. जुल्फेकार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनका 15 वर्षीय भतीजा मो. कोनैन गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, दोनों रांची से चतरा लौट रहे थे, तभी बालूमाथ सौरभ ढाबा के पास सड़क किनारे खड़ी हाईवा में पीछे से उनकी कार जोरदार टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जुल्फेकार को मृत घोषित कर दिया। घायल भतीजे को प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर किया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने कुछ समय के लिए एनएच जाम कर दिया, जिससे यातायात बाधित हो गया। हालांकि थाना प्रभारी और स्थानीय समाजसेवियों के हस्तक्षेप के बाद लगभग 15 मिनट में जाम हटा लिया गया।

स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे खड़े भारी वाहनों पर कार्रवाई और बेहतर यातायात व्यवस्था की मांग की है।

# जिला समन्वय समिति की बैठक में योजनाओं की समीक्षा, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश

- पीडीएस में ई-केवाईसी, आयुष्मान कार्ड और पीएम-किसान कार्यों में तेजी लाने पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन की स्थिति तथा लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक की शुरुआत जन शिकायत निवारण से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा से हुई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, क्योंकि आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद जनसेतु पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों और उन पर की गई कार्रवाई की प्रखंडवार समीक्षा की गई। कई प्रखंडों में लंबित मामलों पर असंतोष व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने अधिकारियों को शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने और पोर्टल पर अद्यतन प्रविष्टि नियमित रूप से करने का निर्देश दिया।

आपूर्ति विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों में खाद्यान्न वितरण के साथ-साथ सभी लाभुकों का ई-केवाईसी कार्य अनिवार्य रूप से पूरा कराया जाए। साथ ही पात्र लाभुकों का आयुष्मान कार्ड निर्माण सुनिश्चित करने के लिए प्रज्ञा केंद्र संचालकों (वीएलई) एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने को कहा गया। कृषि विभाग की समीक्षा में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के लंबित कार्यों पर विशेष चर्चा हुई। जिले में 12,854 किसानों का ई-केवाईसी, 2,653 का आधार सीडिंग तथा 191 का लैंड सीडिंग कार्य लंबित पाया गया। उपायुक्त ने इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया तथा संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की बात कही। बैठक में लघु सिंचाई, ग्रामीण कार्य, पेयजल एवं स्वच्छता, पथ निर्माण, विद्युत आपूर्ति, वन, नगर निकाय, जेएसएलपीएस, समाज कल्याण और स्वास्थ्य विभाग सहित सभी प्रमुख विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुंचे, इसके लिए सभी विभागों को समन्वित रूप से कार्य करना होगा। बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, अपर समाहर्ता सलमान जफर खिजरी, अनुमंडल पदाधिकारी दिनेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, बीडीओ और सीओ उपस्थित थे।

## सिकनी में सुरंग बनाकर हो रहे अवैध कोयला उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई

- खनन विभाग और चंदवा पुलिस की संयुक्त छापेमारी, जेसीबी से बंद किए गए सुरंगों के मुहाने

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकनी के समीप अवैध कोयला उत्खनन के खिलाफ जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। खनन विभाग और चंदवा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी अभियान चलाकर सुरंग बनाकर की जा रही रैट-होल माइनिंग की आठ अवैध खदानों को चिन्हित कर पूरी तरह बंद कर दिया।

जांच के दौरान टीम को विभिन्न स्थानों पर सुरंगनुमा संरचनाएं मिलीं, जिनके माध्यम से अवैध रूप से कोयले का उत्खनन किया जा रहा था। तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी सुरंगों के मुहानों को जेसीबी मशीन से मिट्टी भरकर डोजरिंग कर दिया गया, ताकि दोबारा अवैध खनन शुरू न हो सके।

जिला खनन पदाधिकारी नदीम शफी ने बताया कि अवैध कोयला उत्खनन, परिवहन और भंडारण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की रैट-होल माइनिंग अत्यंत खतरनाक है, जिसमें जहरीली गैसों का रिसाव, सुरंग धंसने और पानी भरने जैसी गंभीर दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है, विशेषकर बरसात के मौसम में।

छापेमारी अभियान में खान निरीक्षक पद्मलोचन ओहदार, सहायक अवर निरीक्षक राजू कुमार दास तथा सिकनी पुलिस पिकेट के सशस्त्र बल शामिल थे।

उपायुक्त संदीप कुमार ने कहा कि अवैध खनन में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को लगातार निगरानी और अभियान तेज करने का निर्देश दिया है।

## एसआईआर को लेकर पर्यवेक्षक और बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम 2026 को लेकर बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों का विस्तृत प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ अमित कुमार पासवान ने की। प्रशिक्षण में सभी बीएलओ को घर-घर जाकर इन्यूमरेशन फॉर्म वितरण, डेटा संग्रहण और मतदाता सूची मैपिंग की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि 30 जून से घर-घर सत्यापन अभियान शुरू किया जाएगा। बीडीओ ने कहा कि यह सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है कि कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो। उन्होंने सभी कर्मियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन मतदाताओं का नाम पूर्व एसआईआर सूची में दर्ज है, उन्हें अतिरिक्त दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं होगी। साथ ही गलत मैपिंग से बचने और विसंगति (एनोमली) से संबंधित मामलों को गंभीरता से लेने की हिदायत दी गई। बैठक में एमओ भूपेश पाठक, निर्वाचन शाखा कंप्यूटर ऑपरेटर आकाश राज, नोडल पदाधिकारी सहित सभी बीएलओ एवं पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

## पीएम श्री मध्य विद्यालय कोटाम में शिक्षकों की कमी से शिक्षा व्यवस्था प्रभावित

**लातेहार।** पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय कोटाम में शिक्षकों की भारी कमी के कारण शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। विद्यालय में कक्षा केजी से आठवीं तक कुल 290 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं, लेकिन वर्तमान में केवल तीन शिक्षक ही नियमित रूप से पढ़ाई करा रहे हैं। प्रधानाध्यापक प्रसाद बैठा ने बताया कि एक शिक्षक विजय कुमार नवंबर से अनुपस्थित हैं, जिसके कारण उनका वेतन भी स्थगित कर दिया गया है। वहीं, शिक्षा प्रसार पदाधिकारी गारू द्वारा शिक्षक रॉबर्ट केरकेट्टा का स्थानांतरण डोमाखाड़ विद्यालय में कर दिया गया है, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। प्रधानाध्यापक ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में छात्रों को मात्र तीन शिक्षकों के भरोसे पढ़ाना अत्यंत कठिन है और इससे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। उन्होंने आग्रह किया कि रॉबर्ट केरकेट्टा की पुनः कोटाम विद्यालय में पदस्थापना की जाए तथा अतिरिक्त शिक्षकों की व्यवस्था की जाए। उन्होंने उपायुक्त संदीप कुमार से भी हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को सुधारने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं, ताकि बच्चों का भविष्य प्रभावित न हो।

## कस्तूरबा विद्यालय में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान, रैली निकालकर दिलाई गई शपथ

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नशा मुक्ति को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व वार्डन रीना कुमारी ने किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वार्डन ने बताया कि नशा केवल व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज का विनाश करता है। शराब, सिगरेट, गुटखा एवं अन्य नशीले पदार्थ व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि नशे की लत से व्यक्ति अवसाद, तनाव, आक्रामकता और मानसिक असंतुलन जैसी समस्याओं का शिकार हो जाता है, जिससे पारिवारिक रिश्ते कमजोर हो जाते हैं और सामाजिक प्रतिष्ठा भी गिरती है। इसके बाद विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से "नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो" जैसे नारों के साथ लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों ने सामूहिक रूप से नशा मुक्त समाज बनाने की शपथ ली और संकल्प लिया कि वे अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में शिक्षण बिंदु पोद्दार सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## लातेहार व्यवहार न्यायालय में कर्मियों को दिया गया अग्निशमन प्रशिक्षण

**लातेहार।** व्यवहार न्यायालय परिसर में तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों के लिए अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान फायर एक्सटिंग्विशर के उपयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन भी कराया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेष नाथ सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने कहा कि न्यायालय परिसर, कर्मियों और आगंतुकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। आग जैसी आपात स्थिति में सही तरीके से अग्निशमन यंत्रों का उपयोग करना अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण में कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, सुरक्षा उपाय और बचाव तकनीकों की जानकारी दी गई। न्यायिक पदाधिकारियों सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नौनिहालों के भविष्य से खिलवाड़ विद्यालय से शिक्षक नदारद

- लेवाड़ गांव के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में 3 दिन से ताला, मध्याह्न भोजन भी ठप, ग्रामीणों में आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के लेवाड़ गांव स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय पिछले तीन दिनों से बंद है, जिससे बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार प्रतिदिन बच्चे समय पर स्कूल पहुंचते हैं, लेकिन विद्यालय बंद मिलने पर उन्हें बिना पढ़ाई के ही वापस लौटना पड़ता है। इससे नौनिहालों का भविष्य प्रभावित हो रहा है और अभिभावकों में गहरी चिंता देखी जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यह स्थिति पहली बार नहीं है। विद्यालय में अक्सर समय पर संचालन नहीं होता और शिक्षक नियमित रूप से अनुपस्थित रहते हैं।

आरोप है कि शिक्षक विद्यालयीय कार्यों की बजाय निजी कार्यों में व्यस्त रहते हैं, जिससे शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि पिछले तीन दिनों से मध्यान्ह भोजन योजना भी बंद है। इसके कारण गरीब एवं वंचित वर्ग के बच्चों को भोजन नहीं मिल पा रहा है, जिससे अभिभावकों में नाराजगी और अधिक बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बीआरपी और सीआरपी द्वारा नियमित निरीक्षण नहीं किए जाने पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि निरीक्षण व्यवस्था कमजोर होने के कारण शिक्षकों की मनमानी बढ़ती जा रही है और विद्यालयों में अनुशासन खत्म होता जा रहा है। स्थानीय लोगों ने शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय का नियमित संचालन सुनिश्चित कराया जाए तथा लापरवाह शिक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। इस संबंध में संबंधित शिक्षक ने बताया कि वे सीएल लेकर इलाज के लिए चतरा सदर अस्पताल में थे, इसी कारण विद्यालय बंद रहा। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी स्थिति बार-बार उत्पन्न होती है और इसका स्थायी समाधान जरूरी है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किशोर कुमार ने कहा कि मामले की जानकारी उन्हें प्राप्त नहीं थी। शिकायत मिलने के बाद जांच कराई जाएगी और यदि आरोप सही पाए गए तो संबंधित शिक्षकों से स्पष्टीकरण लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# 50 साल से बदहाल सड़क, विकास के दावों की खुली पोल! बिछियाबांध के ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

- मनिका प्रखंड के गांव में आज भी जर्जर सड़क, मरीजों को खाट पर ढोने की मजबूरी

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** सरकार के विकास दावों के बीच मनिका प्रखंड मुख्यालय से मात्र 8 किलोमीटर दूर जूंगुर पंचायत के बिछियाबांध गांव की जमीनी हकीकत बेहद चिंताजनक है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव की सड़क पिछले लगभग 50 वर्षों से जर्जर अवस्था में है और आज तक इसका पक्कीकरण नहीं हो सका।

गांव तक पहुंचने वाली सड़क पर केवल बिखरे हुए पत्थर हैं, जो अब पूरी तरह टूट-फूट चुके हैं। बरसात के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब पूरी सड़क कीचड़ और गहरे गड्ढों में बदल जाती है। ऐसे में पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है।

ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन चुनाव समाप्त होते ही गांव की समस्याएं भुला दी जाती हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि विधायक रामचंद्र सिंह ने भी सड़क निर्माण का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्य नहीं हुआ।

सड़क की बदहाली का सबसे गंभीर असर स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि गांव में कोई बीमार पड़ जाए तो एंबुलेंस का पहुंचना मुश्किल हो जाता है। कई बार मरीजों को खाट या अन्य साधनों से मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है, जिससे जान का खतरा बढ़ जाता है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि सड़क की कमी के कारण गांव का समग्र विकास प्रभावित हो रहा है। उन्होंने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से तत्काल सड़क निर्माण कराने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## दृष्टिपात

### मोहर्रम के नाम पर संभ्रांत नागरिकों को नोटिस तुगलकी फरमान : प्रतुल शाहदेव



**चंदवा।** झारखंड भाजपा के मुख्य प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने लातेहार जिला प्रशासन द्वारा मोहर्रम के अवसर पर बीएनएसएस की धारा 126 के तहत बड़ी संख्या में नागरिकों को नोटिस जारी कर बंधपत्र एवं जमानतदार प्रस्तुत करने के निर्देश को दुर्भाग्यपूर्ण और एकतरफा बताया है। उन्होंने कहा कि चंदवा थाना क्षेत्र में जिन लोगों को नोटिस दिया गया है, उनमें कई ऐसे सम्मानित नागरिक शामिल हैं जिनका किसी भी प्रकार की आपराधिक पृष्ठभूमि नहीं है। ऐसे लोगों को संभावित उपद्रवी मानकर नोटिस जारी करना उनके सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि बिना ठोस आधार के सामान्य नागरिकों को इस प्रकार परेशान करना प्रशासनिक शक्ति का दुरुपयोग है। इससे समाज में भय और असुरक्षा का माहौल बनता है तथा लोगों की प्रतिष्ठा प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है, लेकिन निर्दोष नागरिकों का उत्पीड़न किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने उपायुक्त लातेहार से मांग की कि ऐसे मामलों की तत्काल समीक्षा कर निर्दोष लोगों के नाम नोटिस सूची से हटाए जाएं।

### परीक्षाओं की बदहाली, बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था पर कांग्रेस ने जताई चिंता

**लातेहार।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सोनाल शांति ने देश में परीक्षाओं की बदहाली, बढ़ती बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था के गिरते स्तर पर गहरी चिंता व्यक्त की है। लातेहार परिसदन में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में पेपर लीक की घटनाओं ने करोड़ों युवाओं के भविष्य को प्रभावित किया है। उन्होंने दावा किया कि 2014 से 2024 के बीच देश में 89 पेपर लीक मामले सामने आए, जिनके कारण कई बार परीक्षाएं दोबारा करानी पड़ीं। उन्होंने नीट-यूजी, यूपी पुलिस भर्ती, सीटीईटी और यूजीसी-नेट जैसी प्रमुख परीक्षाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि लगातार हो रही अनियमितताओं ने परीक्षा प्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में लाखों पद खाली पड़े हैं, जबकि युवाओं में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने उच्च शिक्षित युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी और छात्र आत्महत्या के मामलों को भी गंभीर चिंता का विषय बताया। कांग्रेस प्रवक्ता ने सरकार से परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाने, खाली पदों को भरने और रोजगार के अवसर बढ़ाने की मांग की।

### प्रेम प्रसंग में युवक की संदिग्ध मौत से सनसनी

**चतरा।** लावालौंग थाना क्षेत्र के बघमरी गांव में प्रेम प्रसंग से जुड़े एक मामले में 28 वर्षीय अजय गंझु की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। परिजनों ने बेलाटांड़ टोला के कुछ लोगों पर युवक की पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार अजय गंझु मंगलवार रात बेलाटांड़ टोला स्थित एक महिला से मिलने गया था। इसी दौरान कुछ लोगों ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट की। परिजनों का आरोप है कि हमलावरों ने उसकी बेरहमी से पिटाई की और उसे मृत समझकर गांव की सीमा में छोड़ दिया। बताया जाता है कि अजय किसी तरह घर पहुंचा और अपनी पत्नी को पूरी घटना की जानकारी देने के बाद पानी पीकर सो गया। बुधवार सुबह देर तक नहीं उठने पर परिजनों ने देखा कि उसकी मौत हो चुकी है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि अभी तक कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### स्वतंत्रता सेनानी बाबूराम नारायण सिंह की 62वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**हंटरगंज (चतरा)।** डुमरी स्थित रामनारायण स्मारक महाविद्यालय परिसर में बुधवार को महान स्वतंत्रता सेनानी बाबूराम नारायण सिंह की 62वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार केशरी उर्फ कुरकुर सिंह ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख कमल कुमार केशरी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. फहीम अहमद एवं समाजसेवी सरदार प्रताप सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबूराम नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। वक्ताओं ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन और स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान को याद करते हुए कहा कि बाबूराम नारायण सिंह का जन्म 19 दिसंबर 1885 को हुआ था। वे गांधीवादी विचारधारा के समर्थक थे तथा खादी आंदोलन और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके साहस और जननेतृत्व के कारण उन्हें "छोटा नागपुर केसरी" और "छोटा नागपुर का शेर" कहा जाता था। इस अवसर पर सरदार मनोहर सिंह, कौशलेंद्र कुमार, मो. रेयाज, समरेश कुमार उर्फ पिंटू सिंह, जय हिंद पासवान, अरविंद कुमार सिंह, प्रो. ओम प्रकाश नीलेंदु सहित कई लोग उपस्थित थे।

### चंदवा में ब्राह्मण समाज ने कैंडल जलाकर दी स्व. भरत भूषण तिवारी को श्रद्धांजलि

**चंदवा।** इंदिरा गांधी चौक पर मंगलवार की संध्या ब्राह्मण समाज चंदवा के तत्वावधान में बिहार के युवा भरत भूषण तिवारी की हत्या के विरोध में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। बड़ी संख्या में लोगों ने कैंडल जलाकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी और घटना की कड़ी निंदा की। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने घटना की निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह मामला लोकतांत्रिक मूल्यों और न्याय व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। साथ ही सरकार से शीघ्र न्याय सुनिश्चित करने की अपील की गई। सभा में समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### हाई टेंशन टावर पर फंदे से झूलता मिला किशोरी का शव, पांच दिनों से थी लापता

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के अलौदिया पंचायत अंतर्गत सरलाही पहाड़ी मंदिर के पीछे बुधवार को हाई टेंशन टावर पर एक किशोरी का शव फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव पीले गमछे के सहारे टावर पर झूलता हुआ पाया गया। सूचना मिलने पर चंदवा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नीचे उतारा। प्रारंभ में शव की पहचान नहीं हो सकी, बाद में परिजनों ने उसकी पहचान बोदा पंचायत के लुकुईया गांव निवासी स्व. रंगलाल गंझू की पुत्री के रूप में की। बताया गया कि किशोरी पिछले पांच दिनों से लापता थी और 19 जून को घर से साप्ताहिक हाट जाने की बात कहकर निकली थी, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी। परिजनों ने 24 जून को चंदवा थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक रूप से मामला संदिग्ध माना जा रहा है और पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

### एसआईआर को लेकर राजनीतिक दलों के प्रखंड अध्यक्षों को दिया गया प्रशिक्षण

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रखंड अध्यक्षों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी (बीपीआरओ) दिगंबर पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने राजनीतिक दलों को मतदाता सूची पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची आवश्यक है।

## मुहर्रम को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट

# डीजे पर रहेगा पूरी तरह प्रतिबंध, मॉक ड्रिल कर पुलिस ने जताया आत्मविश्वास

नवीन मेल संवाददाता



**बोकारो/धनबाद/पाकुड़।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए चास अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। पर्व को लेकर अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न थानों में लगातार शांति समिति की बैठकें आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में चास मुफस्सिल थाना परिसर में भी शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें चास की एसडीएम प्रांजल ढांडा ने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की।

### एसडीएम की अध्यक्षता में हुई शांति समिति की बैठक

एसडीएम ने कहा कि बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और सभी समुदायों के लोगों ने छोटे-मोटे विवादों को आपसी सहमति से सुलझाने का भरोसा दिया। उन्होंने ताजिया को छोटा बनाने की सलाह दी, ताकि बिजली के तारों से किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। वहीं मुहर्रम के अखाड़ों से जुड़े लोगों को पहले अभ्यास कर जुलूस में शामिल होने की अपील की। जिससे किसी के घायल होने या अन्य अप्रिय घटना की संभावना न रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मोहर्रम के अवसर पर डीजे बजाने की अनुमति नहीं होगी। एसडीएम ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप किसी भी पर्व-त्योहार में डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। जुलूस की निगरानी के लिए कई स्थानों पर मिनी कंट्रोल रूम स्थापित किए जा रहे हैं। साथ ही ड्रोन, सीसीटीवी और अतिरिक्त पुलिस बल की मदद से निगरानी की जाएगी। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि नशे की हालत में जुलूस में शामिल होने वालों और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### धनबाद में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

धनबाद में मोहर्रम के दौरान निकलने वाले ताजिया और जुलूसों को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील इलाकों की पहचान कर वहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। मुहर्रम से पहले धनबाद पुलिस केंद्र की तरफ से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है। जिसमें पुलिस के आला अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### पाकुड़ में प्रशासन ने की मॉक ड्रिल

पाकुड़ में मुहर्रम शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने को लेकर सिविल एवं पुलिस प्रशासन की तरफ से तैयारी पूरी कर ली गई है। इसको लेकर डीसी और एसपी की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन को दोहराया गया और इसका अनुपालन करने की अपील मौजूद लोगों से की गई। त्योहार के दौरान सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन की तरफ से बस स्टैंड के निकट मॉक ड्रिल किया गया और फ्लैग मार्च निकाला गया। मॉक ड्रिल में पुलिस ने आपात स्थिति से निपटने को लेकर पूर्वाभ्यास किया। मौके पर एसपी अनुदीप सिंह ने जवानों व अधिकारियों को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी ने कहा मुहर्रम शांतिपूर्ण संपन्न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन तैयारी कर चुकी है।

### सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ की बैठक

**भुरकुंडा।** भारतीय मजदूर संघ संबद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ, बरका-सयाल क्षेत्र की बैठक बुधवार को आदर्श क्षेत्रीय चिकित्सालय कैंटीन भुरकुंडा में आयोजित की गई। बैठक में जीएम यूनिट की नई कमेटी का पुनर्गठन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से बरका-सयाल क्षेत्र के अध्यक्ष सुभाष चंद्र ओझा, सचिव शंभु प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष स्नेह लता कुजूर तथा भुरकुंडा सचिव अनिल पासवान उपस्थित थे। बैठक में नई कमेटी की घोषणा की गई। नई जीएम यूनिट कमेटी में राजीव रंजन को अध्यक्ष, कन्हैया सिंह यादव को सचिव और महेश प्रजापति को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं उपाध्यक्ष पद पर निर्मल महतो, योगेंद्र बड़ाईक, धनंजय कुमार, सह सचिव फारूक रजा, रंजन राम, जामवंती देवी, कार्यसमिति सदस्य के रूप में सत्यनारायण गुप्ता, मालती कुमारी, बेबी देवी, सरस्वती देवी, नीलम कुमारी, झिरगी देवी, पूनम देवी, पूजा कुमारी का चयन किया गया।

# अकीदत के साथ मनाया जा रहा मोहर्रम का पर्व पुलिस की मौजूदगी में निकाला गया जुलूस

नवीन मेल संवाददाता



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में मुहर्रम का पर्व अकीदतो एहतेराम के साथ मनाया जा रहा है। मंगलवार 23 जून कि रात मुहर्रम सप्तमी का जुलूस बरकट्ठा में निकाला गया। जुलूस में बरकट्ठाडीह, कोनहराखुर्द मजार शरिफ, बरकट्ठा एवं बरवां गांव के लोग निशान, ताजिया एवं गाजेबाजे के साथ शामिल हुए। बरकट्ठा चौक में ताज क्लब, गुलशन क्लब, आजाद क्लब समेत अन्य क्लबों के खिलाड़ियों ने अस्त्र शस्त्र के साथ अपने कला कौशल का जौहर दिखाया। मौके पर बरही डीएसपी राधा प्रेम किशोर, बरकट्ठा पुलिस निरीक्षक इमदाद अंसारी, थाना प्रभारी आशीष कुमार भगत मौजूद थे। मोहर्रम को लेकर बरकट्ठा में चारों ओर इस्लामिक झंडा, रंग बिरंगे लाइट और इमामबाड़े पर निशान खड़ा किया गया है। साथ ही ग्राम कोनहराखुर्द स्थित कर्बला की रंग रोगन साफ सफाई एवं लाइट की व्यवस्था की गई है।

बरकट्ठा समेत अन्य स्थानों पर इमामबाड़ा में पैकवाहा ने पहुंच कर परिक्रमा करते हुए या हसन, या हुसैन के नारा लगाया। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने सप्तमी को कर्बला पहुंच कर फातेहा कर मन्नतें मांगी। जुलूस में मौलवी मेराज खान, नसीम खान, जाहिद खां, गफ्फार खां, मो जसीम खां, सन्नी खान, मो नाजा, अब्दुल शकूर अंसारी, खलील अंसारी, सुल्तान अंसारी, मिन्हाज अहमद, हाजी फहीम खां, जया अहमद, शाहबाज खान, अयान अहमद, समीर अहमद, इकबाल अंसारी, अनवर अली, मो सत्तार खान, मो अमानुल्लाह, कमाल खान, सोनू खां, इमरान खान, आजाद अंसारी, मो सद्दाम, नाजीस खान समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## समारोहपूर्वक विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

# छात्र अपने जीवन में आगे बढ़ें, उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं : विधायक

नवीन मेल संवाददाता



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरकट्ठा में बुधवार को मैट्रिक उत्तीर्ण छात्राओं को समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि इस वर्ष के मैट्रिक की परीक्षा में इस विद्यालय के छात्राओं का बेहतर प्रदर्शन रहा।वहीं 95% से अधिक छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर विद्यालय समेत अपने माता पिता का नाम रोशन किया। इस निमित्त छात्राओं के हौसला अफजाई के लिए विद्यालय प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार के नेतृत्व में छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान टॉप थ्री विद्यार्थियों को मोमेंटो, प्रमाण पत्र और पेन देकर सम्मानित किया गया। वहीं अन्य विद्यार्थियों को भी उत्साह वर्धन के लिए पेन देकर उन्हें सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित विधायक अमित कुमार यादव ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह विद्यालय निरंतर बेहतर प्रदर्शन कर रही है। शिक्षकों की ईमानदारी का नतीजा है कि विद्यार्थी बेहतर अंक से हर वर्ष उत्तीर्ण हो रहे हैं। उन्होंने सभी छात्राओं को आगे की पढ़ाई हर हाल में जारी रखने के लिए प्रेरित किया। वहीं प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार ने विद्यालय के सभी शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि आपकी मेहनत और लगन के बदौलत विद्यालय निरंतर बेहतर कर रहा है वहीं उन्होंने छात्राओं को और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम।** परसुडीह थाना पुलिस ने संध्या गश्ती अभियान के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूम रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की सतर्कता से दोनों आरोपियों को पकड़ लिया गया, जबकि उनके कब्जे से बरामद बाइक के दस्तावेज और नंबर प्लेट भी संदिग्ध पाए गए। पुलिस के अनुसार मंगलवार रात परसुडीह थाना क्षेत्र में गश्त कर रही पुलिस टीम की नजर दो युवकों पर पड़ी, जो संदिग्ध तरीके से मोटरसाइकिल पर घूम रहे थे। पुलिस को देखते ही दोनों भागने का प्रयास करने लगे। जांच के दौरान बरामद हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (जेएच05 डीक्यू 7610) पर लगी नंबर प्लेट और उससे संबंधित कागजात फर्जी पाए गए। सत्यापन में सामने आया कि बाइक चोरी की है और उस पर पहचान छिपाने के उद्देश्य से नकली नंबर प्लेट लगाई गई थी।

# जवाहरनगर में ट्रांसफार्मर में ओवर लोडिंग के कारण लगी भीषण आग



नवीन मेल संवाददाता

**भुरकुंडा।** जवाहरनगर में बुधवार की सुबह ट्रांसफार्मर में भीषण आग लगने से इलाके की बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई। आग इतनी भयावह थी कि कुछ ही देर में पूरा ट्रांसफार्मर जलकर खाक हो गया। घटना के बाद जवाहरनगर कॉलोनी, हनुमानगढ़ी, बौनर धौड़ा सहित आसपास के करीब 600 घर अंधेरे में डूब गया। ट्रांसफार्मर जलने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घटना सुबह करीब चार बजे की है। अचानक ट्रांसफार्मर में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें काफी ऊंची उठने लगीं। लोग घरों से बाहर निकल आए और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोगों ने इसकी सूचना भुरकुंडा कोलियरी के ईएंडएम बिजली विभाग को दी गई। सूचना मिलने के बाद सीसीएल बरका सयाल का अग्निशामक वाहन पहुंचा। अग्निशमक वाहन ने आग पर काबू पाया। इधर आग लगने की वजह ओवरलोडिंग बताई जा रही है। ट्रांसफार्मर जलने के बाद पूरे जवाहरनगर में बिजली संकट गहरा गया है। उमस भरी गर्मी और लगातार हो रही बारिश के बीच बिजली नहीं रहने से लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। लोगों ने विभाग से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली बहाल करने की मांग की है। इधर सीसीएल की बिजली विभाग वैकल्पिक व्यवस्था कर जल्द बिजली बहाल करने में जुटी है।

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

### आवश्यक सूचना।

(लापता काजल कुमारी, उम्र–23 वर्ष)



हरिहरपुर ओ0पी0 सनहा सं0–08/26, दि0–11.02.2026 में लापता काजल कुमारी, उम्र–23 वर्श, पिता–लल्लु राम, सा0–रपुरा, थाना–भवनाथपुर (हरिहरपुर ओ0पी0), जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली है। ओ0पी0 से प्राप्त आवेदन में आवेदक लल्लु राम के द्वारा उल्लेख किया गया है कि इनकी बेटी काजल कुमारी दिनांक–09.02.2026 को शाम 04 बजे घर से निकली थी जो अबतक घर वापस नहीं आई है। उक्त लापता काजल कुमारी का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़की कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**लापता का विवरण/हुलिया :–**
नाम–काजल कुमारी, उंचाई–04 फीट 05 इंच,रंग–गोरा,
बाल–काला, आंख–समान्य, पहनावा–सलवार सूट।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR 383114 (Police) 26-27 (D)

## झारखण्ड सरकार
## राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
### (जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची)
### अधिघोषणा
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)
"हुण्डरू से टाटी–सिंगारी–जोन्हा–पुरबडीह (कि०मी०–7.243) सड़क निर्माण परियोजना"

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा–हुण्डरू, सिंगारी एवं कुचू, थाना–अनगड़ा, थाना सं. क्रमशः–61, 70 एवं 71, अंचल–अनगड़ा, जिला–राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना "हुण्डरू से टाटी–सिंगारी–जोन्हा–पुरबडीह (कि०मी०–7.243) सड़क निर्माण परियोजना" हेतु अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश रकबा क्रमशः–**0.7587, 3.1591, 4.4167** एकड़ है, जो मौजा–हुण्डरू, सिंगारी एवं कुचू, थाना–अनगड़ा, थाना सं. क्रमशः–61, 70 एवं 71, अंचल–अनगड़ा, जिला–राँची में है, जिसकी विवरणी निम्नलिखित है :–

मौजा–कुचु

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 132 | 8 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0925 | सुखराम बेदिया वगै0, पिता–रथुंवा बेदिया | 9 | 10 | 7 | 6 |
| 2 | 107 | 223 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0647 | सोहरा बेदिया वगै0, पिता–बुधवा बेदिया एवं श्रीमति सुरपति देवी पति–चरण बेदिया | 224 | 225 | 222 | 221 |
| 3 | 72 | 224 | रैयती | जंगल झाड़ी 1 | 0.3944 | लखन मुण्डा पिता–घासी मुण्डा | 225 | 226 | 223 | 222 |
| 4 | 36 | 540 | रैयती | टांड़ एक 1 | 0.0150 | लखु बेदिया पिता–खेदवा बेदिया | 541 | 542 | 539 | 538 |
| 5 | 37 | 541 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0207 | पनवा बेदिया पिता–अकलु बेदिया | 542 | 543 | 540 | 539 |
| 6 | 37 | 542 | रैयती | दोन तीन 5 | 0.0096 | पनवा बेदिया पिता–अकलु बेदिया | 543 | 544 | 541 | 540 |
| 7 | 73 | 546 | रैयती | टांड़ दो 2 | 0.0259 | मोन्दा पाहन वगै0, पिता–घसीया पाहन | 547 | 548 | 545 | 544 |
| 8 | 152 | 547 | रैयती | दोन तीन 0 | 0.0292 | जगमोहन मुण्डा वगै0, पिता–सहजुन मुण्डा | 548 | 549 | 546 | 545 |
| 9 | 152 | 548 | रैयती | मोटा आर 1 | 0.0047 | जगमोहन मुण्डा वगै0, पिता–सहजुन मुण्डा | 549 | 550 | 547 | 546 |
| 10 | 152 | 549 | रैयती | दोन दो 5 | 0.0254 | जगमोहन मुण्डा वगै0, पिता–सहजुन मुण्डा | 550 | 551 | 548 | 547 |
| 11 | 49 | 551 | रैयती | दोन दो 7 | 0.1132 | रानी खातुन वल्द मंसुर अंसारी | 552 | 553 | 550 | 549 |
| 12 | 49 | 553 | रैयती | टांड़ दो 1 | 0.0951 | कीस्टो प्रश्न सुवरन, वल्द – कीस्टो दाई सुवरन | 554 | 555 | 552 | 551 |
| 13 | 61 | 555 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0786 | गन्दुर महली, वल्द–गोविन्द महली, व गनसु महली, पेशरान–आनन्द महली, व धनी महली, पेशरान–आनन्द महली व मनी महली, पेशरान–आनन्द महली, व वालु महली, पेशरान–केसो महली, व वालक महली, पेशरान–केसो महली | 556 | 557 | 554 | 553 |
| 14 | 61 | 556 | रैयती | टांड़ तीन 3 | 0.0433 | गन्दुर महली, वल्द–गोविन्द महली, व गनसु महली, पेशरान–आनन्द महली, व धनी महली, पेशरान–आनन्द महली व मनी महली, पेशरान–आनन्द महली, व वालु महली, पेशरान–केसो महली, व वालक महली, पेशरान–केसो महली | 557 | 558 | 555 | 554 |
| 15 | 61 | 586 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0165 | गन्दुर महली, वल्द–गोविन्द महली, व गनसु महली, पेशरान–आनन्द महली, व धनी महली, पेशरान–आनन्द महली व मनी महली, पेशरान–आनन्द महली, व वालु महली, पेशरान–केसो महली, व वालक महली, पेशरान–केसो महली | 587 | 588 | 585 | 584 |
| 16 | 61 | 587 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0292 | गन्दुर महली, वल्द–गोविन्द महली, व गनसु महली, पेशरान–आनन्द महली, व धनी महली, पेशरान–आनन्द महली व मनी महली, पेशरान–आनन्द महली, व वालु महली, पेशरान–केसो महली, व वालक महली, पेशरान–केसो महली | 588 | 589 | 586 | 585 |
| 17 | 61 | 589 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0333 | गन्दुर महली, वल्द–गोविन्द महली, व गनसु महली, पेशरान–आनन्द महली, व धनी महली, पेशरान–आनन्द महली व मनी महली, पेशरान–आनन्द महली, व वालु महली, पेशरान–केसो महली, व वालक महली, पेशरान–केसो महली | 590 | 591 | 588 | 587 |
| 18 | 111 | 590 | रैयती | – | 0.0437 | कार्तिक बेदिया वगै0 पिता–बंधु बेदिया | 591 | 592 | 589 | 588 |
| 19 | 122 | 592 | रैयती | दोन एक 2 | 0.0256 | देहिया बेदिया वगै0 पिता–पोड़ूवा बेदिया | 593 | 594 | 591 | 590 |
| 20 | 122 | 594 | रैयती | दोन दो 1 | 0.0129 | देहिया बेदिया वगै0 पिता–पोड़ूवा बेदिया | 595 | 596 | 593 | 592 |
| 21 | 122 | 595 | रैयती | दोन दो 1 | 0.0032 | देहिया बेदिया वगै0 पिता–पोड़ूवा बेदिया | 596 | 597 | 594 | 593 |
| 22 | 122 | 596 | रैयती | टांड़ दो 1 | 0.0060 | देहिया बेदिया वगै0 पिता–पोड़ूवा बेदिया | 597 | 598 | 595 | 594 |
| 23 | 152 | 643 | रैयती | टांड़ एक 1 | 0.0046 | जगमोहन मुण्डा वगै0 पिता–सहजुन बेदिया | 644 | 645 | 642 | 641 |
| 24 | 73 | 651 | रैयती | टांड़ दो 1 | 0.0543 | कसीआ पाहन, पेशरान – रोहड़ा पाहन, व घासी पाहन, पेशरान – रोहड़ा पाहन, व वनु पाहन, पेशरान – रोहड़ा पाहन | 652 | 653 | 650 | 649 |
| 25 | 135 | 692 | रैयती | मकान/2, सहन/1 0 | 0.0087 | रथुवा महली पिता–रामधनी महली | 693 | 694 | 691 | 690 |
| 26 | 140 | 711 | रैयती | टांड़ दो 1 | 0.1319 | अघना बेदिया वगै0, पिता– मोहरा बेदिया | 712 | 713 | 710 | 709 |
| 27 | 109 | 712 | रैयती | टांड़ दो 1 | 0.0212 | रघुनाथ महली वगै0, पिता–बोधन महली | 713 | 714 | 711 | 710 |
| 28 | 109 | 713 | रैयती | मकान/2, सहन/1 0 | 0.0168 | रघुनाथ महली वगै0, पिता–बोधन महली | 714 | 715 | 712 | 711 |
| 29 | 53 | 720 | रैयती | टांड़ तीन 0 | 0.0143 | बुधु बेदिया पिता–सुखलाल बेदिया | 721 | 722 | 719 | 718 |
| 30 | 7 | 721 | सिकमी | टांड़ एक 1 | 0.0700 | घासी गन्झु वगै0 | 722 | 723 | 720 | 719 |
| 31 | 109 | 726 | रैयती | टांड़ एक 1 | 0.0254 | रघुनाथ महली वगै0 पिता–बोधन महली | 727 | 728 | 725 | 724 |
| 32 | 61 | 727 | रैयती | टांड़ एक 1 | 0.0094 | गन्दुर महली, वल्द – गोविन्द महली, व गनसु महली, पेशरान – आनन्द महली, व धनी महली, पेशरान – आनन्द महली, व मनी महली, पेशरान – आनन्द महली, व वालु महली, पेशरान – केसो महली, व वालक महली, पेशरान – केसो महली | 728 | 729 | 726 | 725 |
| 33 | 61 | 728 | रैयती | – | 0.0054 | गन्दुर महली वल्द गोविन्द महली, गनसु महली पे0–आनन्द महली, धनी महली व मनी महली व बालु महली व बालक महली पे0–केसो महली | 729 | 730 | 727 | 726 |
| 34 | 61 | 729 | रैयती | – | 0.0061 | गन्दुर महली वल्द गोविन्द महली, गनसु महली पे0–आनन्द महली, धनी महली व मनी महली व बालु महली व बालक महली पे0–केसो महली | 730 | 731 | 728 | 727 |
| 35 | 45 | 730 | रैयती | टांड़ एक 1 | 0.0201 | बुन्डु बेदिया वगै0 पिता–कान्हु बेदिया | 731 | 732 | 729 | 728 |
| 36 | 45 | 731 | रैयती | मकान/1, सहन/1 0 | 0.0072 | बुन्डु बेदिया वगै0 पिता–कान्हु बेदिया | 732 | 733 | 730 | 729 |
| 37 | 140 | 732 | रैयती | मकान/1, सहन/1 0 | 0.0115 | अघना बेदियास वगै0 पिता–मोहरा बेदिया | 733 | 734 | 731 | 730 |
| 38 | 140 | 733 | रैयती | टांड़ एक 1 | 0.0101 | अघना बेदियास वगै0 पिता–मोहरा बेदिया | 734 | 735 | 732 | 731 |
| 39 | 111 | 739 | रैयती | टांड़ एक | 0.0212 | कार्तिक बेदिया वगै0 पिता–बन्दु बेदिया | 740 | 741 | 738 | 737 |
| 40 | 111 | 740 | रैयती | दोन तीन | 0.0153 | कार्तिक बेदिया वगै0 पिता–बन्दु बेदिया | 741 | 742 | 739 | 738 |
| 41 | 7 | 775 | सिकमी | दोन तीन 4 | 0.0421 | घासी गंछु वगै0 | 776 | 777 | 774 | 773 |
| 42 | 51 | 782 | रैयती | टांड़ एक 1 | 0.0077 | अकलु बेदिया पिता–किषना बेदिया | 783 | 784 | 781 | 780 |
| 43 | 53 | 789 | रैयती | मकान/1, सहन/1 0 | 0.1824 | बुधु बेदिया पिता–सुखलाल बेदिया | 790 | 791 | 788 | 787 |
| 44 | 163 | 1076 | रैयती | टांड़ दो 1 | 0.1259 | मो0 विलवा बेदियाईन पति–यमुना बेदिया | 1077 | 1078 | 1075 | 1074 |
| 45 | 163 | 1077 | रैयती | दोन तीन 2 | 0.0515 | मो0 विलवा बेदियाईन पति–यमुना बेदिया | 1078 | 1079 | 1076 | 1075 |
| 46 | 163 | 1078 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0176 | मो0 विलवा बेदियाईन पति–यमुना बेदिया | 1079 | 1080 | 1077 | 1076 |
| 47 | 59 | 1079 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0329 | हरिलाल बेदिया वगै0, पिता–गंदौर बेदिया | 1080 | 1081 | 1078 | 1077 |
| 48 | 59 | 1082 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0309 | हरिलाल बेदिया वगै0, पिता–गंदौर बेदिया | 1083 | 1084 | 1081 | 1080 |
| 49 | 163 | 1083 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.1151 | कुइला वेदआ, पेशरान – रोगवा वेदआ, व बोधो वेदआ, पेशरान – रोगवा वेदआ, व मुसमात सुमोती वेदीआइन, जोजे – ललीता वेदआ | 1084 | 1085 | 1082 | 1081 |
| 50 | 163 | 1086 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.1081 | मो0 विलवा बेदियाईन पति–जमुना बेदिया | 1087 | 1088 | 1085 | 1084 |
| 51 | 117 | 1099 | रैयती | टांड़ एक 1 | 0.1055 | रामजीत बेदिया वगै0, पिता–फौला बेदिया | 1100 | 1101 | 1098 | 1097 |
| 52 | 117 | 1101 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0824 | रामजीत बेदिया वगै0, पिता–फौला बेदिया | 1102 | 1103 | 1100 | 1099 |
| 53 | 117 | 1118 | रैयती | दोन तीन 8 | 0.0185 | रामजीत बेदिया वगै0, पिता–फौला बेदिया | 1119 | 1120 | 1117 | 1116 |
| 54 | 117 | 1119 | रैयती | दोन दो 2 | 0.0196 | रामजीत बेदिया वगै0, पिता–फौला बेदिया | 1120 | 1121 | 1118 | 1117 |
| 55 | 117 | 1120 | रैयती | दोन तीन 2 | 0.0650 | रामजीत बेदिया वगै0, पिता–फौला बेदिया | 1121 | 1122 | 1119 | 1118 |
| 56 | 165 | 1122 | रैयती | दोन तीन 2 | 0.0563 | चतुरन बेदिया वगै0 पिता–सोहराई बेदिया | 1123 | 1124 | 1121 | 1120 |
| 57 | 165 | 1123 | रैयती | मोटा आर 1 | 0.0104 | चतुरन बेदिया वगै0 पिता–सोहराई बेदिया | 1124 | 1125 | 1122 | 1121 |
| 58 | 165 | 1149 | रैयती | दोन एक 2 | 0.1006 | चतुरन बेदिया वगै0 पिता–सोहराई बेदिया | 1150 | 1151 | 1148 | 1147 |
| 59 | 132 | 1182 | रैयती | जंगल झाड़ी 1 | 0.0379 | सुखराम बेदिया वगै0, पिता–रघुवा बेदिया | 1183 | 1184 | 1181 | 1180 |
| 60 | 165 | 1183 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0089 | चतुरन बेदिया वगै0 पिता–सोहराई बेदिया | 1184 | 1185 | 1182 | 1181 |
| 61 | 165 | 1184 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0328 | चतुरन बेदिया वगै0 पिता–सोहराई बेदिया | 1185 | 1186 | 1183 | 1182 |
| 62 | 165 | 1187 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0127 | चतुरन बेदिया वगै0 पिता–सोहराई बेदिया | 1188 | 1189 | 1186 | 1185 |
| 63 | 165 | 1199 | रैयती | टांड़ दो 1 | 0.0045 | चतुरन बेदिया वगै0 पिता–सोहराई बेदिया | 1200 | 1201 | 1198 | 1197 |
| 64 | 165 | 1201 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0733 | चतुरन बेदिया वगै0 पिता–सोहराई बेदिया | 1202 | 1203 | 1200 | 1199 |
| 65 | 165 | 1203 | रैयती | टांड़ तीन 2 | 0.0469 | चतुरन बेदिया वगै0 पिता–सोहराई बेदिया | 1204 | 1205 | 1202 | 1201 |
| 66 | 165 | 1204 | रैयती | परती कदीम 1 | 0.0028 | चतुरन बेदिया वगै0 पिता–सोहराई बेदिया | 1205 | 1206 | 1203 | 1202 |
| 67 | 165 | 1213 | रैयती | मकान/2, सहन/1 0 | 0.0173 | चतुरन बेदिया वगै0 पिता–सोहराई बेदिया | 1214 | 1215 | 1212 | 1211 |
| 68 | 165 | 1214 | रैयती | टांड़ एक 2 | 0.0475 | चतुरन बेदिया वगै0 पिता–सोहराई बेदिया | 1215 | 1216 | 1213 | 1212 |
| 69 | 165 | 1217 | रैयती | दोन तीन 4 | 0.0061 | चतुरन बेदिया वगै0 पिता–सोहराई बेदिया | 1218 | 1219 | 1216 | 1215 |
| 70 | 166 | 1221 | रैयती | दोन तीन 1 | 0.0021 | चतुरन बेदिया वगै0 पिता–सोहराई बेदिया | 1222 | 1223 | 1220 | 1219 |
| 71 | 158 | 1523 | रैयती | परती कदीम 1 | 0.0860 | सुकरा बेदिया वगै0, पिता–बिंदा बेदिया | 1524 | 1525 | 1522 | 1521 |
| 72 | 157 | 1524 | रैयती | जंगल परास 1 | 0.0433 | मेधुवा बेदिया वगै0, पिता–बुधुराम बेदिया | 1525 | 1526 | 1523 | 1522 |
| 73 | 145 | 1526 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.3173 | लालदेव बेदिया वगै0, पिता–पुनुवा बेदिया | 1527 | 1528 | 1525 | 1524 |
| 74 | 67 | 1527 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0610 | गिरधारी बेदिया वगै0, पिता–लेबुया बेदिया | 1528 | 1529 | 1526 | 1525 |
| 75 | 67 | 1528 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.1072 | गिरधारी बेदिया वगै0, पिता–लेबुया बेदिया | 1529 | 1530 | 1527 | 1526 |
| 76 | 99 | 1529 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0845 | मोहना बेदिया वगै0 वल्द बनवारी बेदिया | 1530 | 1531 | 1528 | 1527 |
| 77 | 99 | 1536 | रैयती | टांड़ तीन 2 | 0.0798 | मोहना बेदिया वगै0 वल्द बनवारी बेदिया | 1537 | 1538 | 1535 | 1534 |
| 78 | 99 | 1558 | रैयती | टांड़ तीन 3 | 0.0297 | मोहना बेदिया वगै0 वल्द बनवारी बेदिया | 1559 | 1560 | 1557 | 1556 |
| 79 | 152 | 1562 | रैयती | टांड़ तीन 2 | 0.0091 | जगमोहन मुण्डा वगै0 पिता–सहजुन मुण्डा | 1563 | 1564 | 1561 | 1560 |
| 80 | 2 | 1611 | सिकमी | टांड़ तीन 3 | 0.0099 | अकलु बेदिया पिता–किसना | 1612 | 1613 | 1610 | 1609 |
| 81 | 2 | 1612 | सिकमी | दोन तीन 2 | 0.0046 | अकलु बेदिया पिता–किसना | 1613 | 1614 | 1611 | 1610 |
| 82 | 13 | 1623 | रैयती | दोन दो 1 | 0.0185 | वकासत | 1624 | 1625 | 1622 | 1621 |
| 83 | 33 | 1625 | रैयती | दोन एक 1 | 0.0073 | वकासत | 1626 | 1627 | 1624 | 1623 |
| 84 | 6 | 1627 | सिकमी | दोन तीन 1 | 0.0089 | रघुनाथ महली वगै0, पिता–बोधवा महली | 1628 | 1629 | 1626 | 1625 |
| 85 | 32 | 1631 | रैयती | दोन एक 1 | 0.0095 | त्रवेनी साही पिता–जगरनाथ साही | 1632 | 1633 | 1630 | 1629 |
| 86 | 4 | 1642 | सिकमी | दोन तीन 1 | 0.0329 | बुधु बेदिया वगै0, पिता–सुखलाल बेदिया | 1643 | 1644 | 1641 | 1640 |
| 87 | 3 | 1713 | सिकमी | टांड़ तीन 1 | 0.0255 | खकूटु बेदिया, पेशरान – लेदवा बेदिया, व फगुवा बेदिया, वल्द – मचीराए बेदिया, व रुगटु बेदिया, पेशरान – लेदवा बेदिया, व लिटुवा बेदिया, पेशरान – लेदवा बेदिया | 1714 | 1715 | 1712 | 1711 |
| 88 | 18 | 1719 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0031 | जदवा वेदवा, वल्द – लखीआ वेदुआ | 1720 | 1721 | 1718 | 1717 |
| 89 | 18 | 1720 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0026 | जदवा वेदवा, वल्द – लखीआ वेदुआ | 1721 | 1722 | 1719 | 1718 |
| 90 | 18 | 1721 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0929 | जदवा वेदवा, वल्द – लखीआ वेदुआ | 1722 | 1723 | 1720 | 1719 |
| 91 | 86 | 1725 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0305 | आकला बेदिया वगै0, पिता–विदेष बेदिया | 1726 | 1727 | 1724 | 1723 |
| 92 | 62 | 1874 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0243 | बंसी महली वगै0, पिता–रामु महली | 1875 | 1876 | 1873 | 1872 |
| 93 | 62 | 1875 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0230 | बंसी महली वगै0, पिता–रामु महली | 1876 | 1877 | 1874 | 1873 |
| 94 | 62 | 1876 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0260 | बंसी महली वगै0, पिता–रामु महली | 1877 | 1878 | 1875 | 1874 |
| 95 | 62 | 1877 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0291 | बंसी महली वगै0, पिता–रामु महली | 1878 | 1879 | 1876 | 1875 |
| 96 | 62 | 1878 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0057 | बंसी महली वगै0, पिता–रामु महली | 1879 | 1880 | 1877 | 1876 |
| 97 | 90 | 1883 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0311 | बोगु महतो वगै0, पिता–धनी महली | 1884 | 1885 | 1882 | 1881 |
| 98 | 121 | 1884 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0106 | घांसी गंझु, पिता–भोलवा गंझु | 1885 | 1886 | 1883 | 1882 |
| 99 | 121 | 1885 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0062 | मोलवा गन्झु, वल्द – देवीआ गन्झु | 1886 | 1887 | 1884 | 1883 |
| 100 | 99 | 1530 | रैयती | टांड़ तीन | 0.0951 | मोहना बेदिया वगै0, वल्द बनवारी बेदिया | 1531 | 1532 | 1529 | 1528 |
| | | | | कुल | 4.4167 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है :–

ग्राम–XXX, थाना संख्या–XXX, अंचल–XXX, जिला–XXX, क्षेत्रफल–XXX एकड़, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

अमीन, जि0भू0अ0का0,राँची। | कानूनगो, जि0भू0अ0का0,राँची। | जि0 भू0 अ0 पदा0, राँची। | अपर समाहर्त्ता, राँची। | उपायुक्त, राँची।

PR 383154 Land Reforms(26-27)D

## कई मुद्दों को लेकर कुरसे में रैयत संघ समिति का हुआ गठन



**भुरकुंडा ।** कुरसे स्थित वीरेंद्र यादव के आवासीय कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र की बेरोजगारी, विकास और विस्थापितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित लोगों ने पीवीयूएनएल कंपनी द्वारा छाई धूल के परिवहन के दौरान फैल रहे प्रदूषण तथा फोरलेन सड़क पर गिर रहे क्लिंकर के कारण लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर गहरा रोष व्यक्त किया। साथ ही भुरकुंडा संगम सीसीएल उत्खनन खुली खदान में कार्यरत आरए माइनिंग कंपनी में स्थानीय विस्थापित एवं बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार से जोड़ने की मांग की गई। बैठक में भुरकुंडा लोकल सेल को अविलंब चालू करने, सीसीएल की सीएसआर योजनाओं के तहत क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क, चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा स्कूली बच्चों के लिए बस सेवा की व्यवस्था सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान क्षेत्र के विस्थापित एवं प्रभावित रैयतों के हितों की रक्षा के लिए विस्थापित प्रभावित रैयत संघ का गठन किया गया। सर्वसम्मति से वीरेंद्र यादव को अध्यक्ष और गणेश बेदिया को सचिव चुना गया। मौके पर नकुल सिंह, मुकेश यादव, पप्पू यादव, राकेश यादव, अनु यादव, पुरन बेदिया, सतीश यादव, दीपक प्रजापति, गोविंद सोनी, जगदीश मुंडा, राजेंद्र तुरी, गुलाब करमाली, राकेश सिंह सहित कई ग्रामीण एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आनंद साईं दरबार का 16वां स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ

# भक्तों ने निकाली पालकी यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साईं दरबार का 16वां स्थापना दिवस समारोह बुधवार को भव्य पालकी यात्रा के साथ आरंभ हुआ। 4:00 बजे शुरू हुई पालकी यात्रा में हजारों की संख्या में साईं भक्त शामिल हुए और साईनाथ के भजन गाते रहे। आनंद साईं दरबार परिसर से हजारों साई भक्तों के साथ आरंभ हुई पालकी यात्रा की भव्यता देखते ही बन रही थी। पालकी यात्रा आनंद साईं दरबार से आरंभ होकर चट्टी बाजार, लोहार टोला, सुभाष चैक, मेन रोड, थाना चैक होते हुए वापस आनंद साईं दरबार पहुंचकर संपन्न हुई।

#### पालकी यात्रा का विभिन्न संगठनों ने किया स्वागत

साईं बाबा की पालकी यात्रा के नगर भ्रमण के क्रम में विभिन्न संगठनों द्वारा पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। पालकी यात्रा के गुरूद्वारा साहिब के निकट पहुंचने पर गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से साईं भक्तों का स्वागत किया गया। साईं बाबा की पालकी यात्रा के क्रम में पूर्व विधायक यमुना शर्मा के पुत्र विमल शर्मा साईं बाबा का वेष धारण कर साथ चल रहे थे। अपने इस वेष में वे साईं भक्तों के बीच आकर्षण का केंद्र बने रहे। साईं बाबा की पालकी यात्रा के दौरान राजू हलचल की टीम द्वारा एक सुसज्जित वाहन पर साईं बाबा पर आधारित कथा श्रद्धालुओं के बीच प्रस्तुत की जा रही थी। जिसकी श्रद्धालुओं ने भरपूर सराहना की।

#### बैंड पार्टी ने साईं भजनों के धुन से लोगों को किया मंत्रमुग्ध

साईं बाबा की पालकी यात्रा में शामिल बैंड पार्टी की टीम ने साईं भजनों की धून के माध्यम से साईं भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बैंड पार्टी के इस प्रदर्शन की साईं भक्त प्रशंसा करते दिखे। पालकी यात्रा में मंदिर समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा, बलजीत सिंह बेदी, मनोज कुमार मंडल, सीपी संतन, अजीत जायसवाल, रंजन फौजी, मिथलेश सिंह, सचिन चंद्रवंशी, रोहित गुप्ता, सुधाशु राय, संतोष सिंह, आनंद प्रताप सिंह, राजेश प्रसाद, टिकेश्वर प्रसाद, विनोद साहू, अजीत सोनी, दीपक साव, बसंत कुशवाहा, अनिल साव, अजीत जायसवाल, रामप्रवेश साव, नीरज पाठक, रोहित कुमार गुप्ता, पंकज ठाकुर, मनीष साव, सरेंद्र प्रजापति, बबलू कुमार, मनोज कुमार केवट, पवन साह, हरेंद्र साह, अजीत सोनी, विनोद जायसवाल, वनवनीत कुमार, सलमान कादिर, मनीष कुमार गुप्ता, मुन्ना साव, रवि साह, सुमित कुमार हजारों की संख्या में साईं भक्त शामिल हुए।

### आर्थिक तंगी अब नहीं बनेगी पढ़ाई में बाधा

## बच्ची देवी सेवा समिति ने मेधावी छात्राओं की उठाई पूरी जिम्मेवारी



**भुरकुंडा।** बच्ची देवी सेवा समिति भदानीनगर ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की दो मेधावी छात्राओं के भविष्य को संवारने का निर्णय लिया है। समिति ने आर्य बाल उच्च विद्यालय, नयानगर बरकाकाना की छात्राएं देवोश्री चक्रवर्ती और अर्फी मित्रा की स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक का संपूर्ण दायित्व लिया है। समिति की ओर से दोनों छात्राओं के वर्तमान शैक्षणिक सत्र की पूरी फीस जमा कर दी गई है। इस पहल को क्षेत्र में शिक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण माना जा रहा है। इस अवसर पर समिति के सचिव जितेंद्र कुमार मंडल ने कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है जो बच्चों के जीवन को सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत बना सकती है। इसी सोच को आधार बनाते हुए समिति ने आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली छात्राओं की पढ़ाई का पूरा खर्च उठाने का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि समिति वर्तमान में तीन मेधावी छात्राओं की शिक्षा का खर्च वहन कर रही है और भविष्य में भी जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता का प्रयास जारी रहेगा। विद्यालय के प्राचार्य ने समिति के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद के लिए आगे आने वाले लोगों का समाज को सम्मान करना चाहिए तथा अन्य सक्षम लोगों को भी इस प्रकार के पुण्य कार्यों में सहयोग देना चाहिए।

### मंझला चुंबा में हनुमत प्राण प्रतिष्ठा के साथ पांच दिवसीय यज्ञ का समापन

**गिद्दी।** मंझला चुंबा में आयोजित रामचरित मानस यज्ञ सह श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा पांच दिवसीय यज्ञ बुधवार को हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा और भंडारा के साथ संपन्न हो गया। इसके पहले श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर हनुमान जी की आराधना कर घर परिवार, गांव और जवार की सुख समृद्धि की कामना किया। पंडित कुंजबिहारी शुक्ल के नेतृत्व में आचार्य पंकज मिश्रा, मुकेश भारद्वाज, अश्विनी शुक्ला, सुमित दुबे, शास्त्री सुधांशु त्रिवेदी आदि सहयोगी पंडितों ने हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा कराया तथा यज्ञवेदी में हवन कराया। इसके बाद भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें रात तक प्रसाद प्राप्त करने के लिए लोगों की भीड़ आती रही। पांच दिवसीय यज्ञ को सफल बनाने में यजमान दिलीप सिंह, किरण सिंह, आकाश सिंह, विजेंद्र सिंह, छोटेलाल सिंह, सागर सिंह, संतान सिंह, दिनेश सिंह आदि शामिल थे।

### भरत तिवारी की हत्या पर परशुराम ब्राह्मण सेवा समिति का फूटा

# भरत तिवारी की हत्या पर आक्रोश दोषियों को फांसी देने की मांग

- **उपस्थित लोगों ने कहा कि भरत तिवारी एक समाजसेवी व्यक्ति थे और उनकी मृत्यु की घटना अत्यंत दुखद है**

**नवीन मेल संवाददाता**



**भुरकुंडा।** परशुराम ब्राह्मण सेवा समिति भुरकुंडा के तत्वावधान में कोयलांचल क्षेत्र के आचार्यों एवं ब्राह्मण समाज के लोगों ने भरत तिवारी की हत्या का विरोध करते हुए बुधवार को शोकसभा आयोजित की। सभा में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत भरत तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में वक्ताओं ने घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए बिहार सरकार की कार्यशैली की आलोचना की तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। उपस्थित लोगों ने कहा कि भरत तिवारी एक समाजसेवी व्यक्ति थे और उनकी मृत्यु की घटना अत्यंत दुखद एवं चिंताजनक है। साथ ही दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग भी उठाई गई। इस तरह की घटना किसी भी समाज के लिए बहुत ही चिंतनीय है, इसकी सख्त निंदा होनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव शंकर मिश्र और संचालन विनय तिवारी ने किया। शोकसभा में रामाकांत दूबे, विनय तिवारी, शिव शंकर मिश्र, सुरेश उपाध्याय, विक्की मिश्र, अनिल तिवारी, मुकेश पांडेय, लाल बाबू पाठक, कामेश्वर तिवारी, सुधीर पांडेय, विशाल मिश्र, सुमित पांडेय, रामव्रत पांडेय, प्रभाकर तिवारी, पुरुषोत्तम पांडेय, प्रथम उपाध्याय, नागेंद्र मिश्र सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती का 61वां स्मृति दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया

**बरही।** ब्रह्माकुमारीज राजयोग मेडिटेशन सेवाकेंद्र, पटना रोड, बरही में बुधवार को संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती का 61वां स्मृति दिवस आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। रांची से आए बीके रामदेव ने कहा कि मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती ने अपने आध्यात्मिक ज्ञान और सेवा से करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया। सेवाकेंद्र संचालिका बीके रीना बहन ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बचपन में उनका नाम 'ओम राधे' था तथा उन्होंने त्याग, तपस्या और आध्यात्मिक शक्ति के बल पर मानवता की सेवा का मार्ग प्रशस्त किया। बीके रोशनी बहन ने कहा कि मातेश्वरी जी ने महिलाओं को अध्यात्म एवं समाज सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में उपस्थित भाई-बहनों ने उनके बताए ज्ञान और सेवा मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### रामगढ़ में एनएच -33 पर चलती कार में लगी भीषण आग

**रामगढ़।** रांची-रामगढ़ मुख्य मार्ग एनएच-33 स्थित ओरमांझी टोल प्लाजा के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब हजारीबाग से रांची की ओर जा रही एक कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि कार में सवार पति-पत्नी और उनके दो बच्चे समय रहते वाहन से बाहर निकल गए, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। सभी लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार से अचानक धुआं निकलने लगा। चालक को स्थिति का आभास होते ही उसने वाहन सड़क किनारे रोक दिया। इसके बाद परिवार के सभी सदस्य तुरंत कार से बाहर निकल गए और कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी कार धू-धू कर जलने लगी। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास मौजूद लोगों में भी दहशत का माहौल बन गया। घटना की वजह से एनएच-33 रांची-पटना मुख्य मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और जाम जैसी स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलने के बाद ओरमांझी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई, साथ ही फायर ब्रिगेड की टीम को भी सूचना दी गई। ओरमांझी थाना प्रभारी मनोज कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हजारीबाग से रांची जा रही एक कार में अचानक आग लग गई थी। वाहन में सवार पति-पत्नी और दो बच्चे सुरक्षित बाहर निकल गए, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि फायर ब्रिगेड की टीम को तत्काल बुलाया गया था लेकिन तब तक आग इतनी फैल चुकी थी कि कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग को बुझा दिया है। यह घटना रामगढ़ और ओरमांझी के सीमावर्ती क्षेत्र स्थित ओरमांझी थाना क्षेत्र की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक आशंका वाहन में तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की जताई जा रही है। घटना के बाद पुलिस ने यातायात को सामान्य कराया, जिसके बाद वाहनों का आवागमन सुचारु रूप से शुरू हो सका।


झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकासविभाग
जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू
दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2026

दिनांक :–02/07/2026 सूचना समय–10:30 बजे पूर्वा0 से0 3:30बजे अप0 तक
स्थान : पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्मृति भवन (टाउन हॉल), मेदिनीनगर।

| S.No | Company Name | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification | Experience | Age | Salary | Place of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Frontage Institute of Information Technology and Services Pvt. Ltd. | Centre Manager | 01 | Graduation/PG | 3-5 Year | 30-40 | 20-25 K | Palamu, Garhwa, Latehar |
| | | Customer Care Executive | 01 | 12th/BA+TOT/Fresher | 2-3 Year | 20-30 | 12-16 K | |
| | | FD Trainer | 02 | BA+TOT/Fresher | 2-3 Year | 20-30 | 12-16 K | |
| | | GDA Trainer | 01 | B.Sc. Nursing /GNM+TOT | 2-3 Year | 20-30 | 12-18 K | |
| | | Mobilizer (Field Officer) | 04 | 12th/Graduation | 1 Year | 20-40 | 10-20 K | |
| 2 | Anand Motors, Daltonganj | Sales Consultant | 10 | Graduation/MBA | 2-3 Year | 22-35 | 8000-12000/- | Palamu, Garhwa, Latehar |
| 3 | SIS Ltd. Garhwa | Security Guard | 50 | 10th | -- | 19-40 | 14000-28000/- | All India |
| | | Sec. Supervisor | 30 | 12th | -- | 21-37 | 16000-30000/- | |
| | | GTO | 10 | Graduation | -- | 21-37 | 33000-40000/- | |
| 4 | Freedom Employability Academy | Teacher | 10 | Graduation | -- | 18+ | 14500+3000 (HR) | Palamu/Garhwa/ Latehar/Ambikapur |
| 5 | Bharat Financial Inclusion Ltd, Daltonganj | Sangam Manager Trainee (SMT) | 30 | 10th/12th | -- | 18-30 | 12338-14943/- | Palamu, Garhwa, Latehar, Gumla, Lohardaga, Chatra |
| | | Customer Retention Officer | 30 | 10th/12th | -- | 18-30 | 12338-14943/- | |
| 6 | Premsons Motor Udyog Pvt. Ltd. | Field Sales Executive | 10 | 12th/Graduation | 1 Year | 22-35 | 18000-25000/- | Palamu |
| 7 | Adeeco India | Jr. Operator | 100 | 10th/12th/ITI/Diploma/ Graduation | -- | 18-25 | 24119-25192/- | Tamilnadu |
| | | Technical Associate | 50 | | -- | 18-32 | 19400/- | |
| | | Operator | 50 | | -- | 18-26 | 19616/- | |
| 9 | Airtel (Teamlease Pay Roll) | Field Technician | 40 | 10th+DL+Bike | -- | 18-55 | 19000-24000/- | Jamshedpur |
| 10 | Credit Access Grameen Koota Daltonganj | Kendra Manager | 20 | 12th,Graduation/ITI | DL | 18-29 | 12250/- | Palamu |
| 11 | Yazaki India Pvt Ltd/ Motherson India Pvt Ltd. | Assembly Operator/ Quality Inspector | M-100 F-100 | 8th/10th/12th | -- | 18-30 | 18000-25000/- | Tamilnadu |
| 12 | JAY MATAJI ENTERPRISES : VEE GEE AUTO COMPONENTS PVT. LTD. | Machine Operator | 50 | 9th/10th/12th/Graduation | -- | 18-35 | 18462-25962/- | Ahmedabad |
| | | Helper | 50 | 9th/10th/12th | -- | 18-35 | 18462-25962/- | |
| | | Quality | 50 | ITI/Diploma | -- | 18-35 | 20112-27612 | |
| 13 | Terrier Security Services India Ltd. | Security Guard | 100 | 10th | -- | 18-40 | 17000-23000 | Pan India |
| 14 | LIC of India | BimaSakhi& Agent | 100 | 10th | -- | 18+ | 7000+Commission | Palamu |
| 15 | Vision India Ltd :- (i) Hindalco | NAPS | 100 | ITI (Fitter/Welder) | -- | 18-28 | 12500/- | Sonbhadra (UP) |
| | (ii) Global Alluminne | NAPS | 100 | ITI (All Trade) | -- | 18-28 | 17500/- | Hyderabad |
| | (iii) MRF | NAPS | 100 | ITI (All Trade) | -- | 18-28 | 17500/- | Goa |
| 16 | Sindhuja Microcredit Pvt Ltd | Trainee Credit Officer | 50 | 12th | -- | 18-30 | 11500-15500/- | Jharkhand & Bihar |
| 17 | Premsons Bajaj | Sales Executive | 05 | 12th/Graduation | -- | 18+ | --- | Jharkhand |
| | | Team Leader | 03 | Graduation | -- | 22+ | | |
| | | Marketies Executive | 05 | 12th/Graduation | -- | 18+ | | |
| 18 | VijetaImpect Merchandise Pvt Ltd | Helper/ITI/Store Keeper/ Sec. Guard/Supervisor | 110 | 10th/12th/ITI | -- | 18-35 | 14500-22500/- | Pan India |
| 19 | EMINENT HR SOLUTION PVT LTD : VEE GEE AUTO COM PVT. LTD. | Robot Machine Operator | 100 | 10th/12th/ITI/Diploma/ Graduation | -- | 18-35 | 19000-24500/- | Ahmedabad |
| 20 | Instakart Services Pvt. Ltd. | Delivery Partner | 30 | 12th Pass | -- | 18+ | 15000-25000/- | Palamu |
| 21 | RSG Sales & Service Pvt. Ltd. | Sales Marketing | 60 | 12th | -- | 18-40 | 14000-18000/- | All over Jharkhand |
| | | Technician | 35 | 10th/12th/ITI | 2 Years | 18-40 | 15000-18000/- | |
| | | Survey Executive | 70 | 10th/12th | -- | 18-40 | 14000-17000/- | |
| | | Supervisor | 12 | Graduation+DCA | 1 Years | 22-40 | 16500-20000/- | |
| | | HR Executive | 05 | Graduation+ADCA | 1 Years | 22-40 | 18000-24000/- | |
| | | Computer Operator | 05 | 12th+ADCA/CCC | -- | 18-40 | 14000-16000/- | |
| | | Tele Caller | 30 | 10th/12th | -- | 18-40 | 10000-12000/- | |
| | | Accountant | 02 | B.Com/ADCA/Tally | 2 Years | 22-35 | 16000-20000/- | |
| 22 | Shriram Life Insurance Co. Ltd. | BA | 40 | 10th | -- | 18-50 | 22000/- | Garhwa |
| 23 | Ford Management Services (Shivkrupa Group) | Machine Operator/Helper | 50 | 10th/12th/B.A. | -- | 18-32 | 17000-21000/- | Ranjangaon (Pune) |
| 24 | Sun Bright Manpower Solution Pvt Ltd :- Honda Motorcycles & Scooters Pvt. Ltd. | Assembly Operator | 100 | 10th/ITI | -- | 18-27 | 21000/- | Bangalore |
| | | Quality Inspection | F-100 | 10th/ITI/Diploma | -- | 18-27 | 20500/- | |
| | | Line Operator | 100 | Diploma | -- | 18-27 | 19500/- | |
| 25 | Career Tree HR Solution Pvt. Ltd. (i) Delphi TVS Chennai | Learn Earn | 50 | 10th/12th | -- | 18-25 | 16000/- | Chennai |
| | (ii) Stellantis | Associate Technician | 50 | 10th/ITI | -- | 18-26 | 17500-22176/- | |
| | (iii)TVS Sundaram | Associate Technician | 50 | 10th/ITI | -- | 18-25 | 19823-21033/- | |
| 27 | EFFICACY AMS PVT. LTD. | Machine Operator | 50 | ITI/Diploma | -- | 18-32 | 15000-21000/- | Tamilnadu |
| 28 | SGRS Academic Pvt. Ltd. | FD Trainer | F-01 | Graduation | 3 Years | 18-35 | 19K-20K | Palamu |
| | | Warden | F-01 | 12th | 1 Year | 18-30 | 13K-15K | |
| | | Soft Skill Trainer | F-01 | Graduation | 2 Years | 30-35 | 16K-18K | |
| 29 | SvatantraMicrofin Ltd. | SFO | 50 | 10th, 12th, ITI | -- | 18-28 | 12,770/- | Palamu |

यह रोजगार मेला अभ्यर्थियों के योग्यतानुसार ऑनस्पॉट पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्मृति भवन (टाउन हॉल), मेदिनीनगर, पलामू में चयन करेगी। मेला में भाग लेने के ईच्छुक अभ्यर्थी को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित नहीं है तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से कर लें। अभ्यर्थी स्वयं भी अपना निबंधन विभाग के अधिकृत पोर्टल jharniyojan.jharkhad.gov.in पर कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन कार्यालय में निबंधन/नवीकरण का कार्य स्थगित रहेगा। रोजगार मेला में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क है। इच्छुक आवेदनकर्त्ता अपना बायोडाटा, फोटो, शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, स्थानीय प्रमाण–प्रत्र एवं नियोजनालय का निबंधन कार्ड के साथ इस मेला में भाग ले सकते हैं। नियुक्ति की शर्तो के लिए नियोजक स्वयं जिम्मेवार होंगे। नियोजनालय की भूमिका इस पूरी प्रक्रिया में सिर्फ सुविधा प्रदाता के रूप में है। यह रोजगार मेला पूर्वा 10:30 बजे से अप0 03:30 बजे तक संचालित रहेगा।

इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी, पलामू।

PR 383152 District(26-27)D



समाहरणालय, गढ़वा
(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
कार्यालय :- जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा
Email ID: dcpsgarhwa@gmail.com

आवश्यक सूचना

लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (POCSO), 2012 एवं नियम 2020 के अंतर्गत सहायक व्यक्ति (Support Person) की सेवा लेने हेतु पैनल निर्माण के लिए जिला स्तर पर प्रति केस शुल्क आधारित चयन संबंधी प्रकाशित विज्ञापन सं0–PR377464 Women, Child Development & Social Securtiy (2026-27)D, के आलोक में प्राप्त आवेदनों का स्क्रुटनी के पश्चात् योग्य आवेदनों की सूची जिला के आधिकारिक वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर अपलोड किया गया है।

योग्य आवेदकों को सूचित किया जाता है कि साक्षात्कार हेतु सभी आवश्यक दस्तावेज की मूल प्रति के साथ दिनांक–27.06.2026 को दोपहर 12:00 बजे सिविल कोर्ट, गढ़वा के सम्मेलन कक्ष (Conference Hall) में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

PR 383181 Women, Child Development & Social Security(26-27)#D

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा



Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited
(CIN:U40108JH2013SGC001702)
Electric Supply Area, Medininagar Fax No -06562-235078

E-TENDER 1st TIME EXTENTION NOTICE

Due to some unavoidable reasons e-tender NoticeNo-147/PR/JBVNL/2026-27 under Electric Supply Area, Medininagar is hereby time extended as following manner: -

IMPORTANT SCHEDULE OF DATES FOR ABOVE NIT's

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Availability of tender document on website | Up to 01.07.2026 Time 17.00 Hrs |
| 2. | Last Date and time for submitting e-tender | Up to 01.07.2026 Time 17.00 Hrs |
| 3. | Date and time of opening of tender (Technical and Commercial Part-I) | 03.07.2026 at 15:00 Hrs. |

4. Tender Notice is also available on our website: www.jharkhandtenders.gov.in
5. For any clarification, please contact 7488397213 EE(IT)
6. Other terms & condition will remain the same and duly available website.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
GM-cum-CE
ESA, Medininagar

PR No. 381771 PR 383175 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(26-27)D



Email : eedwsd.chatra01@gmail.com

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय द्वारा प्रकाषित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–06 वर्ष 2026–27 दिनांक 16.06.2026 जिसका P.R. No. 382547 (Drinking Water & Sanitation) 2026-27*D के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा की तिथि निम्नानुसार विस्तारित की जाती हैः–

| Sl. No. | Previously Published | | Amended as follow |
|---|---|---|---|
| 1. | परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि | 24.06.2026 समय 05:00 बजे अपराहन तक | 01.07.2026 समय 05:00 बजे अपराहन तक |
| 2. | निविदा प्राप्ति की तिथि | 25.06.2026 समय 03:00 बजे अपराहन तक | 02.07.2026 समय 03:00 बजे अपराहन तक |
| 3. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 25.06.2026 समय 04:00 बजे अपराहन तक | 02.07.2026 समय 04:00 बजे अपराहन तक |

निविदा की अन्य सभी नियम एवं शर्ते यथावत् प्रभावी रहेंगी।
यह शुद्धि–पत्र मूल निविदा दस्तावेज का अभिन्न अंग माना जाएगा।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

PR 383116 (Drinking Water and Sanitation) 26-27 (D)



कार्यालय जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी गढ़वा

आवश्यक सूचना

झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,गढ़वा के गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड गृह रक्षक (स्वयंसेवक) नियमावली–2014 के आलोक में पूर्व में नामांकित वैसे गृह रक्षक जिनका चार वर्षो का सेवा अवधि (बॉण्ड) समाप्त होने जा रहा है, उनकी पुनःनामांकन (बॉण्ड) की प्रकिया दिनांक–10.07.2026 सें 15.07.2026 तक उपायुक्त, गढ़वा द्वारा सुनिश्चित की गई है। यह कार्य कार्यालय अवधि 11:00 बजे पूर्वाह्न से **जिला समादेष्टा, कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गढ़वा** में किया जाना हैं। पुनः नामांकन कार्य प्रखण्डवार की जायेगी, तिथि निम्न प्रकार हैः–

| प्रखण्ड का नाम– | तिथि | प्रखण्ड का नाम– | तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. शहरी – | 10.07.2026 | 12. बरड़ीहा– | 13.07.2026 |
| 2. गढ़वा– | 10.07.2026 | 13. रंका– | 14.07.2026 |
| 3. मेराल– | 10.07.2026 | 14. भंडरिया– | 14.07.2026 |
| 4. रमुना– | 10.07.2026 | 15. रमकंडा– | 14.07.2026 |
| 5. नगर– | 11.07.2026 | 16. चिनिया– | 14.07.2026 |
| 6. सगमा– | 11.07.2026 | 17. बड़गड– | 15.07.2026 |
| 7. धुरकी– | 11.07.2026 | 18. केतार– | 15.07.2026 |
| 8. भवनाथपुर– | 11.07.2026 | 19. विशुनपुरा– | 15.07.2026 |
| 9. खरौंधी– | 13.07.2026 | 20. डण्डई– | 15.07.2026 |
| 10. मझिऑव– | 13.07.2026 | 21. डण्डा– | 15.07.2026 |
| 11. कांडी– | 13.07.2026 | | |

पुनः नामांकन प्रक्रिया में भाग लेने वाले गृह रक्षक पुरी वर्दी में रहेंगे तथा अपने साथ निम्न आवश्यक दस्तावेज लायेंगे।

9.गृह रक्षक प्रमाण पत्र
10.आधार कार्ड/मतदाता प्रमाण पत्र
11.दो नवीन फोटोग्राफ (पासपोर्ट साईज)

ह0/–
जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,गढ़वा

PR 383130 (Home)26-27*D

**विचार प्रवाह** प्रत्येक वर्तमान क्षण को पूर्णता के साथ जिएं और भविष्य अपनी चिंता स्वयं करेगा। प्रत्येक पल की भव्यता एवं सौंदर्य का पूर्ण आनंद उठाएं। शांति की उपस्थिति का अभ्यास करें। जितना अधिक आप ऐसा करेंगे, उतना ही अधिक आप अपने जीवन में उस शक्ति के अस्तित्व का अनुभव करेंगे। - **श्री श्री परमहंस योगानंद, योगदा सत्संग पाठ**

## राष्ट्रीय नवीन मेल

# सेटिंग गेटिंग से घर में बने दुकान अस्पताल से हो रहे अग्निकांड?



इंडिया

सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

हम विकसित देशों जैसी सुविधाओं भरा देश चाहते हैं और सेटिंग गेटिंग से सुरक्षा मानकों की अवहेलना करते हैं जबकि अग्निशमन, नगर निगम और राजस्व विभागों में ऐतिहासिक भ्रष्टाचार बिना सेवा का अधिकार सख्ती से लागू किए बिना समाप्त नहीं हो सकता ऐसे में अस्पताल और होटलों जैसे सुरक्षित स्थानों में कब तक निर्दोष जलेंगे? वर्तमान में टीवी पर बिलखते परिजन को देखकर हम सभी इसे फीचर फिल्म का दृश्य मान आगे बढ़ जाते हैं क्योंकि उसमें कोई अपना नहीं मरा पर। समाज आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां भ्रष्ट व्यवस्था के आगे मजबूर आदमी कुछ लेदेकर अपना और जाने कितने निर्दोषों की जान खतरे में डालने को विवश है। सेवा का अधिकार सुनने में तो है पर किसी भी काम की समय सीमा तय नहीं जिससे लखनऊ के 15 होनहार युवा जलकर मरे और दिल्ली का होटल अग्निकांड कुछ दिनों पहले हुआ था जिसकी लंबी श्रृंखला है। यदि बिना सुरक्षा व्यवस्था और फायर सेफ्टी के एनओसी दिया गया था तो उस पर या नहीं लिया गया तो मकान मालिक पर ऐसी कार्रवाई होनी चाहिए जो याद की जाए। दुःखद यह है कि जाति धर्म वर्ग में बंटे और गिरोहबंदी किए संगठन या राजनीतिक पार्टियों का लबादा ओढ़े भ्रष्ट लोग कानून की गिरफ्त से बचने के लिए ही अपने आसपास यह सुरक्षा कवच बनाते हैं। झारखंड में भी रिहायशी इलाकों में कुकुरमुत्ते की तरह खुली दुकानों, कोचिंग संस्थान, अस्पताल या स्कूलों को जिस अधिकारी ने अनुमति दी उससे पूछा जाना चाहिए कि आग लगने की स्थिति में या भगदड़ की स्थिति में राहत कैसे मिलेगी? घर बनाने से लेकर अस्पताल खोलना हो या कोई दुकान लोग सेटिंग-गेटिंग के आधार पर सुरक्षा के मानकों की अवहेलना करने से नहीं चूकते और तब उन्हें सिर्फ अपना मुनाफ़ा दिखता है अन्यथा सभी के लिए अग्नि सुरक्षा के कड़े मानक तय हैं जिनका सभी पालन करें तो हर साल कितने परिवार उजड़ने से बच जाएंगे। मुजफ्फरपुर के अस्पताल में आग से पांच लोग जल गए जो देश की पहली घटना नहीं थी, उसी तरह दिल्ली के मैक्स अस्पताल के पास छः कमरे के होटल को बिना स्वीकृति 16 कमरे में बदला जाना इसलिए ज्यादा चर्चित था क्योंकि मारे गए 21 लोगों में अधिकांश विदेशी थे जिससे देश के मेडिकल टूरिज्म को धक्का लगेगा। जब देश की राजधानी का यह हाल है तो झारखंड के होटलों का क्या हाल होगा सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। रांची के स्टेशन रोड सहित अनेक रिहायशी इलाकों में जैसे-तैसे बने होटलों में आग लग जाए तो भागने का रास्ता या आग बुझाने वाली गाड़ियों के जाने का रास्ता तक नहीं है जिससे स्थिति की गंभीरता को समझा जा सकता है। दुःखद यह है कि नए होटलों में भी सेटिंग-गेटिंग से एनओसी हासिल करने की सूचना है जिनकी संख्या बढती जा रही है और प्रायः हर शहर के आसपास बिना नक़्शे के बनने वाले घरों की गलियों की तो बात क्या मुख्य सड़क तक की इतनी चौड़ाई नहीं है कि आग बुझाने वाली गाड़ी जा सके जिससे कोलकाता के बड़ा बाजार जैसी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। हम सभी अग्निशमन विभाग या नगर निगम के भ्रष्टाचार से इतने त्रस्त हैं कि कुछ ले-देकर बिना निर्धारित मापदंड घर,दुकान या अस्पताल तक बनाकर खुश होते हैं कि चलो हम तो बच गए पर ऐसी ही लापरवाही का नतीजा है दो दुःखद घटनाएं जिसमें कितने घर उजड़ गए या जीवन भर का दर्द मिल गया। दिल्ली में बीते पांच महीनों में आग की 10 हजार से अधिक घटनाओं में 44 से ज्यादा लोगों की जान गई है। मालवीय नगर के बेड-एंड-ब्रेकफास्ट होटल में लगी आग में 21 लोगों की मौत हुई। उपहार सिनेमा अग्निकांड में 1997 में 59 लोग मारे गए थे, जिसमें बंद एग्जिट गेट्स प्रमुख कारण माना गया था। उपहार सिनेमा से लेकर मालवीय नगर होटल तक 29 साल बीत गए, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। बीते 5 महीनों में ही दिल्ली में आग की 10 हजार से ज्यादा अलग-अलग घटनाओं में 44 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। राजधानी में भीषण आग के लंबे और दुखद इतिहास में एक और अध्याय जुड़ गया। बार-बार जांच, मुआवजे की घोषणाओं और हर बड़ी आपदा के बाद सख्त कार्रवाई के वादों के बावजूद, देश में आग लगने की घटनाएं जारी हैं, जिनमें निर्दोष लोगों की जान जाती है। दिल्ली में आग की सबसे घातक घटना 1997 में ग्रीन पार्क स्थित उपहार सिनेमा में लगी आग है, जहां फिल्म बॉर्डर की स्क्रीनिंग के दौरान ट्रांसफार्मर में खराबी के कारण भीषण आग लग गई थी। उपहार सिनेमा हादसे के लगभग 22 साल बाद दिसंबर 2019 में अनाज मंडी में लगी आग में 43 मजदूर मारे गए, जिनमें से कई सो रहे थे। पुरानी दिल्ली के एक भीड़भाड़ वाले इलाके में चल रही एक अवैध निर्माण इकाई में फंस गए थे। जांचकर्ताओं ने पाया कि इमारत में फायर सेफ्टी के इंतजाम और इमरजेंसी एग्जिट गेट नहीं थे, जबकि संकरी गलियों के कारण बचाव कार्य में देरी हुई। ऐसे में कई लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। दिल्ली में लगी कई अन्य बड़ी आग की घटनाओं ने भी सुरक्षा नियमों के गंभीर उल्लंघन को उजागर किया है। साल 2011 में नंद नगरी में एक धार्मिक सभा के दौरान लगी आग में 14 लोगों की जान चली गई। जनवरी 2018 में बवाना में एक अवैध पटाखा और पैकेजिंग इकाई में लगी आग में 17 लोग मारे गए। एक साल बाद, करोल बाग के एक होटल में लगी आग में 17 लोगों की मौत हो गई, जहां जांचकर्ताओं ने इस त्रासदी को कई उल्लंघनों से जोड़ा. इनमें अवैध रूप से निर्मित रसोईघर भी शामिल था। मई 2022 में मुंडका में एक व्यावसायिक इमारत में भीषण आग लग गई, जिसमें 27 लोगों की मौत हो गई और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा नियमों की गंभीर कमियों को उजागर किया। कुल मिलाकर, जनवरी से मई 2026 के बीच दिल्ली में आग से संबंधित 10,103 कॉल दर्ज की गईं और 44 लोगों की मौत हुई। सबसे बड़ा सवाल यह है कि ऐसा कब तक और क्यों चलेगा? आवश्यकता है कि झारखंड के सभी होटलों और अस्पतालों की सुरक्षा ऑडिट कराई जाए।

**आपातकाल : भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय**

# आपातकाल... इंदिरा गांधी की उस क्रूरता को देश कभी नहीं भूल सकता

आज की बात



बाबूलाल मरांडी
नेता प्रतिपक्ष, झारखंड विधानसभा

> **25 जून 1975 की मध्यरात्रि को लागू किया गया आपातकाल लोकतांत्रिक संस्थाओं, नागरिक स्वतंत्रताओं और संविधान की मूल भावना को कुचलने का प्रयास था। 26 जून 1975 की सुबह प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आकाशवाणी के माध्यम से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, "राष्ट्रपति ने आपातकाल की घोषणा की है**

अंग्रेजों से स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद भारत एक लोकतांत्रिक राष्ट्र बना, किंतु स्वतंत्रता के ठीक 28 वर्ष बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा थोपा गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर सबसे बड़ा आघात सिद्ध हुआ। 25 जून 1975 की मध्यरात्रि को लागू किया गया आपातकाल लोकतांत्रिक संस्थाओं, नागरिक स्वतंत्रताओं और संविधान की मूल भावना को कुचलने का प्रयास था। 26 जून 1975 की सुबह प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आकाशवाणी के माध्यम से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, "राष्ट्रपति ने आपातकाल की घोषणा की है। घबराने की कोई बात नहीं है।" किंतु यह घोषणा भारतीय लोकतंत्र के लिए एक भयावह दौर की शुरुआत थी। सत्ता बचाने की लालसा में इंदिरा गांधी ने तानाशाही का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी स्मृतियां आज भी उस पीढ़ी को विचलित कर देती हैं। भारत इससे पूर्व अनुच्छेद-352 के अंतर्गत दो बार आपातकाल देख चुका था—1962 में चीन के आक्रमण तथा 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान। किंतु 1975 का आपातकाल पहली बार "आंतरिक अशांति" के आधार पर घोषित किया गया था। आपातकाल की घोषणा के साथ ही जयप्रकाश नारायण, मोरारजी देसाई, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, जॉर्ज फर्नांडिस सहित सैकड़ों विपक्षी नेताओं को रातोंरात गिरफ्तार कर लिया गया। सत्ता पक्ष में होते हुए भी चंद्रशेखर को जेल भेज दिया गया क्योंकि वे इंदिरा गांधी की नीतियों के आलोचक बन चुके थे। प्रेस पर कठोर सेंसरशिप लागू कर दी गई। समाचार-पत्रों को प्रकाशन से पहले सरकारी स्वीकृति लेना अनिवार्य कर दिया गया। मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए और नागरिक स्वतंत्रताओं का दमन किया गया। परिणामस्वरूप कार्यपालिका निरंकुश हो गई तथा लोकतंत्र का स्वरूप लगभग समाप्त-सा हो गया।

इंदिरा गांधी केवल आपातकाल लागू कर संतुष्ट नहीं हुईं। उन्होंने इसी अवधि में 42वाँ संविधान संशोधन भी कराया, जिसे संविधान के इतिहास के सबसे व्यापक और विवादास्पद संशोधनों में गिना जाता है। आलोचकों ने इसे "मिनी संविधान" तक कहा। पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जे.सी. शाह की अध्यक्षता में गठित शाह आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि 25 जून 1975 को राष्ट्रपति को आपातकाल की सलाह देने से पहले मंत्रिपरिषद से समुचित परामर्श नहीं किया गया था। आयोग ने यह भी माना कि आपातकाल किसी वास्तविक राष्ट्रीय संकट का परिणाम नहीं था, बल्कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा इंदिरा गांधी के निर्वाचन को अवैध घोषित किए जाने के बाद उत्पन्न राजनीतिक संकट से उबरने का एक पूर्वनियोजित प्रयास था।





1971 के लोकसभा चुनाव में रायबरेली से जीत हासिल करने के बाद इंदिरा गांधी के प्रतिद्वंद्वी राजनारायण ने उनके निर्वाचन को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी। उन पर सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग और चुनावी भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए। उधर देश गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा था। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर थे। गुजरात और बिहार में छात्र आंदोलनों ने व्यापक जनसमर्थन प्राप्त कर लिया था। 1974 में जॉर्ज फर्नांडिस के नेतृत्व में हुई देशव्यापी रेल हड़ताल ने केंद्र सरकार की मुश्किलें और बढ़ा दी थीं।

12 जून 1975 को न्यायमूर्ति जगमोहनलाल सिन्हा ने इंदिरा गांधी के निर्वाचन को अवैध घोषित करते हुए उन्हें छह वर्षों तक चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहरा दिया। इसके बाद उनकी राजनीतिक स्थिति संकट में आ गई। इसी पृष्ठभूमि में 25 जून 1975 की रात राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद की मंजूरी से देश में आपातकाल लागू कर दिया गया। संसदीय लोकतंत्र में ऐसी परिस्थिति आने पर नैतिक आधार पर त्यागपत्र देना एक स्वाभाविक विकल्प माना जाता है। इंदिरा गांधी चाहतीं तो किसी अन्य वरिष्ठ नेता को प्रधानमंत्री पद सौंप सकती थीं, किंतु उन्होंने ऐसा नहीं किया। इसके विपरीत उन्होंने आपातकाल का रास्ता चुना और सत्ता अपने हाथों में केंद्रित कर ली।

आपातकाल कुल 19 महीनों तक चला। इस दौरान संसद की अवधि बढ़ा दी गई और लोकतांत्रिक प्रक्रियाएँ सीमित कर दी गईं। मार्च 1977 में जब आम चुनाव हुए तो जनता ने कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर दिया। स्वयं इंदिरा गांधी रायबरेली से चुनाव हार गईं। आपातकाल के दौरान मीसा और डीआईआर के तहत एक लाख से अधिक लोगों को जेलों में बंद किया गया। जयप्रकाश नारायण सहित अनेक नेताओं को लंबी अवधि तक कारावास झेलना पड़ा। इसी काल में संजय गांधी के प्रभाव में व्यापक स्तर पर नसबंदी अभियान चलाया गया। लाखों लोगों की जबरन नसबंदी कराई गई। अनेक स्थानों पर प्रशासनिक दबाव और पुलिस कार्रवाई के माध्यम से लोगों को इस अभियान का शिकार बनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी पुस्तक "The Emergency Diaries" में आपातकाल के दौरान के अनुभवों का उल्लेख किया है। उन्होंने लिखा है कि उस समय वे एक युवा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रचारक थे और लोकतंत्र की रक्षा के लिए चल रहे आंदोलन से जुड़े थे। उनके अनुसार, आपातकाल का दौर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के महत्व को समझने का एक बड़ा अनुभव था।

आज का भारत 1975 वाला भारत नहीं है। लोकतांत्रिक संस्थाएँ कहीं अधिक मजबूत हैं और नागरिक अपने अधिकारों के प्रति अधिक सजग हैं। किंतु आपातकाल की स्मृति हमें यह चेतावनी देती है कि लोकतंत्र केवल संविधान की धाराओं से नहीं, बल्कि सत्ता की जवाबदेही, नागरिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण से जीवित रहता है। 25 जून 1975 का आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का वह अध्याय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह सत्ता के केंद्रीकरण और संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग के खतरों का स्थायी स्मरण कराता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**


# बाबू रामनारायण ग्राम पंचायत व्यवस्था के लिए आजीवन संघर्षरत थे

अलग बात



विजय केसरी

बाबू राम नारायण सिंह की राजनीति सत्य अहिंसा के दर्पण पर आधारित थी। वे, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर भारतीय स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े थे। उन्होंने जीवन के अंतिम क्षण तक सत्य अहिंसा का दामन नहीं छोड़ा। वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सत्ता का लाभ पहुंचाना चाहते थे। देश की आजादी के बाद नेताओं के भाषणों में अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की बातें कही जाती रहीं, लेकिन आजादी के 79 वर्षों के लंबे सफर के बाद भी समाज के अंतिम व्यक्ति हाशिए पर ही नजर आता हैं। बाबू राम नारायण सिंह ने स्वतंत्र भारत में हाशिए पर रह रहे लोगों को मुख्यधारा में लाने के लिए जीवन पर्यंत प्रयास किया था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तरह बाबू राम नारायण सिंह भी देश में ग्राम पंचायत व्यवस्था के तहत प्रधान सेवक अथवा राष्ट्रपति शासन प्रणाली के पक्षधर थे। जब संपूर्ण देश आजादी के अमृत महोत्सव की ओर बढ़ रहा था,, ऐसे में उड़ीसा प्रांत की जनजातीय समुदाय की एक संघर्षशील महिला द्रोपदी मुर्मू का राष्ट्रपति बनना बड़े ही हर्ष और गौरव की बात है। देश की आजादी के बाद यह पहला अवसर था, जब देश की सर्वोच्च पद पर एक जनजातीय समाज की महिला आसीन हुई। यह कल्पना देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और बाबू राम नारायण सिंह जैसे महान नेताओं ने देखा था। उन सबों का सपना साकार हुआ। स्वाधीनता संग्राम के शिखर पुरुष, संविधान सभा के सदस्य एवं झारखंड अलग प्रांत के प्रथम पक्षकार बाबू राम नारायण सिंह का संपूर्ण जीवन भारत की आजादी एवं समाजोत्थान को समर्पित रहा था। वे देश की आजादी के बाद स्वाधीनता की रक्षा एवं समाज सेवा से आजीव जुड़े रहे थे। उनकी राजनीति का अर्थ सिर्फ सत्ता प्राप्ति न थी, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंच सके। वे देश के तमाम बड़े नेताओं महात्मा गांधी, डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद, आचार्य कृपलानी, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, सुभाष चंद्र बोस, विनोबा भावे, सरदार वल्लभभाई पटेल आदि नेताओं के साथ कदम से कदम मिलाकर स्वाधीनता आंदोलन की लड़ाई लड़े थे। बाबू राम नारायण सिंह मंच पर पहुंचते ही, उन्हें देखने और सुनने वालों की भीड़ लग जाती थी। अंग्रेजो के खिलाफ बेबाक खुलकर बोला करते थे। ब्रिटिश हुकूमत को तुरंत भारत की धरती खाली करने का हुक्म सुनाया करते थे । उनका स्पष्ट मत था कि ब्रिटिश हुकूमत ने छलावा, कूटनीति- राजनीति के बल पर भारत को गुलाम बनाया था। भोले - भाले भारतीयों को अपने व्यवसाय के भंवर जाल में फंसाकर धीरे-धीरे ब्रिटिश हुकूमत ने सत्ता की बागडोर अपने हाथों में ले लिया। अब भारतीय उनके भंवर में फंसने वाले नहीं है, बल्कि करोड़ों हिंदुस्तानी मिलजुलकर अंग्रेजी हुकूमत को भारत से खदेड़ कर ही दम लेंगे।



बाबू राम नारायण सिंह की उक्त बातों का संपूर्ण देश में ऐसा असर हुआ कि देखते ही देखते देश के लोकप्रिय नेताओं में गिने जाने लगे। देश भर से उन्हें वक्तव्य देने के लिए बुलावा आने लगा। वे किसी भी बात को पर्दे में नहीं बोला करते थे। ब्रिटिश हुकूमत की स्वाधीनता आंदोलन की हिट लिस्ट में बाबू राम नारायण सिंह का नाम दर्ज हो गया था। कई बार ब्रिटिश हुकूमत ने बाबू रामनारायण सिंह को जेल में डाला, किंतु उनके हौसले कभी कम नहीं हुए। वे लगातार अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आग उगलते ही रहे थे। बाबू राम नारायण सिंह महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित होकर भारतीय स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े थे। महात्मा गांधी के विचारों के प्रबल समर्थक थे। महात्मा गांधी की तरह ही उनका आचरण था। कम से कम सुविधा लिया करते थे। आमजन की तरह रहना और भोजन करना उन्हें पसंद था। समय के बड़े पाबन्द थे। हर काम को समय पर किया करते थे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### उपहार की राख से लखनऊ की लपटों तक



मंगल सिंह

सन 1997 में यही जून का महिना था जब दिल्ली के मशहूर उपहार सिनेमा में बॉर्डर फिल्म लोगों के द्वारा देखी जा रही थी, तभी अचानक से बेसमेंट में लगे इलेक्ट्रिक ट्रांसफॉर्मर में आग लग गई और देखते ही देखते पूरे सिनेमा हाल के अंदर धुआं भर गया था। इस अफरा तफरी में 59 लोगों की जान गई थी और साथ ही 100 से अधिक लोग घायल हुए थे ऐसा इसलिए हुआ था क्यूंकी उस सिनेमा हाल में निकास द्वार ही बंद थे और एमरजेन्सी लाइट काम ही नहीं कर रही थी। अंसल बंधुओं ने सुरक्षा के सारे मानक को ताक पर रख दिया था विडम्बना यह थी कि जिनके सगे संबंधी इस दुर्घटना में अपनी जान गवाई उनके लिए भी न्याय मिलना आसान नहीं था। पीड़ित परिवारों ने एसोसिएशन ऑफ विक्टिम्स ऑफ उपहार ट्रैजडी बनाकर 23 वर्ष की एक लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी तब जाकर उन्हे न्याय मिला। विभिन्न जांच से यह पता चला कि उस सिनेमा हाल में न तो पर्याप्त अग्नि सुरक्षा थी और आपातकालीन दरवाजे भी अवरुद्ध थे साथ ही ट्रांस्फॉर्मर के रखरखाव में भी लापरवाही थी। इस घटना के बाद विभिन्न सरकारों की नींद खुली और उन्होंने इस दुर्घटना को नजीर मानते हुए बहुत से मानकों का निर्धारण किया गया जैसे पर्याप्त आपातकालीन निकास, भवन की उचाई के अनुसार अग्निशमन की व्यवस्था की जाएगी, अग्निशामक यंत्र लगाए जाएंगे और फायर अलार्म लगाए जाएंगे, एनओसी लेना अनिवार्य किया जाएगा। लेकिन ये सारे दावे ढाक के तीन पात साबित हुए। ऐसे में जब आज फिर लखनऊ के अलीगंज में जब आग लगने की त्रासदी होती है तो शासन प्रशासन का असली रूप सामने आता है। जब 15 मासूमों की जान गई तो इसके गुनहगारों को सजा मिलेगी भी या नहीं ये तो जांच के बाद ही पता चलेगा लेकिन पीड़ित परिवारों के दर्द महज मुआवजों से कम हो जाएगा। प्रथम दृष्ट्या मामला एनओसी न लेकर बनाए जाने की बात हो रही है लेकिन एक बात यह नहीं समझ में आती है कि जब दुर्घटना घटित हो जाती है तब ये पता चलता है कि बिल्डिंग ने मानक का पालन नहीं किया। लेकिन इन नाकाम नगर निगम, फायर सर्विस विभाग और भवन के मालिक इतने लापरवाह हो जाते हैं कि इनको फर्क ही नहीं पड़ता कि कितनी आग लग रही, कितने लोग मर रहे।

## राष्ट्रीय नवीन मेल
## धर्म-अध्यात्म

### स्वयं पर जय प्राप्त करना ही वास्तव में विजयी होना है



श्री श्री परमहंस योगानंद

ईश्वर आपकी सहनशक्ति से अधिक कष्ट आपको कभी भी नहीं देंगे। सन्त फ्रान्सिस के कष्ट आपकी कल्पना से परे थे, परन्तु उन्होंने कभी हिम्मत नहीं हारी। एक-एक करके, मन की शक्ति से, उन्होंने उन बाधाओं पर विजय पाई और विश्व के स्वामी के साथ एक हो गए। आपमें इस प्रकार का दृढ़ संकल्प क्यों नहीं होना चाहिए? प्रत्येक परीक्षण का, जो आपके पास आता है, स्वयं को सुधारने के एक सुअवसर के रूप में प्रयोग करें। जब आप जीवन की कठिनाइयों एवं परीक्षणों से गुज़र रहे होते हैं, तो प्रायः आप विद्रोही हो जाते हैं: "ऐसा मेरे साथ क्यों होना चाहिए?" इसकी अपेक्षा, आपको प्रत्येक परीक्षण को एक कुदाली के रूप में समझना चाहिए जिसके द्वारा अपनी चेतना की मिट्टी को खोदना है और भीतरी आध्यात्मिक शक्ति के स्रोत को मुक्त करना है। प्रत्येक परीक्षण को उस शक्ति को प्रकट करना चाहिए जो आपके भीतर ईश्वर के प्रतिबिम्ब में बनी, उनकी सन्तान होने के कारण छिपी है। समस्याओं से पलायन करना एक सरलतम उपाय प्रतीत हो सकता है। परन्तु आपकी शक्ति तभी बढ़ती है जब आप एक बलशाली प्रतिद्वन्द्वी से कुश्ती लड़ते हैं। जिस व्यक्ति के पास कोई कठिनाइयाँ नहीं हैं, यह वही व्यक्ति है जो विकास नहीं करता। वह जीवन कोई जीवन ही नहीं जिसमें समस्यायें न हों-जो हमें खुद को बेहतर बनाने की और अपनी दिव्य क्षमता का विकास करने की प्रेरणा ही न प्रदान करता हो। स्वयं पर जय प्राप्त करना ही वास्तव में विजयी होना है- इसका अर्थ है अपनी आबद्ध चेतना पर विजय प्राप्त करना और निर्बाध रूप से अपनी दिव्य शक्तियों का विस्तार करना।

**-पुस्तक जहां है प्रकाश से साभार**

# ईरान, होर्मुज और बदलती विश्व व्यवस्था


देश की बात



महेंद्र तिवारी

विश्व राजनीति में शक्ति का अर्थ समय के साथ निरंतर बदलता रहा है। इतिहास के विभिन्न कालखंडों में शक्ति के मानक बदलते रहे हैं। कभी विशाल और अजेय सेनाएँ किसी साम्राज्य या देश की ताकत का सबसे बड़ा प्रतीक मानी जाती थीं, तो कभी औद्योगिक क्रांति के बाद औद्योगिक उत्पादन और आर्थिक क्षमता को वैश्विक शक्ति का मुख्य आधार समझा गया। 20वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में, विशेषकर शीतयुद्ध के दौर में, परमाणु हथियारों को सर्वोच्च शक्ति और संप्रभुता का प्रतीक माना जाने लगा। ऐसा माना जाता था कि परमाणु क्षमता से संपन्न देश ही वैश्विक व्यवस्था की दिशा तय कर सकते हैं। किंतु 21वीं शताब्दी के आगमन ने इन सभी पारंपरिक धारणाओं को पीछे छोड़ दिया है। आज के दौर में वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति, तकनीकी नेटवर्क और समुद्री मार्गों ने शक्ति की परिभाषा को एक बिल्कुल नया और बहुआयामी स्वरूप प्रदान किया है। हाल के वर्षों में ईरान और पश्चिमी देशों के बीच बढ़े तनाव तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उभरी परिस्थितियों ने यह पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक दुनिया में केवल सैन्य सामर्थ्य ही निर्णायक नहीं है। किसी महत्वपूर्ण भौगोलिक मार्ग, संसाधन अथवा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर नियंत्रण भी उतना ही प्रभावशाली और रणनीतिक साधन बन सकता है। यही वह महत्वपूर्ण संदेश है जो ईरान की वर्तमान रणनीति के माध्यम से पूरी दुनिया के सामने उभरकर आया है। होर्मुज जलडमरूमध्य पश्चिम एशिया का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील समुद्री मार्ग है। भौगोलिक दृष्टि से यह फारस की खाड़ी को अरब सागर और हिंद महासागर से जोड़ता है। इस संकरे मार्ग का महत्व इस बात से समझा जा सकता है कि सऊदी अरब, इराक, कुवैत, कतर, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात जैसे दुनिया के सबसे प्रमुख तेल उत्पादक देशों का समुद्री निर्यात इसी मार्ग से होकर गुजरता है। वैश्विक कच्चे तेल की कुल आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा रोजाना इस संकरे जलमार्ग से दुनिया के विभिन्न हिस्सों तक पहुँचता है। इसके अलावा, तरल प्राकृतिक गैस के वैश्विक समुद्री व्यापार का भी एक बहुत बड़ा भाग इसी रास्ते से तय होता है। इसलिए होर्मुज केवल एक साधारण जलमार्ग नहीं है, बल्कि यह वैश्विक अर्थव्यवस्था की धड़कन है। यदि इस मार्ग में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न होती है या तनाव बढ़ता है, तो उसका सीधा और तात्कालिक प्रभाव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा की कीमतों, समुद्री परिवहन लागत, औद्योगिक उत्पादन और दुनिया भर के उपभोक्ता बाजारों पर दिखाई देने लगता है। इस पूरे परिदृश्य में ईरान की भौगोलिक स्थिति उसे इस क्षेत्र में एक विशिष्ट सामरिक महत्व प्रदान करती है। इस जलडमरूमध्य के उत्तरी तट पर ईरान का सीधा भौगोलिक प्रभाव है और इसी कारण वह लंबे समय से इस मार्ग को अपनी सबसे बड़ी रणनीतिक शक्ति के रूप में देखता रहा है। जब भी पश्चिमी देशों द्वारा ईरान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए गए या उसकी सुरक्षा संबंधी चिंताओं की अनदेखी की गई, तब उसने बार-बार यह संकेत दिया कि वह होर्मुज में जहाजों के आवागमन को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। कई अवसरों पर ईरान ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से यह चेतावनी भी दी है कि यदि उसके राष्ट्रीय हितों को गंभीर नुकसान पहुँचाया गया, तो वह इस मार्ग को पूरी तरह बंद करने अथवा यहाँ अतिरिक्त नियंत्रण स्थापित करने पर विचार कर सकता है। यहीं से दुनिया के लिए एक नया भू-राजनीतिक संदेश निकलता है कि आधुनिक अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में भूगोल स्वयं एक बहुत बड़ी शक्ति है। यदि किसी देश के पास कोई ऐसा विशिष्ट स्थान है जो वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति या सामरिक गतिविधियों के लिए अनिवार्य है, तो वह देश अपनी सीमित सैन्य या आर्थिक क्षमताओं के बावजूद वैश्विक मंच पर अत्यंत महत्वपूर्ण प्रभाव रख सकता है। ईरान दशकों से भारी आर्थिक प्रतिबंधों और राजनीतिक दबावों का सामना कर रहा है, लेकिन होर्मुज पर उसकी सामरिक स्थिति उसे विश्व राजनीति में लगातार प्रासंगिक और शक्तिशाली बनाए रखती है। यह स्थिति पारंपरिक शक्ति संतुलन को भी गंभीर चुनौती देती है। लंबे समय तक वैश्विक राजनीति में यह माना जाता रहा कि बड़ी सैन्य और परमाणु शक्ति रखने वाले देश किसी भी क्षेत्रीय संकट का समाधान अपने पक्ष में करने में सक्षम होते हैं। लेकिन होर्मुज का उदाहरण दिखाता है कि कठोर भौगोलिक वास्तविकताएँ कई बार विशाल सैन्य शक्ति को भी सीमित कर देती हैं। यदि इस समुद्री मार्ग पर थोड़ा भी तनाव बढ़ता है तो उसका असर केवल एक क्षेत्र पर नहीं बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ता है। इसलिए दुनिया के सबसे शक्तिशाली देशों को भी यहाँ किसी भी प्रकार की सैन्य कार्रवाई करने से पहले कूटनीति, समझौतों और क्षेत्रीय संतुलन का सहारा लेना पड़ता है। इसके साथ ही, ईरान की इस रणनीति ने वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के प्रश्न को एक बार फिर केंद्र में ला दिया है। ऊर्जा आधुनिक अर्थव्यवस्था की आधारशिला है जिसके बिना उद्योग, परिवहन, कृषि और संचार जैसे लगभग सभी क्षेत्र ठप हो सकते हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**फेसबुक वॉल से**




**एक्स से**




## आज का दोहा

गलती हो तो माफ सब, कर देते चुपचाप।
वक्त माफ करता नहीं, तिरलोकी लो नाप।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे, स्थानीय संपादक : डॉ राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# गांजा तस्करी के मामले में फरार आरोपी के घर चिपकाया गया इश्तेहार

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** ठेठईटांगर थाना के एनडीपीएस कांड के फरार अभियुक्त राजू राय पिता-रोहित राय निवासी रथ मोड़, तामड़ा के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार का बुधवार को तामड़ा स्थित आवास में विधिवत तामिला किया गया। इस दौरान पुलिस ने ग्रामीणों की उपस्थिति में डुगडुगी बजाकर उद्घोषणा की तथा आरोपी के घर पर इश्तेहार चस्पा किया। कार्रवाई के दौरान थाना प्रभारी नवीन कुमार एवं सिमडेगा थाना प्रभारी संजीत कुमार मौजूद रहे।बताया गया कि कुछ दिन पूर्व गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर तामड़ा स्थित राजू राय के घर में छापेमारी की गई थी, जहां से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ था। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, जबकि राजू राय फरार हो गया था।पुलिस ने बताया कि न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी के घर पर इश्तेहार चस्पा कर उसे निर्धारित समय के भीतर न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि समय पर न्यायालय में प्रस्तुत नहीं होने की स्थिति में उसके विरुद्ध कानूनी प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विद्यालय में चोरी मामले का खुलासा, दो गिरफ्तार, एक नाबालिग निरुद्ध



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा।** राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय भट्टीटोली में हुई चोरी की घटना का सिमडेगा पुलिस ने सफलतापूर्वक उद्भेदन कर लिया है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। इसकी जानकारी बुधवार को एसडीपीओ धर्मदेव पासवान ने दी।उन्होंने बताया कि सिमडेगा थाना कांड संख्या 86/2026 के तहत विद्यालय की सहायक शिक्षिका बीना लकड़ा के लिखित आवेदन पर मामला दर्ज किया गया था। आवेदन में कहा गया था कि 20 जून की रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय में चोरी की घटना को अंजाम दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया।जांच के दौरान तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने भट्टीटोली निवासी उमर फारूख खान तथा ईदगाह मुहल्ला निवासी सादिक खान उर्फ साहब खान को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। इसके अलावा एक नाबालिग को भी निरुद्ध किया गया, जिसने अपराध में शामिल होने की बात स्वीकार कीआरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने विद्यालय से चोरी गए दो टैबलेट, एक भरा हुआ गैस सिलेंडर, गैस उपभोक्ता पासबुक, विभिन्न समितियों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के बैंक पासबुक, चेकबुक, दो बायोमेट्रिक अटेंडेंस डिवाइस तथा विद्यालय की आठ मोहर बरामद की हैं।कांड के उद्भेदन में थाना प्रभारी संजीत कुमार, अनुपम एक्का, संतोष कुमार राय, मुकुट सिंह कुंटिया, राकेश कुमार राय, सशस्त्र बल एवं चौकीदारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# धर्म परिवर्तन मामले में 8 वर्षों से फरार चार वारंटी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** पाकरटांड़ थाना क्षेत्र में धर्म परिवर्तन कराने के मामले में पिछले आठ वर्षों से फरार चल रहे एक महिला सहित चार वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसकी जानकारी बुधवार को एसडीपीओ धर्मदेव पासवान ने प्रेस वार्ता में दी।उन्होंने बताया कि 22 जून 2018 को पाकरटांड़ थाना क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा एक परिवार को बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराने का मामला सामने आया था। इस संबंध में झारखंड धर्म स्वतंत्र अधिनियम के तहत पाकरटांड़ थाना कांड संख्या 11/2018 दर्ज किया गया था। मामले में सुकरा लाजरुस बारला, अगस्तुस एक्का, मोनिका एक्का तथा बुद्धु एक्का को आरोपी बनाया गया था।घटना के बाद से चारों आरोपी फरार चल रहे थे। इनके विरुद्ध न्यायालय से गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



# नीट परीक्षा को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार को घेरा, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव एवं सांसद के.सी. वेणुगोपाल के पत्र तथा झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर छात्रों एवं युवाओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर सिमडेगा जिला कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को प्रेस वार्ता आयोजित की। प्रेस वार्ता में नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं, भर्ती प्रक्रियाओं में विलंब, बढ़ती बेरोजगारी तथा शिक्षा व्यवस्था की चुनौतियों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा गया।जिला कांग्रेस अध्यक्ष सह विधायक भूषण बाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मीडिया प्रवक्ता सुनील सिंह ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के कार्यकाल में नीट परीक्षा




को लेकर लगातार विवाद सामने आए हैं, जिससे लाखों छात्रों और अभिभावकों में असमंजस की स्थिति उत्पन्न हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने में केंद्र सरकार विफल रही है।सुनील सिंह ने कहा कि भर्ती प्रक्रियाओं में देरी और रोजगार के अवसरों की कमी से देश का युवा वर्ग निराश है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान शिक्षा नीति और शिक्षण संस्थानों के बढ़ते निजीकरण से आम एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। कांग्रेस का मानना है कि शिक्षा सभी के लिए सुलभ और समान अवसर प्रदान करने वाली होनी चाहिए।उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की। साथ ही कहा कि कांग्रेस पार्टी छात्रों और युवाओं के हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष जारी रखेगी। प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े मामलों में केंद्र सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की।

# सिमडेगा के विकास को लगेंगे नए पंख, सड़क निर्माण योजना को मिली गति

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा की पहल पर जिले के सड़क नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने विधायक द्वारा सौंपे गए मांग पत्र पर सकारात्मक संज्ञान लेते हुए संबंधित प्रस्ताव को आगे की कार्रवाई एवं तकनीकी स्वीकृति के लिए अधिकारियों को भेज दिया है।विधायक भूषण बाड़ा ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री से मुलाकात कर रांची रिंग रोड से ओडिशा बॉर्डर तथा बीरू से छत्तीसगढ़ बॉर्डर तक सड़क निर्माण की मांग रखी थी। उन्होंने इन परियोजनाओं से क्षेत्र को होने वाले लाभों की विस्तार से जानकारी भी दी थी।प्रस्ताव के अनुसार रांची रिंग रोड से ओडिशा बॉर्डर तक 184 किलोमीटर तथा बीरू से छत्तीसगढ़ बॉर्डर तक 87 किलोमीटर सड़क निर्माण की योजना है। इन सड़कों के बनने से सिमडेगा का संपर्क पड़ोसी राज्यों से बेहतर होगा, परिवहन सुगम बनेगा तथा व्यापार, रोजगार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।स्थानीय लोगों का मानना है कि इस पहल से जिले के ग्रामीण और सीमावर्ती क्षेत्रों को विशेष लाभ मिलेगा तथा किसानों को अपनी उपज बड़े बाजारों तक पहुंचाने में सुविधा होगी।

## पोक्सो मामले के आरोपी को मिली 20 वर्ष कारावास और 40000 जुर्माने की सज़ा

**सिमडेगा।** पीडीजे राजीव कुमार सिन्हा की विशेष अदालत ने बुधवार को कोलेबिरा थाना कांड संख्या 70/2023 के तहत दर्ज पोक्सो मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी शिवचरण महतो को 20 वर्ष कारावास और 40000 जुर्माने की सज़ा सुनाई। बताया गया कि कोलेबिरा थाना क्षेत्र में विगत 23 अक्टूबर 2023 को शिवचरण महतो एक 10 वर्षीय बच्ची को शरीफा तोड़ कर देने के बहाने अपने साथ सुनसान झाड़ियों की तरफ ले जाकर दुष्कर्म कर रहा था। इसी दौरान बच्ची की एक परिजन की नजर उसपर पड़ी।.

# स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित, 156 मरीजों की हुई जांच

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** स्वास्थ्य विभाग बानो द्वारा प्रखंड के महाबुवांग, गिरदा एवं पांगुर गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 156 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया गया।शिविर के दौरान मलेरिया, शुगर, रक्तचाप सहित विभिन्न बीमारियों की जांच की गई। साथ ही मरीजों के बीच निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। स्वास्थ्यकर्मियों ने लोगों को मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया।मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोरंजन कुमार ने कहा कि इन दिनों मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है, इसलिए लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने तेज धूप से बचने तथा किसी भी प्रकार की बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर नजदीकी स्वास्थ्य उपकेंद्र में जाकर जांच एवं उपचार कराने की सलाह दी।उन्होंने बताया कि 28 जून से पल्स पोलियो अभियान शुरू किया जाएगा। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि पांच वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं, ताकि बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।




**कार्यालय, जिला परिवहन पदाधिकारी, लोहरदगा**
**(परिवहन शाखा)**

संयुक्त सचिव, परिवहन विभाग, झारखण्ड सरकार के निदेशानुसार प्रखण्ड स्तरीय ड्राईविंग लाईसेंस कैंप का संशोधित तिथिवार आयोजन :–

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | पंचायत | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कैरो | गजनी<br>गुड़ी<br>हनहट | 25.06.2026 दिन–गुरूवार | 10:30 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| | | कैरो<br>नरौली<br>सराबे | 29.06.2026 दिन–सोमवार | 10:30 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 2 | सेन्हा | तोड़ार<br>झालजमीरा<br>डांडू | 02.07.2026 दिन–गुरूवार | 10:30 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| | | उगरा<br>बदला<br>मुरकीतोड़ार | 06.07.2026 दिन–सोमवार | 10:30 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| | | सेन्हा<br>अरू<br>बुटी | 09.07.2026 दिन–गुरूवार | 10:30 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| | | भड़गांव<br>अलौदी | 13.07.2026 दिन–सोमवार | 10:30 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 3 | किस्को | अरेया<br>बगरू<br>बेटहट | 17.07.2026 दिन–शुक्रवार | 10:30 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| | | देवदरिया<br>हिसरी<br>खरकी | 20.07.2026 दिन–सोमवार | 10:30 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| | | नवाडीह<br>पाखर<br>परहेपाट | 23.07.2026 दिन–गुरूवार | 10:30 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | पेशरार | हेसाग<br>पेशरार<br>रोरद | 27.07.2026 दिन–सोमवार | 10:30 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| | | सिरम<br>तुईमू | 30.07.2026 दिन–गुरूवार | 10:30 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 5 | कुडू | बड़कीचॉपी<br>चंदलासो<br>चिरी | 03.08.2026 दिन–सोमवार | 10:30 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| | | जीमा<br>जींगी<br>काकरगढ़ | 06.08.2026 दिन–गुरूवार | 10:30 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| | | कोलसिमरी<br>कुडू<br>लावागाई | 10.08.2026 दिन–सोमवार | 10:30 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| | | सलगी<br>सुंदरू<br>टाटी | 13.08.2026 दिन–गुरूवार | 10:30 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| | | उरूमुरू<br>पंडरा | 17.08.2026 दिन–सोमवार | 10:30 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | भण्डरा | अकाशी<br>बड़ागाई<br>भण्डरा | 20.08.2026 दिन–गुरूवार | 10:30 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| | | भौरों<br>भीठा<br>गडरपो | 24.08.2026 दिन–सोमवार | 10:30 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| | | जमगाई<br>मसमानों<br>उदरंगी | 27.08.2026 दिन–गुरूवार | 10:30 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 7 | लोहरदगा | अरकोसा<br>बाघा<br>भटखिजरी | 31.08.2026 दिन–सोमवार | 10:30 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| | | हरमु<br>हेसल<br>हिरही | 03.09.2026 दिन–गुरूवार | 10:30 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| | | जोरी<br>जुरिया<br>मन्हों | 07.09.2026 दिन–सोमवार | 10:30 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| | | निगनी<br>रामपुर<br>तिगरा | 10.09.2026 दिन–गुरूवार | 10:30 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |

PR 383169 Lohardaga (26-27)_D

जिला परिवहन पदाधिकारी,
लोहरदगा



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना सं0 –01/2026–27**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के राज्यादेश सं0–15 रा0वि0 दिनांक 23/06/2026 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2026–27 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्वार योजना अन्तर्गत लोहरदगा जिला में मत्स्य बीज उत्पादकों को मत्स्य स्पॉन **(मत्स्य अण्ड बीज)** की आपूर्ति हेतु **इच्छुक मत्स्य स्पॉन उत्पादकों/स्थानीय हैचरी संचालकों** से मत्स्य स्पॉन आपूर्ति हेतु मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु परिमाण विपत्र कार्यालय से क्रय कर उसी परिमाण विपत्र में निविदा/दर स्वीकार किया जाएगा।

1.निविदादाता का नाम –जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह –मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।
2.अग्रधन राशि – मो0 **51000/–** (मो0 एकावन हजार) रू0 मात्र (क्र0 – 01 में वर्णित नाम से लोहरदगा में भुगतेय बैंक ड्राफ्ट)
3.मत्स्य बीज उत्पादको को मत्स्य स्पॉन – अधिकतम मो0 **550/-**. (पॉंच सौ पचास)रू0 प्रति लाख परिवहनव्यय सहित
4.परिमाण विपत्र का मूल्य – मो0 **5100/-** (मो0 पाँच हजार एक सौ रू0) मात्र।
5.परिमाण विपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि –विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से **01-07-2026** तक (कार्यालय अवधि में)।
6.निविदा डालने की अंतिम तिथि व समय –दिनांक **02-07-2026** को समय **11:30** बजे पूर्वाह्न तक।
7.निविदा खोलने का स्थान – उप विकास आयुक्त, लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में।
8.निविदा खोलने की तिथि एंव समय – दिनांक **02-07-2026** को समय **12:30** बजे अपराह्न।

निविदा की शर्तें https://lohardaga.nic.in एवं जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा के सूचना पट्ट पर किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी लोहरदगा

PR 383191 (Lohardaga)26-27*D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना सं0 –02/2026–27**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के राज्यादेश सं0–15 रा0(वि0) दिनांक 23/06/2026 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2026–27 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अन्तर्गत लोहरदगा जिला में मत्स्य बीज उत्पादकों को फ्राई कैचिंग नेट उपलब्ध कराने हेतु जाल के निर्माता अथवा अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु परिमाण विपत्र कार्यालय से क्रय कर उसी परिमाण विपत्र में निविदा/दर स्वीकार किया जाएगा।

1. निविदादाता का नाम – जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह – मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।
2. अग्रधन राषि – मो0 **11000/-** (मो0 ग्यारह हजार रू0 मात्र)। (क्र0 – 01 में वर्णित नाम से बोकारो में भुगतेय बैंक ड्राफ्ट)
3. मत्स्य बीज उत्पादको को फ्राई कैचिंग नेट – अधिकतम मो0 **2000/-**.(दो हजार) रू0 का फ्राई कैचिंग नेट परिवहन व्यय सहित।
4. परिमाण विपत्र का मूल्य – मो0 **5100/-** (मो0 पॉच हजार एक सौ रू0) मात्र।
5. परिमाण विपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि – विज्ञापन प्रकाषन की तिथि से **01-07-2026** तक (कार्यालय अवधि में)।
6. निविदा डालने की अंतिम तिथि व समय – दिनांक **02-07-2026** को समय **11:30** बजे पूर्वाह्न तक।
7. निविदा खोलने का स्थान – उप विकास आयुक्त, लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में।
8. निविदा खोलने की तिथि एंव समय – दिनांक **02-07-2026** को समय **12:30** बजे अपराह्न।

निविदा की शर्तें https://lohardaga.nic.in एवं जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा के सूचना पट्ट पर किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी लोहरदगा।

PR 383187 Lohardaga(26-27)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू।**
**Email:- palamunrep@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 03/2026–27**

उपायुक्त, पलामू के स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक 196/वि0, दिनांक– 05.03.2026 द्वारा प्राप्त प्रशासनिक स्वीकृति के आलोक में DMFT मद से निम्नांकित चयनित योजना का निर्माण कराया जाना है। अतः निम्नांकित स्वीकृत योजना में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार भवन प्रमण्डल, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | :– | दिनांक 04.07.2026 को अपराह्न 02:00 बजे तक |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 08.07.2026 (अपराह्न 02:00 बजे तक) |
| 4 | निविदा खुलने की तिथि | :– | दिनांक 08.07.2026 (अपराह्न 03:00 बजे) |
| 5 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू। |
| 6 | निविदा प्राप्ति/जमा करने का स्थान | | |
| 7 | निविदा खोलने का स्थान | | |

8 कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| S.I | Block | Panchayat | Village | Scheme Name | Estimated cost | Earneast money | Tender Fee | Work Completion Period |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | छतरपुर | खोढ़ी | खोढ़ी | ग्राम खोढ़ी में उप स्वास्थ्य केन्द्र के पास यात्री शेड का निर्माण। | 374056.00 | 7500.00 | 2500.00 | 3 Month |

नोट– 1. भवन प्रमण्डल, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
2. परिमाण विपत्र की राशि किसी भी सरकारी बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से (**कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, मेदिनीनगर पलामू** के पदनाम से होगा जो डालटनगंज मे भुगतेय होगा) जमा करना अनिवार्य होगा।
3. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
4. निविदा शुल्क (**Non Refundable**) की राशि केवल Demand Draft (किसी भी मान्यता प्राप्त बैंक द्वारा निर्गत) **कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, मेदिनीनगर पलामू** के पदनाम से डालटनगंज में भुगतेय होगा, के रूप में स्वीकार्य होगी।


**निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, मेदिनीनगर पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।**

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,
मेदिनीनगर पलामू।

PR 383151 (NREP) 26-27 (D)



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**
**आवश्यक सूचना।**
**(नोटिस)**



Court of Ms. Anulica Kumar, J.M.F.C. Garhwa.
Schedule XLIII- High Court (M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[ From No. 4 Schedule II Act 2 1974.]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)
Process 82 Crpc to Accused
एक मतहम शखस को हाजिर करने का इश्तिहार।
(दफा 82 मजमुअए जवाबिते फौजदारी)

To,
The Officer In Charge,
Ranka P.S.
Ranka Ps. Case No. 159/2023(s)

(1). नाम व शिला पता :– चूंकि मेरे पास नालिश की गई है (1)
Priyanka Singh @ Priyanka Kumari, D/o – Anil Singh, R/o Village – Uchruwa, P.S.- Ramchandrapur, Dist.- Balrampur (C.G.)
(2) किया है या करने का उस पर शुबहा है। जो ब–मुजिब दफा के सजा के लायक है (2) मजमुअए तावीरात हिन्द
(3) नाम
और ब–तामील वारन्ट गिरफतारी जो बाद अर्जा जारी हुआ था यह कैफियत दी गई है कि (3)
(4). फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उस पर जारी न हो सके। धारा– 302/201/34 of IPC पाय नहीं जाते है और चूंकि ब–तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि (3) जब
(5) मोकाम।
(4) मजकुर इसलिए
बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि मजकूर साकिन ब–मोकाम (5)
(6). इस अदालत व रूबरू मेरे। अ–हजुर (6)
ब–तारीख 04/07/2026 को जवाबदेही के लिए हाजिर हो नालिश–मजकुर
आज तारीख 26/05/2026

J.M.
26/05/2026

नाम–(1) प्रियंका सिंह/प्रियंका कुमारी, पिता–अनिल सिंह, सा0–उचरुआ, थाना–रामचन्द्रपुर, जिला–बलरामपुर (छ0ग0) आपको सूचित किया जाता है कि आप रंका थाना कांड सं0–159/23 दिनांक–29.09.2023 धारा–302, 201, 34, बी0एन0एस0 के अप्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रही हैं। आपके विरूद्ध माननीय न्यायालय श्रीमती अनुलिका कुमार न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा दिनांक–26.05.2026 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–11.06.2026 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला कराया गया है। परन्तु आप अपने घर से फिरार चल रही हैं। उक्त इश्तिहार में आपको दिनांक–04.07.2026 तक माननीय न्यायालय श्रीमती अनुलिका कुमार न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आप आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक–04.07.2026 तक माननीय न्यायालय श्रीमती अनुलिका कुमार न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

PR 383136 Police(26-27)D

पुलिस अधीक्षक,गढ़वा।

# एयर इंडिया का विमान दिल्ली-अमृतसर उड़ान के दौरान पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र पहुंचा

## दिए गए जांच के आदेश



**एजेंसी । नई दिल्ली**

टाटा समूह की एयरलाइन एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि दिल्ली से अमृतसर जा रही उसकी एक उड़ान सोमवार को अमृतसर हवाई अड्डे पर लैंडिंग के दौरान 'गो-अराउंड' प्रक्रिया अपनाते समय कुछ समय के लिए पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गई। एयरलाइन के अनुसार, यह घटना एयर इंडिया की फ्लाइट एआई479 के साथ हुई, जब विमान अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरने की तैयारी कर रहा था। एयर इंडिया ने अपने बयान में कहा, "22 जून को दिल्ली से अमृतसर जा रही फ्लाइट एआई479 के चालक दल ने अमृतसर हवाई अड्डे पर गो-अराउंड प्रक्रिया के दौरान सीमित रूप से पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया था। एयरलाइन ने बताया कि इस घटना की जानकारी संबंधित नियामक एजेंसियों को दे दी गई है और कंपनी भी अपने स्तर पर इसकी आंतरिक जांच कर रही है। बयान में कहा गया, "इस घटना की सूचना नियामक अधिकारियों को दे दी गई है और इसकी आंतरिक जांच जारी है। एयर इंडिया में यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। वर्तमान में पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र भारतीय पंजीकरण वाले, भारतीय स्वामित्व वाले या भारतीय कंपनियों द्वारा लीज पर लिए गए सभी विमानों के लिए बंद है, जिसमें नागरिक और सैन्य दोनों प्रकार के विमान शामिल हैं। यह प्रतिबंध अप्रैल 2025 में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में भारतीय पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले और उसके बाद बढ़े सीमा तनाव के बाद लगाया गया था। तब से पाकिस्तान हर महीने इस प्रतिबंध को बढ़ाता आ रहा है। वहीं भारत ने भी जवाबी कार्रवाई के तहत पाकिस्तानी विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर रखा है। इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान ने भारतीय नागरिक और सैन्य विमानों पर हवाई प्रतिबंध को 24 जुलाई तक बढ़ा दिया था।

पाकिस्तान एयरपोर्ट्स अथॉरिटी द्वारा जारी नोटिस में कहा गया था, "भारतीय नागरिक और सैन्य विमानों पर प्रतिबंध 16 जून शाम 5:50 बजे से 24 जुलाई सुबह 4:59 बजे तक प्रभावी रहेगा। इस प्रतिबंध के कारण एयर इंडिया और इंडिगो जैसी भारतीय एयरलाइनों को यूरोप, मध्य एशिया और उत्तरी अमेरिका जाने वाली उड़ानों के लिए लंबे वैकल्पिक मार्ग अपनाने पड़ रहे हैं। सीधे उत्तरी मार्ग का उपयोग न कर पाने के कारण पश्चिम और उत्तर दिशा की उड़ानों को अब अरब सागर के ऊपर से होकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ओमान या अन्य वैकल्पिक मार्गों से गुजरना पड़ता है। लंबे मार्गों के कारण विमानों को अधिक ईंधन लेकर उड़ान भरनी पड़ती है, जिससे यात्रियों या कार्गो ले जाने की क्षमता प्रभावित होती है। इन अतिरिक्त मार्गों की वजह से एयरलाइनों पर करोड़ों रुपए का अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ रहा है और इसका असर भविष्य में हवाई किराए पर भी दिखाई दे सकता है। पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध और पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण भारतीय एयरलाइनों को समय-समय पर अल्माटी और ताशकंद जैसे मध्य एशियाई शहरों के लिए कुछ अंतरराष्ट्रीय उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित भी करनी पड़ी हैं।

### सोने-चांदी की कीमतों में भारी गिरावट

# कई महीनों के निचले स्तर पर पहुंचे भाव, मजबूत डॉलर और ब्याज दरों की चिंता बनी वजह



**एजेंसी । नई दिल्ली**

पिछले कुछ समय से कीमती धातुओं (सोने-चांदी) की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। इस बीच, हफ्ते तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को भी सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिली, जिससे दोनों कीमती धातुएं कई महीनों के निचले स्तर पर पहुंच गईं। अमेरिकी डॉलर की मजबूती और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में संभावित बढ़ोतरी की आशंकाओं ने निवेशकों का रुझान सुरक्षित निवेश माने जाने वाले सोने और चांदी से दूर कर दिया है, जिसके चलते घरेलू और वैश्विक बाजारों में इन धातुओं पर दबाव बना हुआ है।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर कारोबार की शुरुआत से ही सोना और चांदी दबाव में दिखाई दिए। दिन के कारोबार में जुलाई डिलीवरी वाली चांदी का वायदा भाव अपने पिछले बंद 2,25,834 रुपए से 3.9 प्रतिशत यानी 8,829 रुपए गिरकर 2,17,005 रुपए प्रति किलोग्राम के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया। बुधवार को यह 2,22,579 रुपए प्रति किलोग्राम पर खुला। वहीं, अगस्त 2026 डिलीवरी वाले सोने का वायदा भाव दिन के कारोबार में अपने पिछले बंद 1,46,529 रुपए से 3.8 प्रतिशत यानी 5,601 रुपए गिरकर 1,40,928 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। बुधवार को यह 1,45,000 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला। यह गिरावट पिछले कारोबारी सत्र की कमजोरी के बाद आई है, जब दोनों कीमती धातुओं में करीब 2 प्रतिशत तक की नरमी दर्ज की गई थी। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि निवेशकों के बीच जोखिम लेने की प्रवृत्ति बढ़ने और डॉलर में मजबूती के कारण सोने-चांदी की मांग प्रभावित हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स में भी सोने की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई। सोना 169 डॉलर प्रति ट्रॉय औंस टूटकर 3,980 डॉलर प्रति ट्रॉय औंस पर पहुंच गया, जो मध्य नवंबर के बाद पहली बार 4,000 डॉलर के महत्वपूर्ण स्तर से नीचे आया है। जून में अब तक सोने की कीमतों में लगभग 13 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की जा चुकी है। यदि यह रुझान महीने के अंत तक जारी रहता है, तो यह पिछले एक दशक से अधिक समय में सोने की सबसे बड़ी मासिक गिरावट साबित हो सकती है।

# मुंबई में अमेजन सीईओ एंडी जस्सी से मिले सीएम फडणवीस, निवेश और रोजगार पर हुई अहम बातचीत



**एजेंसी । मुंबई**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को अमेजन के सीईओ एंडी जस्सी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि बातचीत में इस बात पर चर्चा हुई कि महाराष्ट्र भारत की टेक्नोलॉजी राजधानी है और अमेजन राज्य के डिजिटल बदलाव की यात्रा में एक अहम भागीदार है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "आज मुंबई में अमेजन के सीईओ का स्वागत और उनसे मुलाकात करना मेरे लिए खुशी की बात थी। मैंने फिर से इस बात को याद किया कि अमेजन ने जून 2016 में भारत का अपना पहला क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र शुरू करने के लिए मुंबई को चुना था। तब से महाराष्ट्र और अमेजन की साझेदारी लगातार मजबूत हुई है। उन्होंने बताया कि 2025 में दावोस में अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) के साथ हुए समझौते (एमओयू) के तहत महाराष्ट्र में 8.3 अरब डॉलर के विस्तार प्रोजेक्ट पर काम आगे बढ़ रहा है। यह अमेजन की किसी एक राज्य में अब तक की सबसे बड़ी प्रतिबद्धता है, जिससे भारत में करीब 83,100 नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में अमेजन का मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर है। राज्य में कंपनी के छह फुलफिलमेंट सेंटर और 200 से ज्यादा डिलीवरी स्टेशन हैं, जिनसे भारत और दुनिया भर के ग्राहकों तक सामान पहुंचाया जाता है। अमेजन के जरिए 22,000 से ज्यादा कारोबारी और छोटे व्यवसाय दुनिया भर के ग्राहकों को अपने उत्पाद बेच रहे हैं। थाणे, मुंबई, पुणे और कोल्हापुर अमेजन पर निर्यात करने वाले भारत के टॉप 50 शहरों में शामिल हैं। फडणवीस ने अमेजन के सामाजिक कामों की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के पर्यावरण के लिए कंपनी ने कई कदम उठाए हैं, जिनमें वैतरणा हाइड्रोबेसिन में 10 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है। इससे हर साल करीब 1.3 अरब लीटर पानी बचाने में मदद मिलेगी और 700 किसानों को फायदा होगा। इसके अलावा पश्चिमी घाटों में तीन लाख पेड़ लगाने और ठाणे क्रीक के आसपास फ्लेमिंगो (राजहंस) के रहने वाले इलाकों को बचाने के लिए 12 लाख डॉलर का निवेश किया जा रहा है। कंपनी लाखों युवाओं को भविष्य के रोजगार के लिए ट्रेनिंग भी दे रही है। उन्होंने कहा, "हम आगे भी मिलकर काम करने और इससे भी बड़े काम करने की उम्मीद रखते हैं।

# कोयला मंत्रालय ने स्वच्छ कोयला तकनीकों पर ब्रिक्स समूह के एक कार्यक्रम का किया आयोजन

## कोयला गैसीकरण की संभावनाओं पर दिया गया जोर




**एजेंसी । नई दिल्ली**

कोयला मंत्रालय ने बुधवार को स्वच्छ कोयला तकनीकों (क्लीन कोल टेक्नोलॉजी) पर एक ब्रिक्स साइड इवेंट का आयोजन किया, जिसमें ऊर्जा सुरक्षा, औद्योगिक विकास और कोयले के स्वच्छ उपयोग को बढ़ावा देने में कोयला गैसीकरण (कोल गैसीफिकेशन) की भूमिका पर विशेष चर्चा की गई। एक आधिकारिक बयान में कोयला मंत्रालय ने कहा कि इस कार्यक्रम में वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के प्रतिनिधि, उद्योग जगत से जुड़े तकनीकी विशेषज्ञ और ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधिमंडल शामिल हुए। साथ ही, रूस, इथियोपिया और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। यह आयोजन ब्रिक्स देशों और अन्य हितधारकों के बीच ज्ञान और अनुभव साझा करने का एक महत्वपूर्ण मंच बना। कोयला मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव संजय कुमार झा ने कहा कि कोयला गैसीकरण भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने और औद्योगिक विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने बताया कि इस तकनीक के जरिए कोयले को सिनगैस में बदला जाता है, जिसका उपयोग अमोनिया, मेथनॉल, हाइड्रोजन, सिंथेटिक ईंधन, डीआरआई (डायरेक्ट रिड्यूस्ड आयरन) और अन्य मूल्यवर्धित उत्पादों के निर्माण में किया जाता है। झा ने कहा कि कोयला गैसीकरण तकनीक भारत की आयात निर्भरता कम करने और घरेलू कोयला संसाधनों के बेहतर उपयोग में मदद कर सकती है। उन्होंने विभिन्न कोयला गैसीकरण परियोजनाओं में हो रही प्रगति का उल्लेख करते हुए स्वच्छ कोयला तकनीकों को आगे बढ़ाने के लिए ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार वर्ष 2030 तक 100 मिलियन टन कोयले के गैसीकरण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

इसके लिए सरकार नीतिगत समर्थन, वित्तीय प्रोत्साहन, सुनिश्चित कोयला आपूर्ति और विभिन्न मंत्रालयों के समन्वित प्रयासों के जरिए काम कर रही है। कार्यक्रम में बीएचईएल ने अपनी कोयला गैसीकरण तकनीक पर प्रस्तुति दी। वहीं जिंदल स्टील लिमिटेड (जेएसएल) और ग्रेटा एनर्जी ने अपने कोयला गैसीकरण प्रोजेक्ट्स और ब्रिक्स देशों के लिए इस तकनीक की उपयोगिता पर जानकारी साझा की। ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) ने कास्ता भूमिगत कोयला गैसीकरण (यूसीजी) पायलट प्रोजेक्ट की प्रगति पर प्रस्तुति दी। इसके अलावा, नॉमिनेटेड अथॉरिटी ने यूसीजी परियोजनाओं के लिए कोयला ब्लॉक आवंटन और नीतिगत पहलों की जानकारी दी। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने कोयला आपूर्ति व्यवस्था और कंपनी द्वारा संचालित कोयला गैसीकरण परियोजनाओं का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान एक इंटरैक्टिव पैनल चर्चा भी आयोजित की गई, जिसमें कोयला गैसीकरण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ।

विशेषज्ञों ने तकनीक, परियोजना लागत, भू-वैज्ञानिक चुनौतियों, प्रसंस्करण संबंधी समस्याओं, भारत के उच्च राख (हाई ऐश) वाले कोयले के उपयोग और इस तकनीक को बड़े स्तर पर अपनाने के लिए आवश्यक नीतिगत तथा वित्तीय सहायता पर अपने विचार साझा किए।

# बीएस-VI वाहनों के लिए पीयूसी नियमों में बदलाव की तैयारी, सर्टिफिकेट वैलिडिटी तीन साल तक बढ़ाने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली** । केंद्र सरकार भारत स्टेज VI (बीएस-VI) वाहनों के लिए 'पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट' (पीयूसीसी) के रिन्यूअल नियमों में बड़ी ढील देने पर विचार कर रही है। इस कदम का मकसद नए और कम प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के मालिकों पर नियमों का पालन करने का बोझ कम करना है। एनडीटीवी की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस प्रस्ताव में नई बीएस-VI प्राइवेट गाड़ियों के लिए पीयूसीसी की वैलिडिटी को मौजूदा एक साल से बढ़ाकर तीन साल करने की बात कही गई है। अगर इसे मंजूरी मिल जाती है तो बीएस-VI प्राइवेट कारों के मालिकों को हर साल पॉल्यूशन सर्टिफिकेट रिन्यू कराने के बजाय, गाड़ी की शुरुआती छह साल की उम्र में सिर्फ दो बार रिन्यू कराना होगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, लातेहार**

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित ई–निविदा संख्या 01/R1/2026-27/EE/RWD/LATEHAR एवं PR 382758 REO (26-27)D में प्रकाशित निविदा में निम्न संशोधन किये जाते हैं।

1. वेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 24.06.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि – 01.07.2026
3. निविदा खोलने की तिथि – 03.07.2026

शेष सभी शर्ते पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, लातेहार

PR 383117 REO(26-27)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, लातेहार।**

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित ई–निविदा संख्या 12/R1/2025-26/EE/RWD/LATEHAR एवं PR 382759 REO (26-27)D में प्रकाशित निविदा में निम्न संशोधन किये जाते हैं।

1. वेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 24.06.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि – 01.07.2026
3. निविदा खोलने की तिथि – 03.07.2026

शेष सभी शर्ते पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, लातेहार।

PR 383118 (REO) 26-27 (D)


**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग**
**(जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची)**

**अधिघोषणा**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

"हुण्डरू से टाटी–सिंगारी–जोन्हा–पुरबडीह (कि०मी०–7.243) सड़क निर्माण परियोजना"

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा–हुण्डरू, सिंगारी एवं कुचू, थाना–अनगड़ा, थाना सं. क्रमशः–61, 70 एवं 71, अंचल–अनगड़ा, जिला–राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **"हुण्डरू से टाटी–सिंगारी–जोन्हा–पुरबडीह (कि०मी०–7.243) सड़क निर्माण परियोजना"** हेतु अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश रकबा क्रमशः–**0.7587, 3.1591, 4.4167** एकड़ है, जो मौजा–हुण्डरू, सिंगारी एवं कुचू, थाना–अनगड़ा, थाना सं. क्रमशः–61, 70 एवं 71, अंचल–अनगड़ा, जिला–राँची में है, जिसकी विवरणी निम्नलिखित है :–

**मौजा–हुण्डरू**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 43 | 283 | रैयती | टांड़ एक 1 | 0.2291 | मानकी लाल मोहन शाही<br>गुलमा वेदीया, पेशरान – खेलवा वेदीया, व दरजन वेदीया, पेशरान– खेलवा वेदीया, व रामधन वेदीया, वल्द–वीनशाह वेदीया व शाहदेव वेदीया, पेशरान– फोबवा वेदीया | 284 | 285 | 282 | 281 |
| 2 | 53 | 285 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0340 | मानकी लाल मोहन शाही<br>रामा गंझु, पेशरान–युठन गेझु, व शिकारी गंझु, पेशरान–युठन गेझु | 286 | 287 | 284 | 283 |
| 3 | 53 | 310 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0943 | मानकी लाल मोहन शाही<br>रामा गंझु, पेशरान–युठन गेझु, व शिकारी गंझु, पेशरान – युठन गेझु | 311 | 312 | 309 | 308 |
| 4 | 52 | 313 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.1573 | मानकी लाल मोहन शाही<br>रामा गंझु, पेशरान–युठना गंझु व शिकारी गंझु, पेशरान–युठना गंझु | 314 | 315 | 312 | 311 |
| 5 | 47 | 314 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0026 | मानकी लाल मोहन शाही<br>कनहुन वेदीया, वल्द – वोधवा वेदिया, व जेठुका वेदीया, वल्द–रामु वेदीया, व बलकु वेदीया, वल्द–हरीया वेदीया, व बहादुर वेदिया, वल्द – छठुआ वेदीया, व मथुरा वेदीया, पेशरान – चामु वेदीया, व वोधना वेदीया, पेशरान – चामु वेदेया | 315 | 316 | 313 | 312 |
| 6 | 34 | 315 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0650 | मानकी लाल मोहन शाही<br>मुशमात चुनोपाली, जोजे– भवन वेदया, व वुचु वेदीया, वल्द– हगरु वेदीया | 316 | 317 | 314 | 313 |
| 7 | 10 | 332 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0951 | मानकी लाल मोहन शाही<br>गोन्दोरीया वेदिया, वल्द – गोवरा वेदीया, व शवना वेदीया, पेशरान–छतरु वेदीया | 333 | 334 | 331 | 330 |
| 8 | 61 | 385 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0210 | मानकी लाल मोहन शाही<br>नतुआ वेदीया, वल्द–मुड़बा वेदीया, शनु लनवा व लाल मोहन वेदीया, वल्द–मुड़बा वेदीया व सोहराई वेदीया, वल्द–कनहाइ वेदीया | 386 | 387 | 384 | 383 |
| 9 | 61 | 386 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0603 | मानकी लाल मोहन शाही<br>नतुआ वेदीया, वल्द–मुड़बा वेदीया, व लाल मोहन वेदीया, वल्द–मुड़बा वेदीया व सोहराई वेदीया, वल्द–कनहाइ वेदीया | 387 | 388 | 385 | 384 |
| | | | | कुल | 0.7587 | | | | | |

**मौजा–सिंगारी**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 122 | 72 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.1855 | शुकरा बेदिया वगै0, बिन्दा बेदिया | 73 | 74 | 71 | 70 |
| 2 | | 74 | रैयती | टांड़ | 0.0172 | शुकरा बेदिया वगै0, बिन्दा बेदिया | 75 | 76 | 73 | 72 |
| 3 | 122 | 75 | रैयती | टांड़ तीन 2 | 0.0119 | शुकरा बेदिया वगै0, बिन्दा बेदिया | 76 | 77 | 74 | 73 |
| 4 | 59 | 81 | रैयती | टांड़ तीन 2 | 0.1010 | फगुवा बेदिया, विसाल वेदिया | 82 | 83 | 80 | 79 |
| 5 | 23 | 162 | रैयती | टांड़ दो 3 | 0.0178 | किसना बेदिया, पाडुना बेदिया | 163 | 164 | 161 | 160 |
| 6 | 23 | 172 | रैयती | टांड़ दो 2 | 0.0209 | किसना बेदिया, पाडुना बेदिया | 173 | 174 | 171 | 170 |
| 7 | 23 | 173 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0148 | किसना बेदिया, पाडुना बेदिया | 174 | 175 | 172 | 171 |
| 8 | 98 | 174 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0882 | रामधन बेदिया वगै0, खडेआ बेदिया | 175 | 176 | 173 | 172 |
| 9 | 38 | 175 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0603 | जेरका बेदिया वगै0 खडेआ बेदिया | 176 | 177 | 174 | 173 |
| 10 | 37 | 176 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.1357 | छतरू बेदिया, अवधुत बेदिया | 177 | 178 | 175 | 174 |
| 11 | 2 | 223 | सिकमी | दोन तीन 1 | 0.0048 | मानकीलाल मोहन शहा | 224 | 225 | 222 | 221 |
| 12 | 111 | 226 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0105 | महिता बेदिया, बुधराम बेदिया | 227 | 228 | 225 | 224 |
| 13 | 47 | 236 | रैयती | टांड़ एक 1 | 0.0978 | ठीडुवा बेदिया | 237 | 238 | 235 | 234 |
| 14 | 47 | 238 | रैयती | टांड़ एक 1 | 0.0978 | ठीडुवा बेदिया | 239 | 240 | 237 | 236 |
| 15 | 2 | 240 | सिकमी | दोन एक 5 | 0.0328 | मानकीलाल मोहन शाही, हरिशंकर शाही | 241 | 242 | 239 | 238 |
| 16 | 2 | 241 | सिकमी | दोन दो 1 | 0.0100 | मानकीलाल मोहन शाही, हरिषंकर शाही | 242 | 243 | 240 | 239 |
| 17 | 115 | 242 | रैयती | दोन दो 3 | 0.0173 | श्याम सिंह बेदिया, हरन बेदिया | 243 | 244 | 241 | 240 |
| 18 | 115 | 243 | रैयती | दोन तीन 0 | 0.0035 | श्याम सिंह बेदिया, हरन बेदिया | 244 | 245 | 242 | 241 |
| 19 | 24 | 254 | रैयती | दोन एक 1 | 0.0044 | किसना बेदिया, पडुवा बेदिया | 255 | 256 | 253 | 252 |
| 20 | 132 | 1211 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0201 | हराधन बेदिया, खेटुवा बेदिया | 1212 | 1213 | 1210 | 1209 |
| 21 | 132 | 1239 | रैयती | टांड़ तीन 2 | 0.0616 | हराधन बेदिया, खेटुवा बेदिया | 1240 | 1241 | 1238 | 1237 |
| 22 | 91 | 1241 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0228 | माधो बेदिया वगै0, पिता–डोमन बेदिया | 1242 | 1243 | 1240 | 1239 |
| 23 | 122 | 1249 | रैयती | टांड़ तीन 2 | 0.0077 | सुकरा बेदिया वगै0, बिन्दा बेदिया | 1250 | 1251 | 1248 | 1247 |
| 24 | 122 | 1250 | रैयती | टांड़ एक 1 | 0.0426 | सुकरा बेदिया वगै0, बिन्दा बेदिया | 1251 | 1252 | 1249 | 1248 |
| 25 | 122 | 1255 | रैयती | टांड़ दो 1 | 0.0289 | सुकरा बेदिया वगै0, बिन्दा बेदिया | 1256 | 1257 | 1254 | 1253 |
| 26 | | 1256 | रैयती | – | 0.0347 | दिलो रजवार | 1257 | 1258 | 1255 | 1254 |
| 27 | | 1272 | रैयती | – | 0.0993 | घासी रजवार | 1273 | 1274 | 1271 | 1270 |
| 28 | 110 | 1273 | रैयती | टांड़ तीन 3 | 0.0108 | सालखन बेदिया पिता–राघु बेदिया | 1274 | 1275 | 1272 | 1271 |
| 29 | 132 | 1274 | रैयती | टांड़ दो 2 | 0.0631 | हराधन बेदिया, खेटुवा बेदिया | 1275 | 1276 | 1273 | 1272 |
| 30 | 132 | 1275 | रैयती | टांड़ दो 2 | 0.1212 | हराधन बेदिया, खेटुवा बेदिया | 1276 | 1277 | 1274 | 1273 |
| 31 | 121 | 1276 | रैयती | टांड़ दो 1 | 0.0242 | सुकरा बेदिया वगै0, बिन्दा बेदिया | 1277 | 1278 | 1275 | 1274 |
| 32 | 121 | 1279 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0928 | सुकरा बेदिया वगै0, बिन्दा बेदिया | 1280 | 1281 | 1278 | 1277 |
| 33 | 121 | 1280 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0935 | सुकरा बेदिया वगै0, बिन्दा बेदिया | 1281 | 1282 | 1279 | 1278 |
| 34 | 4 | 1303 | सिकमी | टांड़ तीन 6 | 0.1604 | अघनु बेदिया पिता–लखिया बेदिया | 1304 | 1305 | 1302 | 1301 |
| 35 | 119 | 1304 | रैयती | टांड़ तीन 2 | 0.1135 | सिन्धु बेदिया, भिखु बेदिया | 1305 | 1306 | 1303 | 1302 |
| 36 | 55 | 1309 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.1447 | धरमा बेदिया, जगता बेदिया | 1310 | 1311 | 1308 | 1307 |
| 37 | 17 | 1378 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0085 | काशीनाथ बेदिया | 1379 | 1380 | 1377 | 1376 |
| 38 | 104 | 1379 | रैयती | परती कदीम 1 | 0.4093 | शेही बेदिया, दत्ता राम बेदिया | 1380 | 1381 | 1378 | 1377 |
| 39 | 73 | 1380 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0391 | बालन बेदिया, दरबार बेदिया | 1381 | 1382 | 1379 | 1378 |
| 40 | 110 | 1618 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0287 | सालखन बेदिया, राघु बेदिया | 1619 | 1620 | 1617 | 1616 |
| 41 | 110 | 1699 | रैयती | दोन तीन 1 | 0.0067 | सालखन बेदिया, राघु बेदिया | 1700 | 1701 | 1698 | 1697 |
| 42 | | 1700 | – | – | 0.0197 | अज्ञात | 1701 | 1702 | 1699 | 1698 |
| 43 | 122 | 1701 | रैयती | दोन दो 1 | 0.0213 | सुमरा बेदिया, बिन्दा बेदिया | 1702 | 1703 | 1700 | 1699 |
| 44 | 122 | 1705 | रैयती | दोन तीन 1 | 0.0191 | सुमरा बेदिया, बिन्दा बेदिया | 1706 | 1707 | 1704 | 1703 |
| 45 | 122 | 1706 | रैयती | टांड़ एक 1 | 0.0350 | सुमरा बेदिया, बिन्दा बेदिया | 1707 | 1708 | 1705 | 1704 |
| 46 | 115 | 1806 | रैयती | टांड़ तीन 0 | 0.0755 | श्याम सिंह बेदिया, हरू बेदिया | 1807 | 1808 | 1805 | 1804 |
| 47 | 116 | 1807 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0815 | श्याम सिंह बेदिया, हरू बेदिया | 1808 | 1809 | 1806 | 1805 |
| 48 | 101 | 1808 | रैयती | परती कदीम 1 | 0.0871 | रामधन बेदिया, सोमा बेदिया | 1809 | 1810 | 1807 | 1806 |
| 49 | 101 | 1809 | रैयती | परती कदीम 1 | 0.1082 | रामधन बेदिया, सोमा बेदिया | 1810 | 1811 | 1808 | 1807 |
| 50 | 25 | 1828 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0599 | खेदना बेदिया, बिसु राम | 1829 | 1830 | 1827 | 1826 |
| 51 | 10 | 1835 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0247 | अन्दा बेदिया, दुखना बेदिया | 1836 | 1837 | 1834 | 1833 |
| 52 | 10 | 1837 | रैयती | दोन तीन 3 | 0.0607 | अन्दा बेदिया, दुखना बेदिया | 1838 | 1839 | 1836 | 1835 |
| | | | | कुल | 3.1591 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है :–

ग्राम–XXX, थाना संख्या–XXX, अंचल–XXX, जिला–XXX, क्षेत्रफल–XXX एकड़, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

अमीन, जि0भू0अ0का0,राँची। | कानूनगो, जि0भू0अ0का0,राँची। | जि0 भू0 अ0 पदा0, राँची। | अपर समाहर्त्ता, राँची। | उपायुक्त, राँची।

PR 383153 (Land Reforms) 26-27 (D)

## लोहरदगा में मुहर्रम को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट, न्यू पुलिस लाइन में हुआ 'मॉक ड्रिल'

# उपद्रवियों से निपटने के लिए पुलिस जवानों ने परखी अपनी तैयारियां

नवीन मेल संवाददाता





### वाटर कैनन, आंसू गैस और रबर बुलेट के उपयोग की प्रक्रिया का किया अभ्यास

मॉक ड्रिल के दौरान वाटर कैनन, आंसू गैस और रबर बुलेट के उपयोग की प्रक्रिया का अभ्यास किया गया। साथ ही बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बहाल करने की विभिन्न रणनीतियों को भी अमल में लाया गया। पूरे अभ्यास में पुलिस बल की अनुशासनात्मक कार्यशैली, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता तथा विभिन्न इकाइयों के बीच बेहतर समन्वय देखने को मिला। मॉक ड्रिल में आगजनी, विस्फोट और राहत-बचाव से जुड़ी परिस्थितियों को भी शामिल किया गया। आपात स्थिति में घायलों तक त्वरित सहायता पहुंचाने, उन्हें सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने तथा रेस्क्यू ऑपरेशन की प्रक्रिया का भी अभ्यास किया गया। इससे यह स्पष्ट हुआ कि जिला प्रशासन केवल विधि-व्यवस्था बनाए रखने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि किसी भी आपदा अथवा आकस्मिक परिस्थिति से निपटने के लिए भी पूरी तरह तैयार है।

**लोहरदगा।** आगामी मुहर्रम पर्व के दौरान जिले में शांति, सौहार्द एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर लोहरदगा जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में बुधवार शाम बक्शीडीपा स्थित पुलिस लाइन परिसर में एंटी राइट मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने संभावित आपात परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों का आकलन किया तथा विभिन्न सुरक्षा उपायों की प्रभावशीलता को परखा। उपायुक्त संदीप कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी के निर्देश पर आयोजित इस अभ्यास की निगरानी अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा तथा किस्को एसडीपीओ दिवाकर पाठक ने की। मॉक ड्रिल में पुलिस बल के जवानों ने भाग लिया। अभ्यास का उद्देश्य पर्व के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित चुनौतियों, भीड़ प्रबंधन, अफवाहों की स्थिति, उपद्रव एवं अन्य आपात परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की क्षमता का परीक्षण करना था। इसके लिए वास्तविक परिस्थितियों जैसा माहौल तैयार किया गया। सिविल ड्रेस में मौजूद पुलिसकर्मियों ने उपद्रवी तत्वों की भूमिका निभाते हुए नारेबाजी, हंगामा एवं पथराव जैसी स्थिति उत्पन्न की। इसके बाद पुलिस बल ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए क्षेत्र की घेराबंदी की और स्थिति को नियंत्रित करने की कार्रवाई की।

अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि मुहर्रम को लेकर जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया गया है तथा संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य विभिन्न इकाइयों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि पर्व के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा भाईचारे के साथ मुहर्रम मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए है और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

मॉक ड्रिल के दौरान डीएसपी दिवाकर पाठक, सार्जेंट मेजर शेरु रंजन, सार्जेंट विवेक कुमार तथा बड़ी संख्या में पुलिस जवान मौजूद रहे। इस मॉक ड्रिल के माध्यम से जिला प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा सुरक्षा तंत्र हर परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है।

# कुंदो मोड़ स्थित फर्नीचर शोरूम में भीषण आग

- लाखों रुपए मूल्य का फर्नीचर जलकर राख, 10 से 15 लाख नुकसान का अनुमान

नवीन मेल संवाददाता





**लोहरदगा।** जिले के कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंदो मोड़ के समीप स्थित सुरेश फर्नीचर शोरूम में मंगलवार और बुधवार की मध्यरात्रि करीब 12:30 बजे भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरे शोरूम को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में शोरूम में रखा लाखों रुपये मूल्य का फर्नीचर जलकर राख हो गया। शोरूम संचालक रितेश कुमार ने प्रारंभिक तौर पर 10 से 15 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान जताया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगने के बाद आसपास के ग्रामीण तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की लपटें काफी तेज होने के कारण उस पर काबू पाना संभव नहीं हो सका। घटना की सूचना मिलते ही लोहरदगा अग्निशमन विभाग की टीम मौके के लिए रवाना हुई। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर नियंत्रण पाया और आसपास के क्षेत्रों में आग फैलने से रोक दिया।

आग की चपेट में आने से शोरूम में रखा सोफा सेट, पलंग, कुर्सियां समेत अन्य फर्नीचर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। लोहरदगा मुख्यालय से कुडू की दूरी लगभग 20 किलोमीटर होने के कारण दमकल वाहन को घटनास्थल तक पहुंचने में कुछ समय लगा, हालांकि समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही कुडू थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। शोरूम संचालक ने कुडू थाना में लिखित आवेदन देकर हुए नुकसान की जानकारी दी है। कुडू थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने का प्रयास जारी है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने विद्युत सुरक्षा व्यवस्था की नियमित जांच और अग्नि सुरक्षा उपायों को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। आगजनी की इस घटना से क्षेत्र में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

## सेन्हा में श्री बाइक्स हीरो मोटोकॉर्प शोरूम का शुभारंभ

**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पेट्रोल पंप के समीप श्री बाइक्स हीरो मोटोकॉर्प शोरूम का शुभारंभ सेन्हा थाना प्रभारी नीरज झा ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह में स्थानीय लोगों की उपस्थिति के बीच नए प्रतिष्ठान की शुरुआत की गई। शोरूम के संचालक कमलकांत कुशवाहा ने बताया कि क्षेत्र में ग्राहकों की बढ़ती मांग को देखते हुए सेन्हा में नए प्रतिष्ठान की स्थापना की गई है। इससे अब लोगों को हीरो कंपनी की बाइक खरीदने के लिए लोहरदगा या रांची जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि शोरूम में हीरो मोटोकॉर्प के विभिन्न मॉडलों की बाइक उपलब्ध रहेगी तथा ग्राहकों को फाइनेंस की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर थाना प्रभारी नीरज झा ने कहा कि सेन्हा में श्री बाइक्स हीरो मोटोकॉर्प शोरूम खुलने से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी और ग्रामीण इलाकों के लोगों को बाइक खरीदने में सुविधा होगी। उन्होंने संचालक को नए प्रतिष्ठान के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में मुथूट कैपिटल के एएसएम जयंत दास, लालन कुमार, रूबी स्नेहा, श्रीसमृद्धि, और डेविड कुजूर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## 'बीएलओ निर्धारित समय-सारणी के अनुसार पूरा करें पुनरीक्षण कार्य'

नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर प्रखंड मुख्यालय सभागार में बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने की। बैठक में बीडीओ ने कहा कि पुनरीक्षण कार्य के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो। उन्होंने सभी बीएलओ को प्रशिक्षण में दिए गए दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित समय-सारणी के अनुरूप कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि 30 जून से बीएलओ घर-घर जाकर प्रपत्रों का वितरण करेंगे। इसके पूर्व सभी बीएलओ को फार्म भरने, मतदाताओं की जानकारी संकलित करने तथा पूर्व की मतदाता सूची से मैपिंग की प्रक्रिया की पूरी जानकारी होना आवश्यक है, ताकि मतदाताओं के बीच फैली किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी को दूर किया जा सके। प्रतिमा कुमारी ने स्पष्ट किया कि जिन मतदाताओं का नाम पूर्व की एसआईआर मतदाता सूची में दर्ज है, उन्हें अतिरिक्त दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं होगी। उनके विवरण उनके पुत्र-पुत्रियों के लिए अभिभावक प्रमाण के रूप में भी मान्य होंगे। उन्होंने मैपिंग प्रक्रिया में विशेष सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि गलत जानकारी देकर मैपिंग कराने वाले मतदाता विसंगति (एनोमलीज) की श्रेणी में चिन्हित हो सकते हैं।

## एसआईआर अभियान में बीएलए अपने मतदान केंद्रों पर बीएलओ का सहयोग करें : सीओ

नवीन मेल संवाददाता



**सेन्हा-लोहरदगा।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राज्य में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में अंचलाधिकारी सह प्रखंड निबंधन निर्वाची पदाधिकारी पंकज कुमार भगत की अध्यक्षता में बीएलए एवं बीएलओ सुपरवाइजरों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सीओ पंकज कुमार भगत ने कहा कि गहन पुनरीक्षण कार्य के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से वंचित न हो तथा कोई अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो। उन्होंने बीएलओ सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण में दिए गए निर्देशों के अनुसार निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि 30 जून से बीएलओ घर-घर जाकर प्रपत्रों का वितरण करेंगे। ऐसे में सभी बीएलओ सुपरवाइजरों एवं बीएलओ को प्रपत्र भरने, मतदाताओं की जानकारी एकत्रित करने तथा पूर्व की मतदाता सूची से मैपिंग की प्रक्रिया की पूरी जानकारी होनी चाहिए, ताकि मतदाताओं के बीच फैली किसी भी प्रकार की भ्रांतियों को दूर किया जा सके। सीओ ने स्पष्ट किया कि जिन मतदाताओं का नाम पूर्व की एसआईआर मतदाता सूची में दर्ज है, उन्हें अतिरिक्त दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं होगी। उनका विवरण उनके पुत्र-पुत्रियों के लिए अभिभावक प्रमाण के रूप में भी मान्य होगा। उन्होंने मतदाताओं से सही जानकारी उपलब्ध कराने की अपील करते हुए कहा कि गलत जानकारी देने पर संबंधित मतदाता विसंगति की श्रेणी में चिह्नित हो सकते हैं, जिसके बाद उन्हें नोटिस एवं सुनवाई की प्रक्रिया से गुजरना पड़ सकता है। बैठक में जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, सांसद प्रतिनिधि नंदकिशोर शुक्ला, भाजपा के रामशरण नायक, कांग्रेस के अनिल उरांव, झामुमो के राजकिशोर राम सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के बीएलए एवं सभी बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में डॉ अनुग्रह नारायण प्लस टू विद्यालय बना चैंपियन



नवीन मेल संवाददाता

**कैरो (लोहरदगा)।** सरकार के निर्देशानुसार 65वीं सुब्रतो मुखर्जी अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2026-27 के तहत प्रखंड स्तरीय अंडर-17 बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय के खेल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता में प्रखंड के सात विद्यालयों की छात्राओं ने भाग लिया। रोमांचक मुकाबलों के बाद डॉ. अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय की टीम विजेता बनी, जबकि पीएम श्री मध्य विद्यालय सढ़ाबे की टीम उपविजेता रही। समापन समारोह में प्रखंड सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी एवं पंचायत समिति सदस्य मधुलिका रानी ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र और शील्ड प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बीपीओ ओम प्रकाश रंजन, पोली एक्का, डॉ. अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक गणेश कुमार शास्त्री, पीएम श्री मध्य विद्यालय सढ़ाबे के प्रधानाध्यापक ताज मोहम्मद, मनीष खाखा, राजेश कुमार साहू, पवन कुमार, महाबीर उरांव तथा रेफरी मोगीश अंसारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### 65वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न, माराडीह +2 विद्यालय बना प्रखंड चैंपियन

**कुडू।** 65वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को कुडू प्रखंड स्तरीय स्टेडियम स्थित राजकीयकृत गांधी मेमोरियल प्लस टू उच्च विद्यालय, माराडीह के खेल मैदान में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के सफल संचालन में खेल शिक्षक संतोष टोप्पो, अंजना खलखो, विपिन किशोर लकड़ा, रणजीत मिश्रा एवं विशाल संदीप कुजूर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रवेश शाह उपस्थित रहे, जबकि मंच संचालन वरीय शिक्षक विजय कुमार साहू ने किया। प्रतियोगिता के प्रथम दिन अंडर-17 बालक वर्ग के मुकाबले खेले गए। फाइनल में राजकीयकृत गांधी मेमोरियल प्लस टू उच्च विद्यालय, माराडीह ने राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय, हेंजला को 2-0 से हराकर प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप अपने नाम किया। इस जीत के साथ माराडीह की टीम ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है और अब वह कुडू प्रखंड का प्रतिनिधित्व करेगी। विद्यालय परिवार एवं खेल प्रेमियों ने विजेता टीम को बधाई देते हुए बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी हैं।

## नशे से दूर रहें और पढ़ाई पर ध्यान दें : एसआई खिलेश्वर



नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के झालजमीरा पंचायत स्थित प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय गगेया में पुलिस विभाग की ओर से नशा उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एसआई खिलेश्वर बड़ाइक एवं एएसआई रामचंद्र मांझी ने छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का आह्वान किया। एसआई खिलेश्वर बड़ाइक ने कहा कि विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर अपनी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांजा, चरस, भांग, खैनी, बीड़ी, सिगरेट, शराब समेत किसी भी प्रकार का नशीला पदार्थ न केवल शरीर के लिए बल्कि परिवार और समाज के लिए भी हानिकारक है। नशे की लत से आर्थिक, शारीरिक और मानसिक क्षति होती है तथा कई गंभीर बीमारियां जन्म लेती हैं। उन्होंने कहा कि गांव और समाज से नशे को समाप्त करने के लिए नशामुक्ति अभियान को जन आंदोलन का रूप देना होगा। छात्र-छात्राओं से अपील की गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम के दौरान सभी ने नशा नहीं करने का संकल्प भी लिया। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक बुधन राम, शिक्षक आलोक कुमार, चौकीदार सुजीत उरांव सहित विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## दृष्टिपात

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत नवाडीपाड़ा मध्य विद्यालय में हुआ पौधरोपण

**लोहरदगा।** पीएम श्री राजकीयकृत मध्य विद्यालय, नवाडीपाड़ा में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अरुण राम ने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के आधार हैं। वे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ शुद्ध वायु और ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि वृक्षों की संख्या बढ़ने से वर्षा का संतुलन बना रहता है, भूजल स्तर में वृद्धि होती है तथा जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने में मदद मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल परिवार के सदस्य की तरह करने का आह्वान किया। साथ ही अभिभावकों के साथ पौधा लगाकर उसकी तस्वीर पोर्टल पर अपलोड करने की अपील की। विज्ञान शिक्षक राहुल कुमार ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण जरूरी है। उन्होंने बताया कि एक परिपक्व वृक्ष वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा पक्षियों और अन्य जीवों को प्राकृतिक आवास उपलब्ध कराता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दिया तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षिका नेमहंती मिंज, सुमित्रा टोप्पो, अनुप एक्का, उजबेला तिर्की, नीलम कुमारी, विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष अंजूषा उरांव, उपाध्यक्ष सुमति देवी तथा माता समिति की सदस्य सुमन देवी, पुष्पा देवी, सुनीता देवी और यमुना देवी उपस्थित थीं।

### लोहरदगा के गांवों में लगेगा ड्राइविंग लाइसेंस कैंप, आज से विशेष अभियान शुरू

**लोहरदगा।** परिवहन विभाग, झारखंड सरकार के निर्देशानुसार ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी सुविधाएं उनके नजदीक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न पंचायतों में विशेष ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) कैंप आयोजित किए जाएंगे। जिला परिवहन पदाधिकारी जया शंखी मुरमू द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 25 जून से 10 सितंबर 2026 तक जिले के सातों प्रखंडों की पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से कैंप लगाए जाएंगे। सभी कैंप पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 3 बजे तक संचालित होंगे। अभियान की शुरुआत 25 जून को कैरो प्रखंड के गजनी, गुड़ी और हनहट पंचायत से होगी, जबकि अंतिम कैंप 10 सितंबर को लोहरदगा प्रखंड के निंगनी, रामपुर और तिगरा पंचायत में आयोजित किया जाएगा। कैंप के दौरान आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन सहित अन्य प्रक्रियाओं में सहायता के लिए प्रज्ञा केंद्र की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदकों को आधार कार्ड अथवा मतदाता पहचान पत्र, आयु प्रमाण के लिए पैन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र या शैक्षणिक प्रमाण पत्र, रक्त समूह प्रमाण, एक पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो तथा ओटीपी सत्यापन के लिए सक्रिय मोबाइल नंबर साथ लाना होगा। 40 वर्ष से अधिक आयु के आवेदकों के लिए फॉर्म-1ए (चिकित्सा प्रमाण पत्र) अनिवार्य रहेगा। उन्होंने जिलेवासियों से निर्धारित तिथि पर अपने नजदीकी कैंप में पहुंचकर ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

### वार्ड 8 में नाली निर्माण व सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग, पार्षद ने ईओ को सौंपा आवेदन

**लोहरदगा।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या आठ की पार्षद अविनाश कुमारी ने कार्यपालक पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर वार्ड की विभिन्न समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है। उन्होंने कहा कि नए बोर्ड के गठन के बाद से ही न्यू रोड स्थित बजरंगबली मंदिर के पीछे के दोनों मोहल्लों में नाली निर्माण की आवश्यकता को लेकर कई बार आग्रह किया गया है। बरसात के दिनों में नाली नहीं होने से सड़क और बरसाती पानी लोगों के घरों में घुस जाता है, जिससे सांप-बिच्छू व अन्य जहरीले कीड़े-मकोड़ों का खतरा बढ़ जाता है। पार्षद ने बताया कि नगर परिषद अध्यक्ष अनिल उरांव के साथ क्षेत्र का निरीक्षण किया गया था तथा सहायक अभियंता एवं अभियंता द्वारा मापी भी की गई थी, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। उन्होंने नागरिक सुविधा को देखते हुए अविलंब नाली निर्माण शुरू कराने की मांग की। इसके अलावा वार्ड के कुम्हार मोहल्ले में चापानल में समरसेबल लगाने की मांग भी की गई, ताकि पेयजल संकट से लोगों को राहत मिल सके। पार्षद ने कहा कि पिछले तीन दिनों से कचरा उठाव वाहन नहीं आने और नियमित सफाई नहीं होने से लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने अतिरिक्त मजदूरों की व्यवस्था करने तथा बरसात से पूर्व नालियों एवं कुओं में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने की भी मांग की।

### प्रखंड स्तरीय अंडर-15 सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में एमएस लोहरदगा चैंपियन

**लोहरदगा।** सीएम एसओई नदिया हिंदू उच्च विद्यालय, लोहरदगा के खेल मैदान में आयोजित 65वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के अंडर-15 बालक वर्ग में एमएस लोहरदगा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में एमएस लोहरदगा ने पीएम श्री उच्च विद्यालय कुजरा को 1-0 से पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया, जबकि कुजरा की टीम उपविजेता रही। फाइनल मैच का शुभारंभ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईईओ) राजीव रंजन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद किक मारकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि फुटबॉल विश्व का लोकप्रिय खेल है और खेल में हार-जीत लगी रहती है।

**भूमि पूजन** | लोहरदगा के मिशन चौक में भव्य श्री राम दरबार मंदिर निर्माण का शिलान्यास

# समर्पण व त्याग के प्रतीक हैं प्रभु श्री राम : निशा उरांव

- आईआरएस अधिकारी निशा उरांव एवं रोहित उरांव के द्वारा किया गया भूमि पूजन
- श्री राम दरबार मंदिर बनेगा लोहरदगा की नई धार्मिक पहचान : रोहित

नवीन मेल संवाददाता





**लोहरदगा।** नगर क्षेत्र स्थित मिशन चौक में श्री राम दरबार न्यास के तत्वावधान में प्रस्तावित भव्य श्री राम दरबार मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा, उत्साह एवं धार्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय नागरिक एवं गणमान्य लोगों ने भूमि पूजन हेतु लाए गए शीला को लेकर नगर भ्रमण किया। कार्यक्रम में पूजनीय पुरोहित रामसेवक पाठक, देवेंद्र पाठक, एवं परमानन्द मिश्र के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कर मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आईआरएस अधिकारी निशा उरांव एवं युवा नेता सह समाजसेवी रोहित उरांव शामिल हुए। ऐतिहासिक कार्यक्रम की शुरुआत विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार, देवी-देवताओं के आह्वान और विधि-विधान से शिला पूजन के साथ हुई। इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ भव्य नगर भ्रमण कर पूरे क्षेत्र को राममय बना दिया।

शिलान्यास कार्यक्रम की पूर्णाहुति के बाद महाप्रसाद (भंडारे) का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, संध्या बेला में मंदिर परिसर में अलौकिक एवं भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें पूरा परिसर 'जय श्री राम' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। आईआरएस अधिकारी निशा उरांव ने कहा, "प्रभु श्रीराम का जीवन और उनके आदर्श पूरी मानवता के लिए प्रेरणास्रोत हैं। सनातन संस्कृति हमेशा से समाज को एक सूत्र में पिरोने और राष्ट्र को जोड़ने का काम करती है। मिशन चौक पर बनने वाला यह भव्य श्रीराम दरबार न केवल इस क्षेत्र की धार्मिक आस्था का प्रतीक बनेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को हमारे गौरवशाली मूल्यों और संस्कारों से भी परिचित कराएगा। ऐसे पुनीत कार्य में सहभागी बनना सौभाग्य की बात है।" समिति के अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि यह मंदिर केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि भविष्य में यह सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। वहीं समिति के सचिव विनय अग्रवाल एवं मुख्य संरक्षक मनोज जायसवाल ने संयुक्त रूप से सभी नगरवासियों और श्रद्धालुओं से मंदिर निर्माण के इस महायज्ञ में बढ़-चढ़कर तन-मन-धन से सहयोग करने और सहभागी बनने की अपील की। विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का निर्माण समाज को जोड़ने का कार्य करता है तथा ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से श्री राम दरबार न्यास के सचिव विनय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार,मनोज जायसवाल, दीपक जायसवाल, नवीन जायसवाल, पंकज महतो, रोहित साहू, राकेश सिन्हा, चंदन गोयल, पहलवान सिंह, दीपक साहू, संजय अग्रवाल, सचिन कुमार, राकेश सिंघल, विनय अग्रवाल, उज्ज्वल बंसल, आलोक मित्तल, ओम केसरी, एवं भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

# आम के पेड़ से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल, सदर अस्पताल में इलाज जारी



● मेहमानी के दौरान पेड़ पर चढ़ा था युवक, पैर टूटने से हालत गंभीर

नवीन मेल संवाददाता

**पालकोट (गुमला)।** पालकोट थाना क्षेत्र के अलंगकेरा गांव निवासी 20 वर्षीय बजरंग गोप आम के पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक बेचू गोप का पुत्र बताया गया है।

जानकारी के अनुसार बजरंग इन दिनों अपने मामा के घर सेमरा गांव में मेहमानी पर आया हुआ था। बुधवार दोपहर करीब 1:30 बजे वह आम तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा था, तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे जमीन पर गिर पड़ा। हादसे में उसके दाहिने पैर में गंभीर चोट आई और हड्डी टूट गई।

घटना के बाद परिजन और ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए करीब 3:00 बजे सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज जारी है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि आम के मौसम में पेड़ों पर चढ़कर फल तोड़ने के दौरान इस तरह की घटनाएं अक्सर हो जाती हैं, इसलिए सावधानी बेहद जरूरी है।

# ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति को लेकर डीडीसी सजग

● पीएम आवास, मनरेगा और 15वें वित्त आयोग की योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** उप विकास आयुक्त अनिमेश रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रखंड समन्वयकों, मनरेगा बीपीओ तथा 15वें वित्त आयोग के प्रखंड समन्वयकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।



बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा और 15वें वित्त आयोग से संचालित योजनाओं की प्रखंडवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने लक्ष्य प्राप्ति, लंबित कार्यों तथा वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत स्वीकृत आवासों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराने, लाभुकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने तथा लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

मनरेगा योजनाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिक मानव दिवस सृजित करने, कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने, समय पर मापी और भुगतान सुनिश्चित करने के साथ जल संरक्षण, पौधारोपण, परिसंपत्ति निर्माण एवं आजीविका संवर्धन से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। वहीं, 15वें वित्त आयोग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्वीकृत योजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारने तथा लंबित योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करते हुए समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा। उप विकास आयुक्त ने अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में प्रभावी कार्य करने का आह्वान किया।

## दृष्टिपात

### वज्रपात की चपेट में आने से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत



**पालकोट (गुमला)।** पालकोट थाना क्षेत्र के टेंगरिया खिजूर टोली गांव में मंगलवार की शाम वज्रपात की चपेट में आने से 45 वर्षीय कुंवर खड़िया की मौत हो गई। मृतक पांच बच्चों के पिता थे। बताया गया कि तेज बारिश के दौरान वह घर के पास मौजूद थे। इसी दौरान हुए वज्रपात की चपेट में आने से वह बेहोश होकर गिर पड़े। परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पालकोट ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बुधवार को पुलिस ने पंचनामा की प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है।

### पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर जान देने की कोशिश

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के करौंदी गांव में पारिवारिक विवाद के बाद एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालांकि ग्रामीणों की सतर्कता से उसकी जान बच गई। जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय जीत वाहन नायक का मंगलवार रात पत्नी से विवाद हुआ था। बुधवार सुबह पत्नी के काम पर जाने के बाद युवक गांव के समीप इमली के पेड़ के पास पहुंचा और अपनी जींस से फंदा बनाकर आत्महत्या का प्रयास किया। इस दौरान ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ गई। लोगों ने तुरंत उसे नीचे उतारकर सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार समय पर इलाज मिलने से उसकी जान बच गई और अब उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। ग्रामीणों ने कहा कि समय रहते उसे देख लिया गया, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना ने पारिवारिक तनाव और मानसिक दबाव को गंभीरता से लेने की जरूरत को भी उजागर किया है।

### झुलसी और बेसहारा महिला को मिला 'मिशन बदलाव' का सहारा



**गुमला।** शास्त्री नगर क्षेत्र में गंभीर रूप से झुलसी और मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को सामाजिक संस्था 'मिशन बदलाव' की टीम ने अस्पताल पहुंचाकर मानवता की अनूठी मिसाल पेश की है। जानकारी के अनुसार प्रमिला कुमारी कुछ दिन पूर्व एक ट्रांसफार्मर पर चढ़ गई थीं, जिससे उनका शरीर गंभीर रूप से झुलस गया था। इलाज के दौरान वह अस्पताल से निकल गई थीं और बाद में कचरे के ढेर के पास दयनीय अवस्था में भटकती मिलीं। अंचल कार्यालय के कर्मी मिथिलेश कुमार की नजर महिला पर पड़ने के बाद उन्होंने मिशन बदलाव के सदस्यों को सूचना दी। इसके बाद संस्था की टीम मौके पर पहुंची, महिला को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर कपड़े और भोजन उपलब्ध कराया तथा एंबुलेंस से सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. अनुपम किशोर की देखरेख में महिला का इलाज चल रहा है। इस कार्य में जिला अध्यक्ष बिनोद साहू, जिला सचिव सईदा खातून, नगर अध्यक्ष ज्योति कुमारी और बिनाय गोप की सक्रिय भूमिका रही। स्थानीय लोगों ने टीम के इस प्रयास की सराहना की।

### पीपीओ कार्ड मिलने से बुजुर्गों को मिली राहत



**डुमरी।** प्रखंड के मझगांव पंचायत में वृद्धा पेंशनधारियों के बीच पीपीओ कार्ड का वितरण किया गया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम से बुजुर्गों को पेंशन संबंधी प्रक्रियाओं में सहूलियत मिलेगी। पंचायत की मुखिया ज्योति बहेर देवी ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना पंचायत की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि पीपीओ कार्ड मिलने से लाभुकों को हर महीने पेंशन प्राप्त करने में सुविधा होगी और बैंक तथा सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। कार्यक्रम के दौरान जीवनसाय भगत, महेंद्र भगत, इग्नेशियूश कुजूर, ज्योति मिंज, धुजुलाल भगत और मुकदलीना कुजूर समेत कई लाभुकों को कार्ड प्रदान किया गया। इस अवसर पर डीएलएसए गुमला के पीएलवी बीरेंद्र नायक, पंचायत साथी रोहिका और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की।

### मानदेय और पोषाहार राशि की मांग को लेकर आंगनवाड़ी कर्मियों का प्रदर्शन

**गुमला।** सात सूत्री मांगों को लेकर आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ, गुमला के बैनर तले बुधवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया गया। जिला अध्यक्ष ममता देवी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के बाद संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के माध्यम से उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। धरना सभा को संबोधित करते हुए संघ के संगठन मंत्री एवं भारतीय मजदूर संघ के उपाध्यक्ष रामचंद्र गोप ने कहा कि अन्य सरकारी योजनाओं की तरह आंगनवाड़ी केंद्रों को भी पोषाहार मद की राशि अग्रिम रूप से उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अग्रिम राशि नहीं मिलने के कारण केंद्र संचालन और बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। समय पर मानदेय का भुगतान नहीं होने से सेविकाओं और सहायिकाओं की समस्याएं और बढ़ जाती हैं।

# सिसई में बीएलए-2 को विशेष गहन पुनरीक्षण का दिया गया प्रशिक्षण

● 112 मतदान केंद्रों के लिए मतदाता सूची अद्यतन प्रक्रिया की दी गई जानकारी

नवीन मेल संवाददाता



**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड के 112 मतदान केंद्रों के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के बीएलए-2 को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी रमेश कुमार यादव ने की। उन्होंने बताया कि 30 जून से 29 जुलाई तक चलने वाले विशेष अभियान के दौरान बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएंगे और उन्हें भरने की प्रक्रिया समझाएंगे। बीएलए-2 को इस कार्य में सहयोग के लिए प्रशिक्षित किया गया है।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि मतदाताओं से गणना प्रपत्र वापस लेते समय किसी प्रकार के दस्तावेज की मांग नहीं की जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सोमराई किंडो, निर्वाचन शाखा के सुमित केशरी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं बीएलए-2 उपस्थित थे।

# त्रुटिरहित मतदाता सूची के लिए बीडीओ ने राजनीतिक दलों के बीएलए-2 के साथ की बैठक

● घर-घर जागरूकता अभियान चलाकर पात्र मतदाताओं का नाम सूची में जोड़ने की अपील

नवीन मेल संवाददाता



**चैनपुर।** प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के बीएलए-2 की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को पारदर्शी, शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बीडीओ यादव बैठा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सही और अद्यतन मतदाता सूची का होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों के बीएलए-2 अपने-अपने क्षेत्र के बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर पुनरीक्षण कार्य में सक्रिय सहयोग करें।

उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान ऐसे लोगों की पहचान की जाएगी, जो क्षेत्र के वास्तविक निवासी नहीं हैं या अन्यत्र स्थानांतरित हो चुके हैं। वहीं, लंबे समय से निवास कर रहे पात्र लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। इसमें बीएलए-2 की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

बीडीओ ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, बीएलओ और बीएलए-2 से घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने की अपील की, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।

बैठक में झामुमो, कांग्रेस और भाजपा समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस अवसर पर निर्वाचन ऑपरेटर पुरुषोत्तम कुमार, पंचायत सचिव महताब आलम तथा बड़ी संख्या में बीएलए-2 सदस्य उपस्थित थे।

## वज्रपात की चपेट में आने से महिला की मौत, बैल भी मरा

● जोराडांड गांव में बारिश के दौरान दर्दनाक हादसा, गांव में पसरा मातम

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के जोराडांड गांव में बुधवार दोपहर वज्रपात की चपेट में आने से 35 वर्षीय गीता उराईन की मौत हो गई, जबकि उसका बैल भी मौके पर ही मारा गया। जानकारी के अनुसार गीता उराईन अपने मवेशियों को घर ला रही थी।

इसी दौरान मौसम अचानक खराब हो गया और तेज गरज-चमक के साथ वज्रपात हो गया, जिसकी चपेट में वह और उसका बैल आ गए। घटना के बाद परिजन उसे आनन-फानन में सदर अस्पताल गुमला ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद पूरे जोराडांड गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# विशाल इमली का पेड़ गिरने से तीन भाइयों का घर ध्वस्त

● परिवार खेत में होने से टला बड़ा हादसा, पीड़ितों ने प्रशासन से राहत की लगाई गुहार

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के दुम्बो पीपरटोली गांव में मंगलवार की शाम एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। गांव निवासी रंथू उरांव, गंदुवा उरांव और खदीया उरांव के मकान पर एक विशाल इमली का पेड़ जड़ समेत उखड़कर गिर गया, जिससे तीनों भाइयों का घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। संयोगवश घटना के समय परिवार के सभी सदस्य खेत में काम करने गए हुए थे, जिसके कारण कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण पेड़ की जड़ें कमजोर हो गई थीं। मंगलवार शाम हल्की आंधी और बारिश के दौरान पेड़ अचानक उखड़कर मकान पर गिर पड़ा। इसके भार से घर की दीवारें और छप्पर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने बताया कि यदि घटना के समय परिवार के सदस्य घर में मौजूद होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। मेहनत-मजदूरी और खेती-बाड़ी से जीवनयापन करने वाले तीनों भाइयों के सामने अब रहने और आजीविका की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। सूचना मिलने पर पंचायत के मुखिया जयराम उरांव एवं समाजसेवी पवन भगत मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर क्षति का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित परिवार को हरसंभव सहायता का भरोसा देते हुए आपदा प्रबंधन मद से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। मुखिया जयराम उरांव ने बताया कि घटना की सूचना प्रशासन को दे दी गई है और प्रभावित परिवार को जल्द राहत दिलाने की दिशा में पहल की जा रही है। फिलहाल पीड़ित परिवार दूसरे लोगों के घरों में शरण लेने को मजबूर है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र सर्वे कर आर्थिक सहायता एवं आवासीय राहत उपलब्ध कराने की मांग की है।

## पर्यटन स्थलों पर चला नशा मुक्ति अभियान



● पर्यटकों और श्रद्धालुओं को नशे से दूर रहने की दिलाई गई शपथ

**गुमला।** पर्यटन विभाग द्वारा जिले के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों—आंजन धाम, हापामुनी मंदिर, देवाकी बाबा धाम और नवरत्नगढ़ किला में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य पर्यटकों, श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। अभियान के दौरान लोगों को नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए संकल्प दिलाया गया। अधिकारियों ने कहा कि पर्यटन स्थलों को स्वच्छ, सुरक्षित और नशामुक्त बनाए रखने के लिए ऐसे कार्यक्रम आगे भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों ने अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग का भरोसा दिया।

## आमगांव-देवीडीह सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप, जांच में पहुंची जनप्रतिनिधियों की टीम

नवीन मेल संवाददाता

**जारी (गुमला)।** जारी प्रखंड के आमगांव मोड़ से देवीडीह तक निर्माणाधीन सड़क एवं पुल-पुलिया कार्य में अनियमितता और घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग का आरोप सामने आया है। शिकायत मिलने पर सांसद प्रतिनिधि जाकिर अंसारी एवं कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जॉय कुजूर ने संयुक्त रूप से निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों नेताओं ने सड़क निर्माण में प्रयुक्त सामग्री, पुल-पुलिया की गुणवत्ता तथा कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने पाया कि कई स्थानों पर निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने भी निम्न गुणवत्ता की सामग्री के उपयोग की शिकायत की। सांसद प्रतिनिधि जाकिर अंसारी ने कहा कि जनता के टैक्स के पैसे से होने वाले विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभाग एवं संवेदक से तत्काल कमियों को दूर करने की मांग करते हुए मामले की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजने की बात कही। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जॉय कुजूर ने कहा कि क्षेत्रवासियों को गुणवत्तापूर्ण बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना विभाग की जिम्मेदारी है। यदि जांच में अनियमितता की पुष्टि होती है तो दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की जाएगी। ग्रामीणों ने भी निर्माण कार्य को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि पूर्व में भी कई बार शिकायत की गई थी, लेकिन कार्य की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ। इससे सड़क एवं पुल-पुलिया की मजबूती और टिकाऊपन पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए टिकाऊ खेती ही समाधान : डॉ. बृजेश पाण्डेय

● 'खेत बचाओ अभियान' के तहत किसान गोष्ठी में वैज्ञानिक खेती, मृदा संरक्षण और जल प्रबंधन पर दिया गया जोर

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** बदलते जलवायु परिदृश्य और अनियमित वर्षा के बीच कृषि को सुरक्षित एवं टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) गुमला, विकास भारती बिशुनपुर द्वारा निकरा परियोजना के तहत ₹खेत बचाओ अभियान₹ के अंतर्गत किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को जलवायु परिवर्तन से निपटने, मृदा संरक्षण, जल प्रबंधन तथा वैज्ञानिक खेती की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई।

कृषि वैज्ञानिक-सह-प्रधान डॉ. बृजेश पाण्डेय ने कहा कि कृषि की स्थिरता और उत्पादकता बनाए रखने के लिए मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, जल संरक्षण और फसल विविधीकरण को प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने मृदा परीक्षण, हरी खाद, जैविक खाद और फसल चक्र अपनाने की सलाह दी।

मृदा विज्ञान विशेषज्ञ अटल बिहारी तिवारी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का असर कृषि पर स्पष्ट दिख रहा है। ऐसे में वर्षा जल संचयन, मल्चिंग, कम अवधि वाली फसलों और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।

पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने कहा कि जल, जंगल और जमीन का संरक्षण कर ही खेतों को बचाया जा सकता है। उन्होंने अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने पर बल दिया। कार्यक्रम में डॉ. नीरज कुमार वैश्य, भिखारी भगत, बिंटू साहदेव, राजेश कुशवाहा, पवन साहू और महेंद्र भगत ने भी किसानों को पर्यावरण अनुकूल खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर खिलाड़ियों का सम्मान

● हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक्स और बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं जिला खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में खेल प्रतियोगिताओं और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य खेल संस्कृति को बढ़ावा देना तथा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना था। उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुमला की खेल परंपरा गौरवशाली रही है और यहां के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्टता का प्रतीक है तथा जिला प्रशासन खिलाड़ियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में पूर्व ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी मनोहर टोप्पो सहित राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। हॉकी बालिका वर्ग में उर्सुलाइन कॉन्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल विजेता तथा उर्सुलाइन कॉन्वेंट प्राइमरी स्कूल उपविजेता रहा। बालक वर्ग में सेंट इग्नेशियस हाई स्कूल ने खिताब जीता। फुटबॉल बालिका वर्ग में डे बोर्डिंग ए टीम विजेता और डे बोर्डिंग बी उपविजेता रही, जबकि बालक वर्ग में ग्रामीण एकादश गुमला ने खिताब अपने नाम किया। एथलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धाओं और बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनिमेष रंजन, अपर समाहर्ता राजीव नीरज, अनुमंडल पदाधिकारी अखिलेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ललन कुमार रजक, जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार सहित अन्य अधिकारी, प्रशिक्षक और खिलाड़ी उपस्थित थे।

## निजी कॉलेजों की फीस में रियायत की मांग पर अदालत ने रोक लगाई

# ईडब्ल्यूएस छात्रों की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज हुई

- राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा



- 8 लाख आय सीमा बनाम 25 लाख फीस सवाल उठा
- छात्र को स्कॉलरशिप या सबवेंशन लेने की सलाह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय की जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने राजस्थान उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली उस याचिका को खारिज दिया, जिसमें उच्च न्यायालय ने कहा था कि ईडब्ल्यूएस वर्ग के छात्रों को ये लाभ दाखिला के समय तक के लिए है और वे आगे की फीस में रियायत की मांग नहीं कर सकते हैं।

याचिका राजस्थान के एक ईडब्ल्यूएस वर्ग के छात्र हर्षवर्धन सिंह ने दायर की थी। सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि निजी कॉलेजों से सरकारी कॉलेजों की तरह फीस में रियायत की उम्मीद नहीं की जा सकती है। निजी कॉलेजों को अपना वित्तपोषण खुद करना होता है। सरकारी कॉलेजों को सरकार रियायत देती है और यही बड़ा फर्क है। जस्टिस नागरत्ना ने टीएमए पई के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि कैपिटेशन फीस पर रोक लगाई गई है लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि कॉलेज की सामान्य फीस नहीं लगेगी।

याचिकाकर्ता का कहना था कि ईडब्ल्यूएस की आय सीमा सालाना आठ लाख तक की है। आठ लाख की आय वाला ईडब्ल्यूएस का छात्र निजी मेडिकल कॉलेज की फीस कैसे भर सकता है। याचिकाकर्ता ने कहा कि राजस्थान में निजी मेडिकल कॉलेजों की फीस 18.9 लाख से 25 लाख के बीच है। ऐसे में ईडब्ल्यूएस वर्ग के छात्र निजी मेडिकल कॉलेज में अपनी पढ़ाई कैसे कर पाएगा। तब कोर्ट ने कहा कि आप स्कॉलरशिप या सबवेंशन लीजिए।

## खड़गे परिवार के ट्रस्ट ने हड़पी 100 करोड़ की जमीन?

- बीजेपी प्रवक्ता प्रदीप भंडारी का आरोप

**एजेंसी। नई दिल्ली**



बीजेपी ने आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर कर्नाटक में ज़मीन के एक कथित घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया। यह मामला उनके परिवार द्वारा चलाए जा रहे एक ट्रस्ट को ज़मीन आवंटित करने से जुड़ा है। नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में मीडिया को जानकारी देते हुए बीजेपी प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि 2024 में, कर्नाटक इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट बोर्ड ने एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर में रिसर्च और डेवलपमेंट के लिए ट्रस्ट को लगभग पांच एकड़ इंडस्ट्रियल ज़मीन आवंटित की थी। भंडारी ने इस आवंटन पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि ट्रस्ट को इन क्षेत्रों में कोई पूर्व अनुभव नहीं था और इसके बावजूद लगभग 100 करोड़ रुपये की अनुमानित कीमत वाली ज़मीन उसे दे दी गई। भंडारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और उनके बेटे एक ट्रस्ट के माध्यम से कर्नाटक में जमीन की लूट और भ्रष्टाचार कर रहे हैं। इस ट्रस्ट का नाम है सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट। इस ट्रस्ट में मल्लिकार्जुन खड़गे, बेटे प्रियांक खड़गे, दामाद और उनकी पत्नी शामिल हैं। ये ट्रस्ट मल्लिकार्जुन खड़गे के परिवार का है। मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रियांक खड़गे ने इस ट्रस्ट के माध्यम से अलग-अलग जमीनों पर कब्जा किया और अपनी राजनीतिक ताकत का इस्तेमाल करते हुए गरीबों की जमीन हड़प ली।उन्होंने कहा कि सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को कर्नाटक इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट बोर्ड ने 2024 में पांच एकड़ भूमि दी थी। उस समय कहा गया था कि यह ट्रस्ट एयरोस्पेस और डिफेंस में रिसर्च और डेवलपमेंट का काम करेगा। इस जमीन की बाजार कीमत करीब 100 करोड़ रुपये है। लेकिन इस ट्रस्ट ने एयरोस्पेस और डिफेंस में अब तक कोई काम नहीं किया है। अब सवाल यह उठता है कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने एक ऐसे ट्रस्ट को, जिसमें मल्लिकार्जुन खड़गे खुद सदस्य हैं।

## चंदा चोरी मामले में 'बड़ी मछलियों' को बचा रही एसआईटी : सुरेंद्र राजपूत

- ट्रस्ट से आरएसएस और भाजपा पदाधिकारियों को हटाने की मांग
- मौलाना मदनी के बयान को जिहाद की गलत व्याख्या बताया

**एजेंसी। लखनऊ**

कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने राम मंदिर चंदा विवाद, मौलान मदनी के जिहाद विवाद सहित कई मुद्दों पर बातचीत करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा देश में हिंदू-मुस्लिम की राजनीति कर रही है।



राम मंदिर चंदा चोरी प्रकरण को लेकर गठित एसआईटी द्वारा रिपोर्ट सौंपे जाने पर कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने कहा, "रिपोर्ट सौंपना कोई नई बात नहीं है। मुद्दा यह है कि उस रिपोर्ट में क्या है? लोग बता रहे हैं कि एसआईटी की रिपोर्ट में सुझाव हैं। क्या एसआईटी वहां सुझाव देने गई थी? क्या नृपेंद्र मिश्रा को इतना नहीं पता कि वहां अधिक कैमरे लगाने चाहिए? इन्वेस्टिगेशन टीम अयोध्या सिर्फ धोखेबाजों, चोरों, लुटेरों और डकैतों को बचाने और 'छोटी मछलियां' पकड़ने गई थी। अगर भाजपा के लोग वास्तव में चढ़ावा चोरों को रोकना चाहते हैं तो पहले एफआईआर दर्ज कराएं और भाजपा, विश्व हिंदू परिषद और आरएसएस के पदाधिकारियों को ट्रस्ट से हटाएं। ट्रस्ट में चार शंकराचार्य, 5 रामानुजाचार्य और 13 अखाड़े के संतों को शामिल किया जाए। ट्रस्ट से राजनीतिक और आरएसएस के लोगों को निकालकर जेल भेजना चाहिए।"

वहीं, मौलाना अरशद मदनी के हर मुसलमान को जिहाद करना चाहिए वाले बयान पर कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, "जिहाद एक इस्लामिक शब्द है, जो आत्मिक शुद्धता के लिए धर्म के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। जिहाद कोई खराब शब्द नहीं है, ये आत्मा की सफाई के लिए किया जाता है। धर्म युद्ध की तरह जिहाद भी एक शब्द है। भाजपा के शासन काल में जिहाद शब्द के गलत मायने निकाले जा रहे हैं। भाजपा हिंदू और मुस्लिमों के बीच मतभेद पैदा करने के लिए मौलाना मदनी के बयानों को तूल दे रही है।"जंतर-मंतर में हो रहे धरने को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के भड़कने पर कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, "इस्तीफा मांगा जा रहा है, धर्मेंद्र प्रधान भड़केंगे ही क्योंकि उनका इस्तीफा मांगा जा रहा है। धर्मेंद्र प्रधान को जनता के बीच में आते हुए भी शर्म आनी चाहिए।

### धार्मिक विवादों पर सामाजिक तनाव बढ़ा

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने फैसला किया है कि मुसलमानों को सामाजिक और राजनीतिक रूप से हाशिये पर धकेलने तथा मस्जिदों और मदरसों के ध्वंस के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करेगा। इस पर कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र ने कहा, "देश में हिंदू-मुसलमान ही हो रहा है। मस्जिदों के नीचे मंदिर खोजे जा रहे हैं, मजारों पर झंडे लहराने की बात कही जा रही है। मस्जिदों के आगे डीजे बजाया जा रहा है। गोकशी के नाम पर मुस्लिम समुदाय के लोगों को मारा जा रहा है। इस अन्याय के खिलाफ सिर्फ मुसलमानों को ही नहीं, पूरे देश को आवाज उठानी चाहिए। किसी भी धर्म के खिलाफ हो रहे अत्याचार के खिलाफ सभी समुदाय के लोगों को एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए।"

### कोलकाता में निर्माणाधीन गोदाम ढहा

## 5 की मौत, 50-55 लोगों के दबे होने की आशंका, 14 का रेस्क्यू

**एजेंसी। कोलकाता**

दक्षिण कोलकाता के तारातला ट्रांसपोर्ट डिपो के पास बुधवार दोपहर 1.30 बजे निर्माणाधीन गोदाम का शेड अचानक गिर गया। घटना में अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। 50 से 55 लोगों के दबे होने की आशंका है।मलबे में दबे 14 लोगों का रेस्क्यू कर बाहर निकाला जा चुका है। सभी घायलों को इलाज के लिए एसएसकेएम अस्पताल के ट्रॉमा केयर सेंटर में भर्ती कराया गया है।स्थानीय लोगों के मुताबिक, हादसे के वक्त गोदाम में कंक्रीट ढलाई का काम चल रहा था। पुलिस के मुताबिक, रेस्क्यू में कोलकाता पुलिस, डिजास्टर मैनेजमेंट ग्रुप, सिविल डिफेंस, फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज और सेना भी जुटी है। मलबे और लोहे की रॉड को हटाने के लिए क्रेन मंगाई गई है। गैस कटर से लोहे की छड़ों को काटा जा रहा है। मलबे में दबे मजदूरों-कर्मचारियों की चीखें भी सुनाई दे रही हैं, उनके जल्द से जल्द रेस्क्यू के प्रयास जारी हैं।

**सरकार ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। मुख्यमंत्री के साथ मंत्री अग्निमित्रा पॉल और कौशिक चौधरी समेत कई मंत्री भी मौजूद रहे। **राज्य सरकार ने लोगों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर 1070, 8697981070 और 033-22143526/22535185 जारी किए हैं।** जानकारी के मुताबिक गोदाम की जमीन ओडिशा के व्यवसायी की थी जिन्होंने किसी प्रायवेट फर्म को इसे लीज पर दिया था।

**सेना भी बचाव में जुटी**



### मलबे में फंसे मजदूर बोला- मेरा पैर काट लो लेकिन मुझे बचा लो

हादसे के बाद बचाव कार्य के दौरान एक युवक अंकित सिंह ने मलबे में फंसे एक मजदूर को ढूंढने में अहम भूमिका निभाई। उसने घायल मजदूर का पैर पकड़कर बचाव दल को उसकी सही जगह तक पहुंचने में मदद की, जिसके बाद रेस्क्यू टीम ने उसे बाहर निकालने का प्रयास तेज कर दिया।मलबे में फंसा मजदूर दर्द से कराहते हुए बार-बार कह रहा था- 'मैंने अपना पैर खो दिया है, अगर जरूरत हो तो बाकी हिस्सा काटकर मुझे बाहर निकालो, बस मेरी जान बचा लो।

## आज कल




### पुणे केतन अग्रवाल मर्डर केस में बड़ा खुलासा

## मंगेतर ने प्रेमी के साथ इस तरह दिया साजिश को अंजाम

**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र में पुणे के लोहागढ़ किले में हुई युवक केतन अग्रवाल की मौत की गुत्थी अब एक सनसनीखेज हत्या कांड में बदल गई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह कोई हादसा नहीं बल्कि पहले से रची गई साजिश थी। इस मामले में केतन की मंगेतर सिया गोयल और उसके प्रेमी चेतन चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। दोनों को 29 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।पुलिस के अनुसार 18 जून को केतन अग्रवाल अपनी मंगेतर सिया गोयल के साथ लोहागढ़ किले पर घूमने गया था। उसी दौरान केतन किले से नीचे गिर गया और उसकी मौत हो गई। शुरुआत में इसे एक दुर्घटना माना गया। सिया ने केतन के परिवार को बताया था कि वह ट्रेकिंग के दौरान फिसलकर नीचे गिर गया। लेकिन जांच के दौरान मिले सीसीटीवी फुटेज ने पूरे मामले की दिशा बदल दी। पुलिस को किले के टिकट काउंटर के पास लगे कैमरों में एक संदिग्ध युवक दिखाई दियाफुटेज में वह लगातार केतन और सिया का पीछा करता नजर आया। एक अन्य वीडियो में सिया अचानक पीछे मुड़कर देखती है और उसी समय वह युवक नीचे बैठ जाता है, जिससे पुलिस का शक गहरा गया। जांच अधिकारियों ने बताया कि उस दिन तापमान लगभग तैंतीस डिग्री सेल्सियस था, ऐसे में गर्मी के बावजूद हुडी पहनना संदेह पैदा करने वाला था। बाद में पुलिस ने उस युवक की पहचान चेतन चौधरी के रूप में की। पूछताछ में सामने आया कि चेतन और सिया के बीच प्रेम संबंध थे और दोनों मिलकर केतन को रास्ते से हटाना चाहते थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार जब चेतन से पूछा गया कि दोनों ने भागकर शादी करने के बजाय हत्या का रास्ता क्यों चुना।

## भारत जैसे देश में जिहाद की जरूरत नहीं, यह ईमान का देश : मौलाना शहाबुद्दीन

**एजेंसी। बरेली (उत्तर प्रदेश)**



मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने जमीयत उलेमा ए हिंद के प्रमुख अरशद मदनी के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि हर मुसलमान को जिहाद करना चाहिए।

मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने बुधवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि अरशद मदनी ने जिहाद पर बयान दिया। लेकिन, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि आखिर किन स्थितियों में जिहाद करना चाहिए। मौलाना ने कहा कि उन्हें इस बात को भी साफ करना चाहिए कि क्या भारत में जिहाद की जरूरत है? यह बात उन्हें स्पष्ट करनी चाहिए थी। आला हजरत ने अपनी किताब में लिखा है कि भारत में जिहाद की जरूरत नहीं है, क्योंकि यह शांति और ईमान का देश है। उन्होंने कहा कि यहां पर पूरी आजादी के साथ हर मजहब के लोगों को अपनी परंपरा का पालन करने का अधिकार है। उसे ऐसा करने से कोई नहीं रोकता है। कहीं कोई रोक टोक नहीं है। ऐसी स्थिति में यहां पर ना जिहाद जरूरी है और ना ही हिजरत जायज है। उन्होंने कहा कि अरशद मदनी एक बुजुर्ग व्यक्ति हैं, उन्हें तमाम चीजों को स्पष्ट करना चाहिए कि किन स्थितियों में जिहाद की जरूरत है और किन स्थितियों में नहीं है। भारत में जिहाद की कोई जरूरत नहीं है। भारत में जिहाद करना जायज नहीं है। साथ ही, मौलाना सैफ अब्बास ने अरशद मदनी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिहाद शब्द का इस्तेमाल किया जाता है।

### उपलब्धि

मध्य प्रदेश : बुरहानपुर के केले को मिला जीआई टैग , ब्रांड वैल्यू बढ़ी

# 18 हजार किसानों के लिए बड़ी उपलब्धि व आर्थिक राहत

- किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलने की उम्मीद

**एजेंसी। भोपाल/नई दिल्ली**

मिठास और गुणवत्ता के लिए मशहूर बुरहानपुर के केले (बुरहानपुर केला) को भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग मिला है। यह उपलब्धि यहां के हजारों केला किसानों के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।

इस जीआई टैग के लिए जनवरी 2024 में खकनार कृषि विकास फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ने आवेदन किया था। बुरहानपुर को मध्य प्रदेश में सबसे अधिक केला उत्पादन करने वाला जिला माना जाता है। यही नहीं, यहां प्रदेश की एकमात्र केला मंडी भी स्थित है, जिससे यह क्षेत्र लंबे समय से केले के कारोबार का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।जिले में फैले हजारों बागान हर साल बड़ी मात्रा में केले का उत्पादन करते हैं। यहां के केले अपनी खास मिठास, स्वाद और गुणवत्ता के कारण पूरे देश में लोकप्रिय हैं। खासकर उत्तर भारत में इनकी मांग काफी अधिक रहती है। इसके अलावा खाड़ी देशों (गल्फ कंट्रीज) में भी बुरहानपुर के केले की लगातार मांग बनी हुई है।



अब जीआई टैग मिलने के बाद बुरहानपुर के केले को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान मिलेगी। इससे उत्पाद की ब्रांड वैल्यू बढ़ेगी और किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलने की संभावना है। साथ ही, नकली और मिलते-जुलते उत्पादों से भी इस विशेष किस्म की सुरक्षा हो सकेगी। बुरहानपुर जिले में वर्तमान में करीब 18,640 किसान केला खेती से जुड़े हुए हैं। ये किसान लगभग 26,120 हेक्टेयर भूमि पर केले की खेती करते हैं। इस विशाल क्षेत्र से हर साल करीब 18,28,400 मीट्रिक टन केले का उत्पादन होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि जीआई टैग मिलने के बाद निर्यात के नए अवसर खुलेंगे, जिससे व्यापार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इसका फायदा कृषि आधारित उद्योगों और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर को भी मिलेगा।

### रोजगार और निर्यात के नए अवसर

बुरहानपुर में पहले से ही केला आधारित प्रसंस्करण उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत यहां 55 से अधिक केला प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित की जा चुकी हैं। इन इकाइयों में केले से विभिन्न प्रकार के मूल्यवर्धित उत्पाद और स्नैक्स तैयार किए जाते हैं। अब जीआई टैग मिलने के बाद इन उत्पादों की मांग भी बढ़ने की उम्मीद है। इससे स्थानीय उद्योगों को नई गति मिलेगी, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और बुरहानपुर के केले की मिठास दुनिया के और अधिक देशों तक पहुंचेगी।

# दृष्टिपात

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 28 जून से

**जयपुर।** जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंभ 28 जून (रविवार) से किया जाएगा। इस अभियान के तहत जयपुर प्रथम और जयपुर द्वितीय क्षेत्र में नवजात से लेकर 5 वर्ष तक के 8 लाख 86 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पहले दिन जिलेभर में कुल 6711 बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, इसके बाद आगामी दिनों में घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को खुराक दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि उनके क्षेत्र में 2647 बूथों पर 4 लाख 26 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि उनके क्षेत्र में 4064 बूथों पर 4 लाख 60 हजार से अधिक बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आरसीएचओ जयपुर द्वितीय डॉ. जितेन्द्र गुप्ता ने बताया कि अभियान के लिए 14 हजार 546 वैक्सीनेटर, 816 सुपरवाइजर, 153 ट्रांजिट टीमें और 635 मोबाइल टीमें तैनात की गई हैं। वहीं जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. आशा मीणा ने बताया कि उनके क्षेत्र में 737 सुपरवाइजर, 140 ट्रांजिट टीमें और 177 मोबाइल टीमें अभियान में कार्य करेंगी। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर अवश्य लेकर आएं और पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान को सफल बनाएं।

## अखिलेश चालाकी और चतुराई के चक्रव्यूह में खुद फंसकर रह जाएंगे : मुख्तार अब्बास नकवी



**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पर जमीन से जुड़े कथित घोटाले के आरोपों को लेकर सियासत तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने मोहन यादव का बचाव करते हुए दावा किया कि भाजपा तीन राज्यों के मुख्यमंत्रियों को बदलने की साजिश रच रही है और इसी वजह से इस मामले में उनका नाम उछाला जा रहा है। इस पर भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने प्रतिक्रिया दी है। नकवी ने बुधवार को आईएएनएस से बातचीत में कहा, "इस तरह की चालाकी और चतुराई के चक्रव्यूह में अखिलेश यादव खुद ही फंस जाएंगे। उन्हें इससे किसी भी प्रकार का फायदा नहीं मिलने वाला है, खासकर 2027 के चुनाव में।"उन्होंने ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। नकवी ने कहा कि कुछ लोग जिहाद के नाम पर फसाद फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियानों को आम जनता स्वीकार नहीं कर रही है और इससे संबंधित लोगों को ही नुकसान हो रहा है। भारत एक इकलौता ऐसा देश है, जहां पर सबसे ज्यादा किसी गैर मुस्लिम देशों की तुलना में मुस्लिम समुदाय के लोग रहते हैं। यहां पर उनके संवैधानिक, आर्थिक और शैक्षणिक अधिकारों को सुरक्षित किया जा रहा है। अगर आप लोगों को अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की इतनी ही टेंशन है, तो मेरा सुझाव है कि इन लोगों को पाकिस्तान जाकर देखना चाहिए कि वहां पर अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की स्थिति कैसी है।

## बीकानेर के 1677 वरिष्ठ नागरिक रेलमार्ग से और 205 हवाईमार्ग से करेंगे धार्मिक यात्रा

**बीकानेर।** वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2026 के तहत इस बार जिले के 1 हजार 677 तीर्थयात्रियों को रेल मार्ग तथा 205 को हवाई मार्ग से विभिन्न धार्मिक स्थलों की यात्रा करवाई जाएगी। जिला स्तरीय चयन समिति के अध्यक्ष तथा जिला कलक्टर निशांत जैन ने इसकी ऑनलाइन लॉटरी निकाली। इस दौरान जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलजा पांडे, प्रशिक्षु आईएएस मनु गर्ग, पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक अनिल राठौड़, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध, कोषाधिकारी धीरज जोशी, एसीपी गौरव भाटिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिला कलेक्टर ने बताया कि इस बार प्रदेश के 50 हजार वरिष्ठ नागरिकों को रेल मार्ग और 6 हजार को वायु मार्ग से निर्धारित स्थलों पर यात्रा करवाई जाएगी। वहीं जिले के 1 हजार 882 वरिष्ठ नागरिकों को इस योजना के तहत यात्रा करवाई जाएगी। यात्रा कार्यक्रम का निर्धारण आगामी दिनों में किया जाएगा। जिला कलेक्टर ने बताया कि इस बार हरिद्वार-ऋषिकेश-आयोध्या-वाराणसी-सारनाथ, सम्मेदशिखर-पावापुरी-वाराणसी-सारनाथ, मथुरा-वृंदावन-बरसाना-आगरा-अयोध्या, द्वारकापुरी-नागेश्वर-सोमनाथ, तिरूपति-पद्मावति, कामाख्या-गुवाहाटी, गंगासागर-कोलकाता, जगन्नाथपुरी-कोणार्क, रामेश्वरम्-मदुरई, वैष्णोदेवी-अमृतसर-वाघा बोर्डर, गोवा के मंदिर एवं अन्य स्थल चर्च आदि, महाकालेश्वर, उज्जैन-ओंकारेश्वर-त्रयम्बकेश्वर-घृष्णेश्वर-एलोरा, बिहार-शरीफ, श्री हूजुर साहिब, नांदेड़, महाराष्ट्र और पटना बिहार की यात्रा रेलमार्ग से करवाई जाएगी।

## 4.39 करोड़ का सोना बरामद होने के अगले ही दिन तृणमूल नेता और उसके पति लापता



**कोलकाता।** पुलिस ने बुधवार को बताया कि नादिया जिला परिषद की सदस्य और तृणमूल कांग्रेस नेता टीना भौमिक साहा और उनके पति लापता हो गए हैं। उनके घर से 4.39 करोड़ रुपए से ज्यादा की कीमत के तीन किलोग्राम से ज्यादा सोने के गहने बरामद होने के एक दिन बाद यह घटना हुई है। पुलिस टीना भौमिक साहा की तलाश कर रही है, जो गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस नेता और बिधाननगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के पूर्व मेयर सब्यसाची दत्ता की करीबी दोस्त हैं। पुलिस ने बताया कि सोमवार रात शुरू हुई और बुधवार शाम तक चली तलाशी के दौरान टीना भौमिक साहा और उनके पति नादिया जिले के तेहट्टा में स्थित अपने घर पर मौजूद नहीं थे। पुलिस ने उनके माता-पिता और ससुरालवालों के घरों की भी तलाशी ली थी। उनकी बुजुर्ग सास ने पुलिस अधिकारियों को बताया कि यह जोड़ा सोमवार को एक साथ काम पर गया था और तबसे उनकी अपने बेटे और बहू से कोई बात नहीं हुई है। पड़ोसियों ने बताया कि दोनों को अपनी कार में जाते हुए देखा गया था। सवाल उठ रहे हैं कि क्या उन्हें अपने घर पर तलाशी की खबर मिल गई थी और उन्होंने घर न लौटने का फैसला किया। आशंका है कि भारी मात्रा में सोने के गहने मिलने के बाद यह जोड़ा कहीं छिप गया है। दूसरी ओर, बिधाननगर साउथ पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने उन्हें बुधवार को पूछताछ के लिए बुलाया है।

## ऑपरेशन शेरुवाली : जम्मू-कश्मीर के जंगलों में सेना का महाअभियान जारी



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के मंजाकोट सेक्टर के दोरीमल गंभीर मुगलान इलाके में चल रहा आतंक विरोधी अभियान "ऑपरेशन शेरुवाली" आज अपने तैंतीसवें दिन में प्रवेश कर गया। सुरक्षा बल लगातार घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में व्यापक तलाशी अभियान चला रहे हैं। इस लंबे अभियान का मुख्य उद्देश्य इलाके में छिपे हथियारबंद घुसपैठियों का पता लगाना और उन्हें निष्क्रिय करना है। हम आपको याद दिला दें कि मई के अंतिम सप्ताह में शुरू किया गया यह बहु एजेंसी अभियान जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के घने वन क्षेत्रों में चलाया जा रहा है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार अभियान पूरी योजना के अनुसार आगे बढ़ रहा है और सभी बल उच्च सतर्कता के साथ अपने दायित्व निभा रहे हैं। जंगलों और पहाड़ी इलाकों में लगातार निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके और स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बल क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। अभियान के तहत अतिरिक्त जांच चौकियां स्थापित की गई हैं तथा क्षेत्र में दबदबा कायम रखने के लिए लगातार गश्त भी की जा रही है। सुरक्षा एजेंसियां इलाके के हर हिस्से पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते रोका जा सके।




# शिवराज को हटाकर मोहन यादव को क्यों बनाया गया सीएम ?

## 'इं एक्सप्रेस' के खुलासे से उजागर मास्टर प्लान की आड़ में खड़ा 335 एकड़ का बिल्डर साम्राज्य ?

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** शुचिता, सुशासन का नायाब नमूना महाकाल की पावन धरती मध्य प्रदेश में उजागर हुआ है। साल 2023 के विधानसभा चुनाव में अपनी लोकप्रियता के दम पर पार्टी को प्रचंड बहुमत से जिताने वाले जननेता शिवराज सिंह चौहान को हटाकर उनकी जगह एक ऐसे मोहन यादव को मुख्यमंत्री की कमान सौंपी गई, जिसकी नियुक्ति पर खुद भाजपा के कद्दावर नेता और कार्यकर्ता हैरान थे। लेकिन 'द इंडियन एक्सप्रेस' की हालिया खोजी रिपोर्ट ने इस रहस्य से पूरी तरह पर्दा उठा दिया है कि आखिर दिल्ली के आकाओं को मध्य प्रदेश की कुर्सी पर ऐसा ही चेहरा क्यों चाहिए था। जिस 'इंडियन एक्सप्रेस' के मंच पर खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई केंद्रीय मंत्री जाकर निष्पक्ष पत्रकारिता की तारीफों के पुल बांधकर आए थे, उसी अखबार की इन्वेस्टिगेटिव रिपोर्ट ने मुख्यमंत्री और उनके बिल्डर कुनबे के जमीन साम्राज्य का ऐसा दस्तावेजी कच्चा चिट्ठा खोला है कि संघ से लेकर भाजपा के जमीनी कार्यकर्ता भी तरह तरह के सवाल करने लगे हैं। 13 दिसंबर 2023 को डॉ मोहन यादव ने ईश्वर के नाम पर 'संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा' की शपथ ली थी। लेकिन शपथ की स्याहीसूखने से पहले ही उनके परिवार व उनकी चार रीयल एस्टेट कंपनियों ने उज्जैन में सरकारी विकास योजनाओं की 'इनसाइडर इंफॉर्मेशन' का फायदा उठाकर नेशनल हाईवे व बायपास के किनारे जमीनें झपटनी शुरू कर दीं। मुख्यमंत्री बनने के बाद से अब तक उनके कुनबे ने कम से कम 137 भूखंड (प्लाट) खरीद डाले, जो 168 एकड़ में फैले हैं। सरकारी खतौनी के डेटापैटर्न से इस पूरे खेल के पीछे का जो गणित व क्रोनोलॉजी सामने आई है, उसने आरएसएस के कुछ ईमानदार नेताओं को सोचने पर मजबूर कर दिया है।



यदुकुल लैंड बैंक: मोहन यादव के परिवार की जमीन खरीद व रियल एस्टेट का सच-

| कालखंड और मुख्यमंत्री का राजनीतिक रसूख | खरीदी गई जमीन (एकड़ में) | भूखंडों/प्लॉट की संख्या | प्रमुख खरीदार, कंपनियां और जमीनी हकीकत |
|---|---|---|---|
| साल 2021 से पहले (पारिवारिक व पुरानी जायदाद) | 82 एकड़ | पुराना रिकॉर्ड | डॉ. मोहन यादव, भाई नंदलाल व नारायण यादव (पैतृक खेती) |
| साल 2021 से 2023 के बीच (मप्र के उच्च शिक्षा मंत्री रहते हुए) | 85 एकड़ | 108 प्लॉट | पत्नी सीमा यादव, भाई और पारिवारिक फर्म्स (रीयल एस्टेट में एंट्री) |
| 13 दिसंबर 2023 के बाद (CM की कुर्सी पर बैठने के बाद) | 168 एकड़ | 137 प्लॉट | बहू शालिनी यादव, चचेरे भाई गोविंद, नीलेश व अभय यादव |
| कुल संचित साम्राज्य (Total Land) | 335 एकड़ | 245+ प्लॉट | 4 रीयल एस्टेट कंपनियां (सांवरिया ग्रुप आदि) व पूरा कुनबा |

मोहन यादव पहले उज्जैन डेवलपमेंट अथॉरिटी के अध्यक्ष रहे, फिर पर्यटन विकास निगम के प्रमुख और विधायक बने। मुख्यमंत्री बनते ही जनवरी 2024 से उनकी सरकार ने उज्जैन में जिन नए बाईपास, फोर-लेन हाईवे (उज्जैन-बड़नगर रोड, उज्जैन-इंदौर मार्ग) और 'सिंहस्थ 2028' के कॉरिडोर बनाने का ऐलान किया, ठीक उन्हीं सड़कों के किनारे उनके परिवार ने पहलेही कौड़ियों के भाव जमीनें डंप कर ली थीं। 'मास्टर प्लान 2035' का इस्तेमाल करके इन कृषि भूमियों को कमर्शियल और आवासीय घोषित करवाकर रातों-रात अरबों का मुनाफा कमाया गया। चचेरे भाइयों ने जमीन खरीदते ही इंदौर के बड़े बिल्डरों के साथ रेवेन्यू-शेयरिंग एग्रीमेंट कर 'सांवरिया' ब्रांड के तहत प्रोजेक्ट भी रजिस्टर करा लिए। इस खुलासे के बाद जो समर्थक तर्क दे रहे हैं कि "यह तो पहले भी होता रहा है, इसमें कौन सी नई बात है!" उनका इस तरह बचाव कितना कारगर होगा , यह तो आरएसएस पर निर्भर है, लेकिन तमाम लोग तो पूछने ही लगे हैं कि जो लोग देश को ईमानदारी का पाठ पढ़ाते थे, वे इस महा-घोटाले पर चुप क्यों हैं? कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इसे "लूट का डबल इंजन" करार दिया है, तो वहीं मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री से तुरंत इस्तीफे और सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज से इसकी न्यायिक जांच की मांग की है। जब इंडियन एक्सप्रेस के खोजी पत्रकार जय मजूमदार ने इस सच को खंगालने की कोशिश की, तो वहां खौफ का ऐसा माहौल था कि लोगों से बंद कमरों में छिपकर मिलना पड़ा। इस गंभीर खुलासे पर मुख्यमंत्री और उनकेकार्यालय ने रहस्यमयी चुप्पी साधी हुई है। लेकिन संघ के नागपुर मुख्यालय में फुसफुसाहट शुरू हो गई है कि क्या इसीलिए शिवराज को हटाकर मोहन को मुख्यमंत्री बनाया गया था?

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र के मंच का राजनीतिकरण करने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की



एजेंसी । संयुक्त राष्ट्र

भारत ने पाकिस्तान की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि उसने संयुक्त राष्ट्र के एक मंच के सह-अध्यक्ष (को-चेयर) के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निष्पक्ष रूप से निर्वहन करने के बजाय अपने पद का दुरुपयोग कर मंच का राजनीतिकरण किया है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र के एक मंच पर पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा कि उसने सह-अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका का निष्पक्षता से निर्वहन करने के बजाय मंच का राजनीतिकरण किया है। भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने मंगलवार को सुरक्षा परिषद की एक अनौपचारिक बैठक में स्पष्ट रूप से कहा, "जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश भारत का पूर्णतः आंतरिक मामला है। यह हमेशा भारत का हिस्सा था, है और रहेगा। उन्होंने कहा, "यह आश्चर्यजनक है कि एक सह-अध्यक्ष, जिससे संतुलित और निष्पक्ष आचरण की अपेक्षा की जाती है, उसने इस मंच का राजनीतिकरण करने का विकल्प चुना। "कार्यान्वयन की खाई को पाटनाः सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव और अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा का संरक्षण" विषय पर आयोजित इस बैठक का संयुक्त रूप से आयोजन चीन और पाकिस्तान ने किया था, तथा दोनों देशों के राजदूत इसकी सह-अध्यक्षता कर रहे थे।

## नकली इंजेक्शनों से प्रसूताओं की जान जा रही : डोटासरा

एजेंसी । जयपुर



राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रदेश की चिकित्सा व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधधार को आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में स्वास्थ्य सेवाएं रसातल में पहुंच गई हैं और नकली दवाइयों व इंजेक्शनों के कारण प्रसूताओं की मौत के मामले सामने आ रहे हैं। डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना और आरजीएचएस के तहत लोगों को 25 लाख रुपए तक का निशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा रहा था, जबकि वर्तमान सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को प्रभावी ढंग से संचालित करने में विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पतालों में नकली दवाइयों और इंजेक्शनों का उपयोग मरीजों की जान पर भारी पड़ रहा है। उन्होंने कोटा, जोधपुर और बीकानेर के अस्पतालों में प्रसूताओं की मौत और गंभीर रूप से बीमार महिलाओं के मामलों का उल्लेख करते हुए सरकार से जवाब मांगा। डोटासरा ने कहा कि कोटा में सी-सेक्शन के बाद पांच प्रसूताओं की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य महिलाएं गंभीर हालत में हैं। बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में भी अव्यवस्थाओं के चलते महिलाओं की मौत और किडनी फेल होने के मामले सामने आए हैं।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन से जुड़े मामलों में सरकार अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि आरजीएचएस योजना के तहत निजी अस्पतालों को भुगतान नहीं होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चिकित्सा मंत्री के बयानों को असंवेदनशील बताते हुए डोटासरा ने कहा कि प्रसूताओं को लेकर दिए गए बयान पीड़ित परिवारों की भावनाओं को आहत करने वाले हैं। उन्होंने घोषणा की कि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जुली के साथ जल्द ही बीकानेर जाकर इस मुद्दे पर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। डोटासरा ने अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में धार्मिक स्थलों पर की जा रही कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठाए।

## दामाद ने दीवार तोड़कर संदूक में रखे 22 लाख चुराए, दोस्तों के साथ बिजनेस करने का प्लान बनाया, ससुर ने खेत बेचकर रखी थी रकम

एजेंसी । बीकानेर

बीकानेर में दामाद ने दोस्तों के साथ मिलकर ससुराल से 22 लाख रुपए चोरी कर लिए। युवक के ससुर ने खेत बेचा था, जिसकी उसे भनक लग गई। आरोपी दामाद ने 2 दोस्तों के साथ मिलकर बिजनेस करने का प्लान बनाया। रात में दोस्तों के साथ ससुराल पहुंचा और मकान की दीवार में छेद करके



तीनों अंदर घुसे। संदूक का ताला तोड़कर 22 लाख रुपए लेकर फरार हो गए। मामला खाजूवाला थाना क्षेत्र के चक 17 बीडी का है। घटना के बाद ससुर को दामाद पर शक हुआ और उन्होंने दामाद गिरधारी लाल मेघवाल और उसके दो दोस्तों के खिलाफ मामला दर्ज करवा। पुलिस ने आरोपी दामाद और उसके 2 दोस्तों को मंगलवार शाम गिरफ्तार कर 13 लाख 35 हजार रुपए बरामद कर लिए। 9 लाख रुपए को लेकर पूछताछ जारी है।

## बिग बास्केट और डी-मार्ट के नाम पर फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाले गिरफ्तार

● पुलिस ने छापेमारी करके ठगी करने वाले पांच आरोपी किए गिरफ्तार

एजेंसी । गुरुग्राम



गुरुग्राम साइबर क्राइम मानेसर पुलिस ने बिग बास्केट और डी-मार्ट के नाम पर फर्जी विज्ञापन दिखाकर लोगों से ठगी करने वाले एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दिल्ली के न्यू अशोक नगर में छापेमारी कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 21 फरवरी 2026 को एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि फेसबुक पर सामान बेचने के विज्ञापन के जरिए उसे फर्जी पेमेंट लिंक भेजा गया। लिंक पर क्लिक करते ही उसका फोन हैक कर लिया गया और खाते से 56,650 रुपये निकाल लिए गए। शिकायत पर थाना साइबर अपराध मानेसर में मामला दर्ज किया गया था। तकनीकी जांच के बाद पुलिस टीम ने 23 जून को न्यू अशोक नगर दिल्ली में छापेमारी की। यहां बिग बास्केट और डी-मार्ट के नाम पर फर्जी कॉल सेंटर चलाते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## 100 की स्पीड में बस के पहिए निकले, 3 बार पलटी

**आगरा ।** आगरा-दिल्ली हाईवे पर बुधवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। 100 की स्पीड में चलती रोडवेज बस के 2 पहिए निकलकर अलग हो गए। इसके बाद बस बेकाबू होकर 3 बार पलटी, फिर डिवाइडर में जा घुसी। बस की पूरी छत उड़ गई। सीटें उखड़कर सड़क पर बिखर गईं। इधर, बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। सभी बचाओ-बचाओ चिल्लाने लगे। वहां मौजूद राहगीर दौड़कर मौके पर पहुंचे। एक-एक कर यात्रियों को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

## सुप्रीम कोर्ट ने राजमिस्त्री के पैर कटने को 100 प्रतिशत फंक्शनल डिसेबिलिटी माना

### मुआवजा बढ़ाकर 40 लाख किया

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के एक राजमिस्त्री को मिलने वाला मुआवजा बढ़ा दिया है। राजमिस्त्री का सड़क दुर्घटना में दाहिना पैर कट गया था। कोर्ट ने कहा कि मोटर दुर्घटना के दावों में कमाई की क्षमता के नुकसान का आकलन करते समय अदालतों को केवल शारीरिक विकलांगता के प्रतिशत के बजाय 'फंक्शनल डिसेबिलिटी' (काम करने की क्षमता में कमी) पर विचार करना चाहिए। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और एनवी अंजारिया की बेंच ने याचिकाकर्ता एम. परमेश को मिलने वाले मुआवजे को मद्रास हाई कोर्ट द्वारा तय 29.01 लाख रुपए से बढ़ाकर 40.29 लाख रुपए कर दिया। कोर्ट ने माना कि घुटने के ऊपर से दाहिना पैर कट जाने के कारण वह राजमिस्त्री के तौर पर अपना काम जारी रखने में पूरी तरह असमर्थ हो



गया है। अपील को आंशिक रूप से मंजूरी देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भले ही दावेदार की स्थायी शारीरिक विकलांगता का आकलन 70 प्रतिशत किया गया था, लेकिन आजीविका कमाने के लिए उसकी कार्यात्मक विकलांगता 100 प्रतिशत थी। जस्टिस मिश्रा की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि घुटने के ऊपर से दाहिना पैर कट जाने से अपीलकर्ता को न केवल शारीरिक विकलांगता हुई है, बल्कि वह उन शारीरिक और श्रम-प्रधान कार्यों को प्रभावी ढंग से करने में भी असमर्थ हो गया है, जो उसकी आजीविका का एकमात्र साधन थे। बेंच ने आगे कहा कि ऐसी परिस्थितियों में, केवल शारीरिक विकलांगता के आधार पर कमाई की क्षमता के नुकसान को 70 प्रतिशत तक सीमित करना उचित नहीं होगा। यह मामला 18 अप्रैल 2017 को तमिलनाडु के नमक्कल-सेलम नेशनल हाईवे पर हुए एक एक्सीडेंट से जुड़ा है, जिसमें एक लॉरी ने क्लेम करने वाले व्यक्ति की साइकिल को पीछे से टक्कर मार दी थी। इस एक्सीडेंट में उसके सिर, जबड़े, आंख और दाहिने पैर में गंभीर चोटें आईं, जिसके कारण आखिरकार उसका दाहिना पैर घुटने के ऊपर से काटना पड़ा। उस समय लगभग 30 साल की उम्र के क्लेम करने वाले व्यक्ति ने मोटर एक्सीडेंट क्लेम्स ट्रिब्यूनल (एमएसीटी) में 25 लाख रुपए के मुआवजे की मांग की थी। उसका तर्क था कि एक्सीडेंट में हुई स्थायी विकलांगता के कारण वह अपना काम जारी रखने में असमर्थ हो गया था। एमएसीटी ने 2019 में उसकी मासिक आय 6,000 रुपए मानकर और 70 प्रतिशत विकलांगता के आधार पर कमाई की क्षमता के नुकसान का हिसाब लगाकर 10.84 लाख रुपए का मुआवजा तय किया था। अपील के बाद, मद्रास हाईकोर्ट ने मासिक आय को बढ़ाकर 12,000 रुपए कर दिया और भविष्य की संभावनाओं के लिए 40 प्रतिशत अतिरिक्त राशि जोड़ते हुए मुआवजे की रकम को बढ़ाकर 23.86 लाख रुपए कर दिया।



## गुपचुप बेचने वाली महिला की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या के सनसनीखेज मामले का खुलासा

# चार अपराधी गिरफ्तार, कार और अवैध हथियार बरामद

- नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया था

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पुलिस ने अरगोड़ा थाना क्षेत्र से अगवा की गई महिला की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या के सनसनीखेज मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्याकांड को अंजाम देने वाली महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल की गई फर्जी नंबर प्लेट लगी सफेद रंग की अर्टिगा कार और अवैध हथियार बरामद किए गए हैं।

जानकारी के मुताबिक मृतिका की पहचान रेखा देवी के रूप में हुई है, जो अरगोड़ा में ठेले पर गुपचुप (गोलगप्पे) बेचकर अपना जीवन-यापन करती थी। अनुसंधान में यह बात सामने आई कि रेखा देवी के पड़ोस में रहने वाली संध्या कुमारी के पति जीवा तिग्गा के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। संध्या कुमारी ने अपने भाई रमेश उरांव और उसके दोस्त कृष्णा दास गोस्वामी, और लखन उरांव के साथ मिलकर रेखा देवी के अपहरण और हत्या की पूरी साजिश रची।

रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापेमारी में पुलिस ने संध्या कुमारी, रमेश उरांव, कृष्णदास गोस्वामी, लखन उरांव को हथियार और कार के साथ बरामद किया। अपराधियों के पास से फर्जी नंबर लगी एक सफेद रंग की अर्टिगा कार, 1 देसी पिस्तौल, 2 देसी कट्टा, 9 जिंदा कारतूस और चार 4 मोबाइल फोन जब्त किया गया।



### अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म और हत्या

बीते 19 जून 2026 को आरोपियों ने अरगोड़ा थाना क्षेत्र से फर्जी नंबर प्लेट लगी सफेद अर्टिगा कार के जरिए रेखा देवी का अपहरण कर लिया। इसके बाद आरोपियों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और फिर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। 21 जून 2026 को तुपुदाना ओपी के अंतर्गत दसमाईल से तुंजू जाने वाली पक्की सड़क पर सिरी सोहराई पहाड़ के पास पुलिस को एक अज्ञात महिला का शव मिला, जिसके शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे। शव के पास से दुष्कर्म से संबंधित संदिग्ध वस्तुएं भी बरामद हुईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल की टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए।

## करोड़ों की गांजा तस्करी मामले में दोषी करार, सजा आज

**रांची।** भारी मात्रा में करोड़ों रुपए की गांजा तस्करी से जुड़े एक मामले में अपर न्यायायुक्त ओंकार नाथ चौधरी की अदालत ने दो आरोपियों गणेश चौधरी और आनंद कुमार को दोषी करार दिया है। साथ ही सजा की बिंदु पर सुनवाई के लिए 25 जून की तारीख निर्धारित की है। मामला अप्रैल 2023 में 1184 किलोग्राम गांजा की बरामदगी से जुड़ा है। अभियोजन के अनुसार, पुलिस ने एक ट्रक से 1184 किलो गांजा बरामद किया था, जिसकी अनुमानित कीमत 2 करोड़ 36 लाख 91 हजार रुपये आंकी गई थी। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। गिरफ्तारी के बाद से ही दोनों आरोपी जेल में बंद हैं। मामले में अदालत ने 16 अप्रैल 2024 को आरोपियों के खिलाफ आरोप गठित किया था। ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी पाया।

## दृष्टिपात

### विधायक पूर्णिमा साहू से आदित्य साहू ने जाना कुशलक्षेम, जल्द स्वस्थ होने की कामना



**रांची।** भाजपा झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने टाटा मेन हॉस्पिटल में इलाजरत जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और उनके जल्द स्वास्थ्य होने की कामना की। श्रीमती साहू की तबीयत अचानक सोमवार की रात बिगड़ गई। उनको इलाज के लिए टीएमएच में भर्ती कराया गया है। सीसीयू में उनका इलाज हो रहा है। इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि विधायक साहू की हालत पहले से ठीक है और उनके स्वास्थ्य की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। विधायक से मिलने वालों में प्रदेश अध्यक्ष के अलावा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, सुबोध सिंह गुड्डू आदि भी शामिल थे।

### रामचंद्र सहिस और देव शरण भगत की क्रिमिनल रिवीजन खारिज

**रांची।** वर्ष 2021 में मुख्यमंत्री आवास घेराव मामले में पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस और आजसू के प्रदेश प्रवक्ता देवशरण भगत को अदालत से राहत नहीं मिली। अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत ने दोनों की ओर से दायर क्रिमिनल रिवीजन याचिका खारिज कर दी। दोनों नेताओं ने एमपी-एमएलए की विशेष अदालत द्वारा उनकी डिस्चार्ज याचिका खारिज किए जाने के आदेश को चुनौती दी थी। अदालत ने विशेष अदालत के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। मामले में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, पूर्व विधायक शिवपूजन मेहता और आजसू के प्रदेश प्रवक्ता देवशरण भगत समेत अन्य आरोपी हैं। एमपी-एमएलए की विशेष अदालत इन आरोपियों के खिलाफ आरोप भी गठित कर चुकी है। सभी आरोपियों के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने, बिना अनुमति एवं नियमों के विरुद्ध रैली निकालने समेत अन्य आरोपों में लालपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### स्टेडियम में भगदड़ कुप्रबंधन और लापरवाही का परिणाम : दीपक प्रकाश



**रांची।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने जेएससीए स्टेडियम में हुई भगदड़ की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। कहा कि यह कोई सामान्य दुर्घटना नहीं, बल्कि आयोजन समिति, जेएससीए प्रबंधन एवं राज्य सरकार की घोर लापरवाही तथा कुप्रबंधन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जब आयोजनकर्ताओं द्वारा बड़े पैमाने पर प्रचार-प्रसार किया गया। मुफ्त प्रवेश की व्यवस्था रखी गई तथा बड़ी संख्या में दर्शकों के आने की संभावना पहले से थी, तब सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण की पर्याप्त व्यवस्था क्यों नहीं की गई? आखिर किसके निर्देश पर सीमित प्रवेश द्वार खोले गए? पर्याप्त पुलिस बल, मजिस्ट्रेट, बैरिकेडिंग और आपातकालीन व्यवस्था क्यों नहीं की गई? दीपक प्रकाश ने कहा कि जेएससीए के पदाधिकारियों को यह स्पष्ट करना चाहिए कि हजारों दर्शकों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने का अधिकार उन्हें किसने दिया। स्टेडियम की क्षमता और भीड़ के अनुमान के बावजूद यदि समुचित व्यवस्था नहीं की गई, तो इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। केवल औपचारिक बयान देकर जिम्मेदारी से बचा नहीं जा सकता। उन्होंने राज्य सरकार पर भी गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने समय रहते आवश्यक सुरक्षा प्रबंध क्यों नहीं किए। यदि लाखों लोगों को आकर्षित करने वाले आयोजन की अनुमति दी गई थी, तो सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना सरकार और प्रशासन का दायित्व था। इस मामले में सरकार की विफलता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। दीपक प्रकाश ने मांग की कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए तथा जेएससीए की संपूर्ण प्रबंधन समिति, आयोजन समिति एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

## मोहर्रम के नाम पर नोटिस थमाना तुगलकी फरमान : प्रतुल शाहदेव

### प्रशासन तत्काल वापस ले कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड भाजपा के मुख्य प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने लातेहार जिला प्रशासन द्वारा मोहर्रम के अवसर पर बड़ी संख्या में सामान्य एवं सम्मानित नागरिकों को बी.एन.एस.एस. की धारा 126 के तहत नोटिस जारी कर पचास हजार के बंधपत्र एवं दो जमानतदार प्रस्तुत करने के निर्देश को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, एकतरफा और नागरिक सम्मान के विरुद्ध बताया है। प्रतुल शाह देव ने कहा कि चंदवा थाना क्षेत्र में प्रशासन द्वारा जिन लोगों को नोटिस थमाया गया है, उनमें कई ऐसे लोग हैं जिनका न तो कोई सद्भाव भंग करने का रिकॉर्ड रहा है, न ही उनके विरुद्ध कभी कोई आपराधिक मामला दर्ज रहा है। इनमें होटल व्यवसायी, सामाजिक कार्यकर्ता और समाज के प्रतिष्ठित नागरिक भी शामिल हैं, जिनका सार्वजनिक जीवन में सदैव सौहार्द एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने का योगदान रहा है। प्रतुल ने कहा कि बिना किसी पूर्व आपराधिक इतिहास और बिना किसी ठोस आधार के सामान्य नागरिकों को संभावित उपद्रवी मानकर नोटिस जारी करना न केवल उनके सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला है, बल्कि यह प्रशासनिक शक्ति के दुरुपयोग का भी उदाहरण है। ऐसे नोटिस से लोगों में भय और असुरक्षा का वातावरण उत्पन्न होता है तथा समाज में उनकी प्रतिष्ठा पर अनावश्यक आघात पहुंचता है। प्रतुल शाह देव ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के विरुद्ध कोई ठोस सूचना या आपराधिक पृष्ठभूमि है तो कानून अपना कार्य करे, लेकिन केवल त्योहारों के अवसर पर खानापूर्ति और आंकड़ेबाजी के लिए निर्दोष एवं सम्मानित लोगों को परेशान करना लोकतांत्रिक व्यवस्था की भावना के विपरीत है। प्रशासन का यह रवैया यह संदेश देता है मानो सामान्य नागरिकों को ही अपराधी की तरह देखा जा रहा हो। उन्होंने कहा कि भाजपा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के पक्ष में है और सभी धार्मिक पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हों, इसके लिए समाज के सभी वर्गों का सहयोग आवश्यक है। लेकिन शांति व्यवस्था के नाम पर निर्दोष नागरिकों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता।

## सीएम ने जीआईएस आधारित शहरी प्रबंधन प्रणाली की प्रगति की समीक्षा की

# पारदर्शी और डेटा-आधारित शहरी प्रशासन पर दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत जुडको द्वारा संचालित जीआईएस आधारित शहरी प्रबंधन प्रणाली परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। यह परियोजना राज्य के 49 शहरी स्थानीय निकायों में आधुनिक, पारदर्शी एवं डेटा-आधारित शहरी प्रशासन विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पायलट परियोजना के रूप में रांची, धनबाद एवं गिरिडीह नगर निगमों का चयन किया गया है। इन तीनों नगर निगम क्षेत्रों में हवाई लीडर सर्वेक्षण का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है तथा डिजिटल मैपिंग, जीआईएस लेयर निर्माण एवं डेटा प्रोसेसिंग का कार्य प्रगति पर है। परियोजना के अंतर्गत जियो-टैगिंग आधारित संपत्ति सर्वेक्षण, शहरी परिसंपत्तियों की विस्तृत मैपिंग, जल निकायों की निगरानी तथा आधुनिक जीआईएस आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किया जा रहा है। इसके माध्यम से भवनों, सड़कों, स्ट्रीट लाइट, विद्युत पोल, जल स्त्रोतों सहित अन्य शहरी परिसंपत्तियों का सटीक डिजिटल अभिलेखीकरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पायलट परियोजना से प्राप्त अनुभवों का व्यापक विश्लेषण कर राज्य के अन्य नगर निकायों में इस प्रणाली को चरणबद्ध तरीके से विस्तारित करने की कार्ययोजना तैयार की जाए।

उक्त बैठक में नगर विकास एवं आवास, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा तथा पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, पथ निर्माण विभाग एवं नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, योजना एवं विकास विभाग के सचिव मुकेश कुमार, सूडा के निदेशक सूरज कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### परियोजना के कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बैठक में पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि परियोजना के कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि यह पहल शहरी नियोजन को वैज्ञानिक आधार प्रदान करेगी, साथ ही नगर निकायों की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाएगी। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से राजस्व सुदृढ़ीकरण, परिसंपत्ति प्रबंधन तथा नागरिक सुविधाओं में सुधार हेतु जीआईएस प्रणाली के प्रभावी उपयोग पर बल दिया।

## पेज एक के शेष

### 262 नव-चयनित...

उन्होंने उल्लेख किया कि कोरोना महामारी इस बात का एक प्रमुख उदाहरण है, जिसने स्वास्थ्य व्यवस्था के समक्ष अभूतपूर्व परिस्थितियां उत्पन्न कीं और त्वरित निर्णय, समन्वय तथा नवाचार की आवश्यकता को रेखांकित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए स्वास्थ्य तंत्र में नवाचार, दक्षता और तत्परता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बदलते समय के साथ स्वास्थ्य सेवाओं में आधुनिक तकनीकों का उपयोग, बेहतर प्रबंधन और त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली विकसित करना अनिवार्य हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार का सतत प्रयास है कि स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त रहें, ताकि मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि आपात स्थितियों में त्वरित सेवाएं सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है, और इसके लिए सभी स्तरों पर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार निरंतर इस दिशा में कार्य कर रही है, ताकि आम जनता को सुलभ, सस्ती और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें तथा राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाया जा सके। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, विशेष सचिव, नेहा अरोड़ा, अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन शशि प्रकाश झा, संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं सैकड़ों नव-नियुक्त अभ्यर्थी उपस्थित थे।

### महिला वार्ड में...

एवं कपड़ा बुनाई केंद्र सहित विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की। साथ ही बंदियों से मुकदमों की पैरवी के लिए लीगल एड डिफेंस काउंसिल (एलएडीसी) के तहत मिलने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा ने कहा कि कोई भी बंदी बिना अधिवक्ता के नहीं रहेगा। डालसा के माध्यम से सभी को निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि रिमांड, जमानत, गवाही और अपील से संबंधित मामलों में भी एलएडीसी के अधिवक्ता सहायता प्रदान कर रहे हैं। किसी भी समस्या की जानकारी जेल पीएलवी के माध्यम से डालसा तक पहुंचाई जा सकती है। उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि यह निरीक्षण नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य जेल प्रशासन की व्यवस्था को और बेहतर बनाना तथा बंदियों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता, बंदियों के साथ किसी प्रकार के भेदभाव अथवा डराने-धमकाने जैसी गतिविधियों की भी पड़ताल की गई। सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं और जिन समस्याओं की जानकारी मिली है, उनका शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं।

### रिम्स में मेडिकल...

दरअसल, पिछले शैक्षणिक सत्र में रिम्स में हुए कुछ दाखिले को लेकर गंभीर शिकायतें सामने आई थीं। आरोप लगाया गया था कि नियमों की अनदेखी कर कुछ अयोग्य अभ्यर्थियों को दाखिला दिया गया। शिकायतों में प्रवेश प्रक्रिया में पक्षपात, दस्तावेजों की सत्यापन प्रक्रिया में लापरवाही तथा भ्रष्टाचार से जुड़े आरोप भी शामिल बताए जा रहे हैं। प्रारंभिक स्तर पर शिकायतों को गंभीर मानते हुए राज्य सरकार ने मामले की विस्तृत जांच सीआईडी को सौंप दी थी। बुधवार को रिम्स पहुंची जांच टीम ने डीन कार्यालय के अलावा प्रवेश प्रक्रिया से जुड़े अन्य विभागों से भी आवश्यक दस्तावेज एकत्र किए। अधिकारियों ने संबंधित कर्मियों और प्रशासनिक अधिकारियों से भी पूछताछ की तथा प्रवेश प्रक्रिया के विभिन्न चरणों की जानकारी हासिल की। जांच के दौरान यह भी देखा जा रहा है कि सीट आवंटन और काउंसलिंग प्रक्रिया में कहीं नियमों का उल्लंघन तो नहीं हुआ। मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि उन्हें मेडिकल प्रवेश प्रक्रिया के दौरान हुई काउंसलिंग में गड़बड़ी की शिकायत मिली थी। मंत्री के अनुसार उन्हें यह जानकारी प्राप्त हुई थी कि कुछ अभ्यर्थियों द्वारा काउंसलिंग के दौरान फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत किए गए थे। शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया की जांच कराने की सिफारिश की थी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मेडिकल शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यदि जांच में किसी भी स्तर पर अनियमितता, लापरवाही या भ्रष्टाचार की पुष्टि होती है, तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उधर, सीआईडी अधिकारियों का कहना है कि जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और दस्तावेजों के परीक्षण के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रवेश प्रक्रिया से जुड़े अन्य लोगों से भी पूछताछ की जा सकती है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई तय की जाएगी।

### एसआईआर में प्रवासी...

और उन्होंने भारतीय मतदाता सूची से अपना नाम नहीं हटवाया है। दूसरी श्रेणी में वे विदेशी नागरिक आते हैं जो कानूनी अथवा अवैध रूप से झारखंड में रह रहे हैं और जिन्होंने पूर्व में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) या मतदाता सूची के सतत अद्यतन के दौरान प्रपत्र-6 में झूठी घोषणा देकर अवैध रूप से मतदाता के रूप में पंजीकरण करा लिया है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारतीय संविधान, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम-1950 तथा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार विदेशी नागरिक भारत में मतदाता के रूप में पंजीकृत होने के पात्र नहीं हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के इस प्रावधान को देश के सर्वोच्च न्यायालय ने भी बरकरार रखा है और स्पष्ट किया है कि विदेशी नागरिकों को मतदाता बनने का अधिकार प्राप्त नहीं है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा-31 तथा अन्य प्रासंगिक कानूनों के तहत गणना फ़ॉर्म (इन्यूमरेशन फॉर्म) पर हस्ताक्षर कर झूठी घोषणा देना दंडनीय अपराध है। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जा सकती है। के. रवि कुमार ने कहा कि झारखंड में रह रहे विदेशी नागरिकों से अपेक्षा की जाती है कि वे इन्यूमरेशन फॉर्म पर हस्ताक्षर किए बिना उसे बीएलओ को वापस कर दें। इसके बाद बीएलओ क्षेत्रीय सत्यापन के आधार पर अपना निष्कर्ष दर्ज करेंगे और फॉर्म में निर्धारित स्थान पर कारणों का उल्लेख करेंगे।उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और समावेशी बनाने में बीएलए-2 की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बूथ स्तर पर कार्यरत बीएलओ को मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में राजनीतिक दलों के बीएलए-2 का सहयोग अपेक्षित है, जिससे मतदाता सूची की निष्पक्ष और समकालीन जांच सुनिश्चित की जा सके। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि अनकलेक्टेबल इन्यूमरेशन फॉर्म एएसडीडी (एब्सेंट, शिफ्टेड, डेथ एवं डुप्लीकेट) सूची का हिस्सा होंगे। इस सूची को प्रत्येक मतदान केंद्र पर बीएलओ और बीएलए-2 की बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक की पूरी कार्यवाही दर्ज की जाएगी तथा उसकी तस्वीरों और अभिलेखों को संबंधित बीएलओ द्वारा ईसीआईनेट पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीएलए-2 की नियुक्ति मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा इस उद्देश्य से की जाती है कि एसआईआर प्रक्रिया में राजनीतिक दलों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके और बूथ स्तर पर तैयार की जा रही मतदाता सूची का समकालीन अंकेक्षण एवं परीक्षण किया जा सके। रवि कुमार ने बताया कि एएसडीडी सूची सभी मतदान केंद्रों, पंचायत भवनों तथा शहरी स्थानीय निकायों के कार्यालयों में सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के दौरान सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को एएसडीडी सूची की एक प्रति भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन की तिथि 5 अगस्त, 2026 निर्धारित है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए यह सूची जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी सर्चेबल फॉर्मेट में उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि आम नागरिक और राजनीतिक दल इसकी जांच कर सकें।

### अब कलाकारों को....

**योजना की प्रमुख विशेषताएं**

- पात्र कलाकारों को ₹4,000 प्रतिमाह आर्थिक सहायता दी जाएगी।
- राशि सीधे बैंक खाते में DBT के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी।
- योजना का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि कलाकारों के योगदान को सम्मान देना भी है।
- आवेदन प्रक्रिया सरल एवं पारदर्शी रखी गई है।

**कौन कर सकते हैं आवेदन**

- वृद्ध कलाकार
- गंभीर रूप से बीमार कलाकार
- स्थायी रूप से दिव्यांग कलाकार
- संगीत, नृत्य, रंगमंच, लोककला, चित्रकला, मूर्तिकला सहित अन्य सांस्कृतिक विधाओं से जुड़े कलाकार

**आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज :** आवेदकों को आवेदन पत्र के साथ आयु प्रमाण-पत्र, वार्षिक आय प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की प्रति, बैंक खाता विवरण, कला क्षेत्र में उपलब्धियों एवं पुरस्कारों के प्रमाण-पत्र तथा गंभीर बीमारी या दिव्यांगता की स्थिति में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र संलग्न करना होगा।**आवेदन प्रक्रिया :** योजना से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश और आवेदन प्रपत्र सांस्कृतिक कार्य निदेशालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इच्छुक कलाकार आवेदन पत्र डाउनलोड कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, रांची में जमा कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। राज्य सरकार का मानना है कि यह योजना झारखंड की कला और संस्कृति को समृद्ध करने वाले कलाकारों को सम्मानजनक जीवन जीने में सहायता प्रदान करेगी।

### अब तक सामान्य...

हालांकि अधिकांश क्षेत्रों में बारिश का वितरण असमान रहा, जिसके कारण कई जिलों में गर्मी और उमस बनी हुई है। तापमान की बात करें, तो राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 41.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जिससे वहां लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। वहीं सबसे कम तापमान लातेहार में 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी रांची में बुधवार सुबह से मौसम साफ रहा, जिससे लोगों को तेज गर्मी और उमस का सामना करना पड़ा। दोपहर बाद आंशिक रूप से बादल छाने से तापमान में कुछ कमी आई और लोगों को राहत मिली। रांची में अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### सेल ने की नौसेना...

कंपनी 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' अभियान को आगे बढ़ाते हुए रक्षा क्षेत्र के लिए स्वदेशी रूप से विशेष स्टील का उत्पादन कर रही है। रक्षा क्षेत्र की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए सेल ने डीएमआर ग्रेड प्लेटों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए अपनी उत्पादन सुविधाओं, विशेषकर राउरकेला स्टील प्लांट के स्पेशल प्लेट प्लांट में कई महत्वपूर्ण पहल शुरू की हैं। सेल का रक्षा क्षेत्र में योगदान लंबे समय से महत्वपूर्ण रहा है। कंपनी ने देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत के साथ-साथ प्रोजेक्ट 17ए के स्टील्थ फ्रिगेट्स INS नीलगिरि, आईएनएस हिमगिरि और आईएनएस उदयगिरि के लिए भी विशेष स्टील की आपूर्ति की है। इसके अलावा आईएनएस अजय, आईएनएस निस्तार और आईएनएस अंजदीप जैसे नौसैनिक प्लेटफॉर्म में भी सेल के विशेष स्टील का उपयोग किया गया है।सेल की जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि डीएमआर 249ए स्टील प्लेटों की आपूर्ति भारत की रणनीतिक स्वतंत्रता को मजबूती देने के साथ-साथ सेल की तकनीकी विशेषज्ञता का भी प्रमाण है। उन्होंने बताया कि रक्षा क्षेत्र की भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कंपनी विशेष स्टील उत्पादन क्षमता को और बढ़ाने की दिशा में लगातार काम कर रही है, जिससे भारत में रक्षा उपकरणों के निर्माण को और गति मिलेगी।

### सिमडेगा में आठ हजार...

एवं पूर्व वित्तीय वर्ष 2024-25 का आवंटित राशि में से 17,244 बचे थे, जो कुल मिलाकर 1.42.638 होते हैं। जिसमें से वित्तीय वर्ष 2025-26 में अण्डा एवं फलाहार मध्याह्न भोजन के साथ लगभग 1,09,212 खर्च हुए और बाकी बचे शेष राशि जो लगभग 33,426 थे। जिनका प्रतिवेदन तैयार कर शिक्षक जमा करने बीआरसीसी कार्यालय केन्द्र केरसई, जिला-सिमडेगा गये तो वहां बीपीओ अनिल खलखो के द्वारा दिए प्रतिवेदन को देखकर बोला कि शेष राशि में से 15000 रुपए मुझे देना होगा, अन्यथा आपके विरुद्ध कार्रवाई हेतु वरीय पदाधिकारी को लिखा जायगा। जब वादी शिक्षक द्वारा बीपीओ को रिश्वत की राशि कम करने को कहा गया तो बीपीओ द्वारा 8,000 देने की बात तय हुई। वादी शिक्षक सरकारी राशि को रिश्वत देकर काम नहीं कराना चाहते थे। तब उन्होंने एसीबी को आवेदन दिए। एसीबी की टीम द्वारा आवेदन के सत्यापन के क्रम में बीपीओ द्वारा 8,000/- रूपए रिश्वत की बात को सत्य पाया गया। जिसके बाद एसीबी की टीम द्वारा बीपीओ अनिल खलखो को आज 8000 घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

### करीमनडीह में 10...

इन संपत्तियों में खाता संख्या से संबंधित प्लॉट संख्या 476, 598, 629, 676, 1340, 1616, 1617 एवं 1734 शामिल हैं, जिनका क्षेत्रफल 4 डिसमिल से 1.25 एकड़ तक है। इनका आरंभिक मूल्य 56,872 रुपये से लेकर 25.06 लाख रुपये तक निर्धारित किया गया है। ई-नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति 2 जुलाई तक एमएसटीसी पोर्टल पर पंजीकरण करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए शत्रु संपत्ति अभिरक्षक, भारत, कोलकाता शाखा या आधिकारिक ई-नीलामी पोर्टल पर संपर्क किया जा सकता है।

## बेल्ट ग्रेडेशन परीक्षा में सफल कराटेकारों को मिला प्रमाण-पत्र



नवीन मेल संवाददाता

**रांची ।** हरमू रोड स्थित कमला कांत रोड के ज़ेन कराटे प्रशिक्षण केंद्र में शोतोकान कराटे-डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में बेल्ट ग्रेडेशन परीक्षा में सफल कराटेकारों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रशिक्षण केंद्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। प्रमाण-पत्रों का वितरण फेडरेशन के मुख्य कराटे प्रशिक्षक एवं मुख्य तकनीकी निदेशक हंसी मानस सिन्हा द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने कराटेकारों को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। साथ ही उन्होंने कराटे में अनुशासन, आत्मविश्वास और शारीरिक दक्षता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान कराटे कोच सेंसई नंद किशोर महतो और सेम्पाई राहुल कुमार भी उपस्थित रहे। उपस्थित सभी प्रशिक्षकों और कराटेकारों ने इस आयोजन को अत्यंत प्रेरणादायक बताया। बेल्ट ग्रेडेशन परीक्षा में सफल प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र मिलने के बाद उनके उत्साह में वृद्धि देखी गई और उन्होंने भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया।

## हॉकी इंडिया ने ब्रिटेन दौरे के लिए की 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला टीम की घोषणा

एजेंसी । नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने 5 से 14 जुलाई तक होने वाले ब्रिटेन दौरे के लिए बुधवार को 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। नए मुख्य प्रशिक्षक टिम व्हाइट के मार्गदर्शन में टीम स्कॉटलैंड और इंग्लैंड में कुल सात मुकाबले खेलेगी। यह दौरा आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, विशेषकर जूनियर एशिया कप की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। टीम की कप्तानी खैदेम शिलेइमा चानू को सौंपी गई है। गोलकीपर के रूप में निधि और एंगिल हर्षा रानी मिंज को टीम में शामिल किया गया है। दौरे की शुरुआत एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में स्कॉटलैंड की सीनियर महिला टीम के खिलाफ दो मुकाबलों से होगी। इसके बाद भारतीय टीम लिलेशॉल राष्ट्रीय खेल केंद्र में अमेरिका, इंग्लैंड और बेल्जियम की जूनियर टीमों के खिलाफ मैच खेलेगी।

# रोनाल्डो लगातार 6 वर्ल्डकप में गोल करने वाले पहले फुटबॉलर

### टूर्नामेंट में पुर्तगाल के लिए सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड भी बनाया

एजेंसी । ह्यूस्टन

पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो लगातार 6 फुटबॉल वर्ल्डकप में गोल करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने मंगलवार रात को उज्बेकिस्तान के खिलाफ छठे मिनट में गोल करके यह उपलब्धि हासिल की। 41 साल के रोनाल्डो 2006, 2010, 2014, 2018 और 2022 के वर्ल्ड कप में भी गोल स्कोर कर चुके हैं। उन्होंने अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी को पीछे छोड़ा। मेसी ने 2006, 2014, 2018, 2022 और 2026 वर्ल्ड कप में गोल किए हैं। लेकिन, वे 2010 के एडिशन में गोल नहीं कर सके। ह्यूस्टन स्टेडियम में खेले गए इस मैच में पुर्तगाल ने उज्बेकिस्तान को 5-0 से हराया।

**रोनाल्डो ने मैच में 2 गोल दागे, पुर्तगाल के टॉप स्कोरर :** रोनाल्डो ने 39वें मिनट में अपना दूसरा गोल दागा। इसी के साथ वे पुर्तगाल के लिए वर्ल्डकप में सबसे ज्यादा 10 गोल करने वाले प्लेयर भी बन गए। उन्होंने यूसेबियो के 9 गोल के रिकार्ड को पीछे छोड़ा। मैच में रोनाल्डो के अलावा, नूनो मेंडेस (17वें मिनट) और राफेल लेओ (87वें मिनट) ने गोल किया। 59वें मिनट में उज्बेकिस्तान के गोलकीपर अब्दुवोहिद नेमातोव से बॉल टकराकर गोल में चली गई। इसे ओन गोल माना गया। मौजूदा टूर्नामेंट में क्रिस्टियानो रोनाल्डो के 2 गोल हो चुके हैं। वे पहले मैच में डीआर कांगो के खिलाफ गोल नहीं कर सके थे।

वहीं, मैच की शुरुआत से ही पुर्तगाल अटैकिंग दिखा। चौथे मिनट में नूनो मेंडेस के क्रॉस पर रोनाल्डो मौका चूक गए, लेकिन दो मिनट बाद उन्होंने गलती नहीं दोहराई। जोआओ कैंसिलो के लो क्रॉस पर रोनाल्डो ने शानदार राइट-फुटेड शॉट लगाकर गेंद को नेट में पहुंचाया। इसी गोल के साथ वह 6 वर्ल्डकप में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।



जीत के बाद कोच को गले लगाते हुए रोनाल्डो।

झारखंड टी-20 लीग

## फाइनल से पहले लापरवाही का आरोप, 23 जून की घटना में एक दर्जन दर्शक घायल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ की झारखंड टी-20 लीग के फाइनल मुकाबले से पहले सुरक्षा व्यवस्था, दर्शकों के प्रवेश और निकासी, पेयजल एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं तथा दर्शकों की खिलाड़ियों तक पहुंच को लेकर गंभीर तैयारियों की जरूरत थी, लेकिन इसी दौरान झारखंड राज्य क्रिकेट संघ की समिति ऑफ मैनेजमेंट (प्रबंधन समिति) का ध्यान दूसरी दिशा में केंद्रित रहा। सूत्रों के अनुसार, मैच से पहले जिस समय स्टेडियम में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, भीड़ नियंत्रण की रणनीति बनाने और दर्शकों की सुविधा सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा होनी चाहिए थी, उस समय समिति के भीतर अनुशासनात्मक कार्रवाई से जुड़े मामलों पर अधिक समय खर्च किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि संस्था के दो आजीवन सदस्यों एस.बी. सिंह और सैयद अनतुर रहमान के खिलाफ संभावित अनुशासनात्मक कार्रवाई को लेकर विचार-विमर्श चलता रहा, जिससे आयोजन की तैयारियों पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा सका। इसी कथित ढीले रवैये और समन्वय की कमी का असर 23 जून को हुए फाइनल मुकाबले में देखने को मिला, जब स्टेडियम में अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई। इस घटना में एक दर्जन से अधिक दर्शक घायल हो गए, जिससे आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों और क्रिकेट प्रेमियों का कहना है कि यदि समय रहते भीड़ प्रबंधन, आपातकालीन निकासी मार्ग, पेयजल व्यवस्था और सुरक्षा बलों की तैनाती जैसे मुद्दों पर ध्यान दिया जाता, तो इस तरह की घटना से बचा जा सकता था।

फिलहाल मामले की जांच की मांग तेज हो गई है और आयोजन में हुई लापरवाही को लेकर खेल प्रबंधन प्रणाली की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

## आईसीसी वनडे रैंकिंग में शुभमन गिल दूसरे स्थान पर, टेस्ट में मैट हेनरी ने बुमराह की बराबरी की

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने आईसीसी की ताज़ा एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन स्थान की छलांग लगाकर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। वहीं, न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के दम पर टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बराबरी कर ली है। दोनों के 870-870 रेटिंग अंक हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन का गिल को बड़ा फायदा मिला। उन्होंने पहले दो मुकाबलों में 84 और 154 रन की शानदार पारियां खेलीं, जबकि तीसरे मैच में बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला था।

## ओलंपिक दिवस पर संत जेवियर्स इंटरनेशनल स्कूल में वृक्षारोपण, छात्रों ने लिया संरक्षण का संकल्प

नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद ।** जिला ओलंपिक संघ द्वारा ओलंपिक दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे साप्ताहिक पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण अभियान के तहत बुधवार को संत ज़ेवियर्स अंतरराष्ट्रीय विद्यालय परिसर में एक दर्जन फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और हरित वातावरण के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य इंद्रनाथ सिन्हा तथा जिला ओलंपिक संघ के महासचिव रंजीत केशरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए दैनिक जीवन में वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, स्वच्छ वायु उपलब्ध कराने तथा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इसके बाद विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया और उनकी नियमित देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रेजा इश्तियाक तथा कोषाध्यक्ष पवन कुमार बरनवाल ने प्राचार्य को पौधे सहित गमला भेंट कर सम्मानित किया। अभियान के तहत गुरुवार, 25 जून को मोंटफोर्ट अकादमी, राजगंज, डीएवी आदर्श विद्यालय-सीएफआरआई तथा जेएनएमएस विद्यालय, डिगवाडीह में भी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



## सूर्यवंशी के लिए इंग्लैंड में अलग चेंजिंग रूम होगा टीम मीटिंग और खेल के दौरान ही सीनियर्स साथ रहेंगे

एजेंसी । नई दिल्ली

15 साल के वैभव सूर्यवंशी इंग्लैंड और आयरलैंड दौरे पर टीम के बाकी खिलाड़ियों से अलग चेंजिंग रूम इस्तेमाल करेंगे। सूर्यवंशी के लिए यह फैसला आईसीसी और इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड की अंडर-16 खिलाड़ियों से जुड़ी सेफगार्डिंग पॉलिसी के तहत लिया गया है। हालांकि सूर्यवंशी मैचों के दौरान भारतीय प्लेयर्स के साथ रह सकेंगे और टीम मीटिंग्स का भी हिस्सा होंगे। उन्हें कपड़े बदलने के लिए अलग चेंजिंग रूम और वॉशरूम का इस्तेमाल करना होगा। आईसीसी ने यह नियम 2019 में लागू किया था। भारत-आयरलैंड टी-20 सीरीज 26 जून से होनी है। इसके बाद एक जुलाई से भारतीय टीम इंग्लैंड में 5 टी-20 और 3 वनडे मैच खेलेगी। खेलों में चाइल्ड सेफगार्डिंग नियम अचानक नहीं बने। सालों तक खेल अकादमियों, ड्रेसिंग रूम और ट्रेनिंग सेंटरों में नाबालिग खिलाड़ियों के साथ यौन शोषण, मानसिक प्रताड़ना के कई मामले सामने आए। इन घटनाओं ने खेल जगत को हिला कर रख दिया, जिसके बाद फीफा, इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी को 'लॉकर रूम बैन' और 'नो 1-ऑन-1' जैसे सख्त नियम बनाने पड़े।



**ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट तक हुई हैं यौन शोषण का शिकार :** 2016-ब्रिटिश फुटबॉल का यौन शोषण कांड इंग्लैंड के पूर्व फुटबॉलर एंडी वुडवर्ड ने खुलासा किया कि जब वे 1980 के दशक में क्रू अलेक्जेंड्रा क्लब में एक युवा खिलाड़ी थे, तब उनके कोच बैरी बेनेल ने उनका यौन उत्पीड़न किया था। इसके बाद 350 से अधिक पूर्व खिलाड़ियों ने सामने आकर मैनचेस्टर सिटी, न्यूकैसल और चेल्सी जैसे बड़े क्लबों के युवा कोचों पर शोषण के आरोप लगाए।

## 'पूरी तरह से सम्मान की हकदार', हॉकी इंडिया ने सविता पूनिया को पद्म श्री मिलने पर दी बधाई

एजेंसी । नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा भारत के चौथे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार पद्म श्री से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी। इस उपलब्धि का जश्न मनाते हुए, हॉकी इंडिया ने सविता को भारतीय खेल का "सच्चा आइकन" बताया और कहा कि यह सम्मान एक दशक से ज्यादा समय से भारतीय हॉकी में उनके बहुत बड़े योगदान को सही पहचान देता है। हॉकी इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "एक सच्चे आइकन के लिए पद्म श्री। भारतीय महिला हॉकी की दिग्गज खिलाड़ी सविता को भारतीय खेलों में उनके शानदार योगदान के लिए माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से पद्म श्री मिला। एक खिलाड़ी के लिए यह बहुत बड़ा सम्मान है, जिसने एक दशक से ज्यादा समय तक भारत के गोल पोस्ट की रक्षा की है, और अपनी बेहतरीन प्रतिभा, हिम्मत और लीडरशिप से लाखों लोगों को प्रेरित किया है। इस बड़े सम्मान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भावुक सविता ने 'आईएएनएस' को बताया कि यह अवॉर्ड न केवल उनके लिए बल्कि उनके परिवार और टीम के साथियों के लिए भी बहुत गर्व की बात है, जो उनके इस सफर में उनके साथ खड़े रहे। सविता ने कहा, "मुझे बहुत अच्छा लग रहा है क्योंकि यह अपने आप में एक बहुत बड़ा अवॉर्ड है।






# रक्षा ऑर्डर : भारत डायनामिक्स को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स से मिला 1,348 करोड़ का ऑर्डर

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत डायनामिक्स को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से 1,347.71 करोड़ रुपए का सैन्य ऑर्डर मिला है, जिसमें हेलीकॉप्टर पर लगने वाले मिसाइल लॉन्चर भी शामिल हैं। यह जानकारी सरकारी कंपनी की ओर से बुधवार को एक्सचेंज को दी गई। इस ऑर्डर में 1,109.37 करोड़ रुपए के हेलिना लॉन्चर और लाइन रिप्लेसेबल यूनिट्स (एलआरयू) और 238.34 करोड़ रुपए के काउंटर मेजर्स डिस्पेंसिंग सिस्टम एलआरयू शामिल हैं।



भारत डायनामिक्स ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि यह कॉन्ट्रैक्ट 24 से 60 महीनों में पूरा किया जाएगा। हेलिना (हेलीकॉप्टर से लॉन्च होने वाली एनएजी) भारत के डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित एक स्वदेशी, तीसरी पीढ़ी की "फायर-एंड-फॉरगेट" एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) है। हेलिना लॉन्चर खास तरह के ट्विन-ट्यूब स्टब-विंग माउंट होते हैं जिन्हें भारतीय सैन्य हेलीकॉप्टरों (जैसे एचएएल रुद्र और एलएएल प्रचंड) पर लगाया जाता है, ताकि दुश्मन के भारी बख्तरबंद लक्ष्यों के खिलाफ इन मिसाइलों का इस्तेमाल किया जा सके।

काउंटर मेजर्स डिस्पेंसिंग सिस्टम एलआरयू (लाइन रिप्लेसेबल यूनिट्स) मॉड्यूलर, स्टैंडर्ड हार्डवेयर कंपोनेंट होते हैं जो एयरक्राफ्ट के डिफेंसिव सेल्फ-प्रोटेक्शन सुइट का हिस्सा होते हैं। इनका मुख्य काम हेलीकॉप्टर की ओर आ रही रडार-गाइडेड या इन्फ्रारेड-सीकिंग मिसाइलों को भ्रमित करने और नाकाम करने के लिए अपने आप या मैन्युअल रूप से चैफ और फ्लेयर्स छोड़ना है। भारत डायनामिक्स मुख्य रूप से डीआरडीओ के साथ मिलकर मिसाइलें और टॉरपीडो बनाती है। वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही में बीडीएल के मुनाफे में सालाना आधार पर 58.5 प्रतिशत की कमजोरी देखने को मिली थी, जिससे मुनाफा घटकर 113 करोड़ रुपए रह गया था, जो कि पिछले साल की समान अवधि में 273 करोड़ रुपए पर था। इस दौरान कंपनी की आय सालाना आधार पर 73 प्रतिशत घटकर 480 करोड़ रुपए हो गई है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 1,777 करोड़ रुपए थी। वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही में कंपनी एबिटा सालाना आधार पर 81.5 प्रतिशत कम होकर 55.2 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में 299 करोड़ रुपए पर था। इस दौरान कंपनी का मार्जिन कम होकर 11.5 प्रतिशत हो गया है,जो कि एक साल पहले समान अवधि में 16.5 प्रतिशत था।

## भारतीय शेयर बाजार ने फिर से भरी उड़ान, सेंसेक्स में 791 अंकों की उछाल



एजेंसी । मुंबई

पिछले दिन की गिरावट के बाद बुधवार के कारोबारी सत्र में भारतीय शेयर बाजार शानदार बढ़त दर्ज करते हुए हरे निशान में बंद हुआ। इस दौरान निफ्टी 50 और सेंसेक्स में 1 प्रतिशत से ज्यादा तक की तेजी देखने को मिली। बाजार बंद होने पर सेंसेक्स 790.54 अंक यानी 1.04 प्रतिशत बढ़कर 76,991.22 पर बंद हुआ, तो वहीं निफ्टी 50 197.55 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 24,021.65 पर पहुंच गया। दिन के कारोबार में सेंसेक्स ने 76,229.76 पर खुलकर 77,190.37 के दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं निफ्टी 50 23,795.80 पर खुलकर 24,090.05 का दिन का हाई टच किया। व्यापक बाजार में, निफ्टी मिडकैप और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स क्रमशः 0.10 प्रतिशत और 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। सेक्टरवार देखें तो निफ्टी आईटी और निफ्टी रियल्टी ने 2 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बेहतर प्रदर्शन किया। निफ्टी बैंक और निफ्टी प्राइवेट बैंक ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं, निफ्टी ऑटो और निफ्टी मेटल में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी 50 में सबसे ज्यादा लाभ कमाने वाली कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन, अदाणी एंटरप्राइजेज, टेक महिंद्रा, ट्रेंट और बजाज फाइनेंस शामिल थीं, जबकि बजाज ऑटो, एनटीपीसी, ओएनजीसी, टाटा स्टील और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर टॉप लूजर्स की लिस्ट में शामिल रहीं। एक बाजार विशेषज्ञ के अनुसार, निफ्टी 50 दिनभर बढ़त के साथ कारोबार करता रहा और 0.83 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,022 के स्तर पर बंद हुआ।

## भारत-अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए कई बैठकें कीं



एजेंसी । नई दिल्ली


भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए कई बैठक की हैं। इसमें दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को गहरा करने पर बातचीत की गई। यह जानकारी केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की ओर से बुधवार को दी गई। केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "अमेरिका व्यापार प्रतिनिधि एंबेसडर जेमिसन ग्रीर और उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ सुबह कई बैठक हुई हैं। इसमें भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता को लेकर प्रगति की समीक्षा की गई, साथ ही दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को गहरा करने के रास्ते तलाशे गए। उन्होंने आगे कहा कि मैं एंबेसडर ग्रीर के नेतृत्व और हमारी बातचीत को रचनात्मक और प्रगतिशील ढंग से आगे बढ़ाने में दोनों टीमों के लगातार प्रयासों की सराहना करता हूं। इससे पहले मंगलवार को गोयल ने ग्रीर और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की और एक संतुलित व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के तरीकों पर चर्चा की। गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच एक मजबूत और बढ़ती हुई आर्थिक साझेदारी है।

## अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने 31.5 लाख ग्राहकों को मानसून के संभावित व्यवधानों से बचाने के लिए कसी कमर

एजेंसी । मुंबई

अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने मानसून सीजन के दौरान संभावित बिजली व्यवधानों से अपने 31.5 लाख ग्राहकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आपदा प्रबंधन तैयारियों को और मजबूत कर दिया है। यह जानकारी कंपनी ने बुधवार को साझा की। मानसून के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने अपना सेंट्रल डिजास्टर कंट्रोल सेंटर (सीडीसीसी) सक्रिय कर दिया है। मुंबई की प्रमुख बिजली वितरण कंपनी के अनुसार, यह केंद्र पूरे मानसून सीजन के दौरान 24 घंटे काम करेगा और सभी राहत एवं प्रतिक्रिया गतिविधियों का संचालन करेगा। अदाणी इलेक्ट्रिसिटी के एक प्रवक्ता ने कहा, "हमारी टीम मानसून से जुड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। क्विक रिस्पॉन्स टीमों और सेंट्रल डिजास्टर मैनेजमेंट टीम के सहयोग से हम उपभोक्ताओं की सुरक्षा और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।






## एआई और सतत विकास मिलकर भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर में ला सकते हैं बड़ा बदलाव : इंडस्ट्री

एजेंसी । डालियान (चीन)

एआई आधारित टेक्नोलॉजी और सतत विकास मिलकर भारत के क्रिटिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। यह बयान इंडस्ट्री लीडर्स की ओर से बुधवार को दिया गया। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की 'एनुअल मीटिंग्स ऑफ द न्यू चैंपियंस' या समर दावोस के दौरान आईएएनएस से बात करते हुए, 'ट्रांसफॉर्मिंग इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम प्रोग्राम' के प्रमुख जोर्गेन सैंडस्ट्रॉम ने कहा कि भारत के पास रिन्यूएबल एनर्जी और सस्टेनेबल इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट के क्षेत्र में बड़े मौके हैं। सैंडस्ट्रॉम ने बताया कि गुजरात में मुंद्रा और हैदराबाद में एनर्जी प्रोजेक्ट्स के दौरे के दौरान, उन्होंने देखा कि भारत में कई ग्रीन एनर्जी पहलों और सस्टेनेबिलिटी पर फोकस किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए ऐसे पर्यावरण-अनुकूल प्रोजेक्ट्स को अलग-अलग क्षेत्रों और सेक्टरों में भी लागू किया जाना चाहिए।